# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 2 अगस्त 2025







# जुलाई के बिल में महंगी बिजली का झटका, ऊर्जा शुल्क में डेढ़ फीसदी की राहत भी

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को इस बार अगस्त में जो जुलाई का बिल आएगा, उसमें महंगी बिजली का झटका लगेगा, क्योंकि नए टैरिफ में 10 से 30 पैसे प्रति यूनिट बिजली महंगी हो गई है। इसी के साथ एक बड़ी राहत वाली खबर यह भी है कि पहली बार एफपीपीएएस शुल्क डेढ़ प्रतिशत माइनस में हो गया है। लगातार दूसरे माह एफपीपीएएस माइनस में है। वैसे यह तीसरी बार है जब एफपीपीएएस माइनस में है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

अप्रैल के बिल में पहली बार एफपीपीएएस शुल्क माइनस में चला गया था। ऐसे में अप्रैल का जो बिजली बिल मई में आया था, उसमें 12.61 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क नहीं देना पड़ा, लेकिन फिर जून में जो मई का बिल आया उसमें फिर से एफपीपीएएस शुल्क 7.32 फीसदी के हिसाब से लिया गया था। इसके बाद फिर से जून के बिल में एफपीपीएएस शुल्क माइनस हो गया। बिजली का नया टैरिफ जुलाई से लागू किया गया है। ऐसे में इस बार अगस्त में जो जुलाई का बिल आएगा, उसमें सभी वर्ग के उपभोक्ताओं की बिजली महंगी हो जाएगी। जहां घरेलू वर्ग के उपभोक्ताओं की बिजली को 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट महंगा किया गया है, वहीं अन्य वर्गों के उपभोक्ताओं की बिजली 30 पैसे यूनिट तक महंगी हुई है।

## पहली बार एफपीपीएएस 1.44 प्रतिशत माइनस में

### लागत हो गई कम

एक बार फिर से जुलाई के बिल में एफपीपीएएस के माइनस में जाने का कारण यह बताया जा रहा है कि इस बार बिजली उत्पादन की लागत कम होने के कारण ऊर्जा पर लगने वाला शुल्क माइनस में चला गया है। अगस्त में जो जुलाई का बिल आएगा, उसमें जून में की गई बिजली की खपत पर डेढ़ प्रतिशत के हिसाब के बिल में पैसे कम हो जाएंगे।



### अब हर माह तय होगी कीमत

प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू किया गया। बीते दो साल से उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क के नाम से हर माह झटका ही लगता रहा है। पहली बार यह झटका इस साल अप्रैल के बिल में नहीं लगा था। इसके पीछे का कारण यह है कि एनटीसीपी लारा से ली गई बिजली का 15 सौ करोड़ अंतर का पैसा बीते छह माह से उपभोक्ताओं से वसूला जा रहा था जिसके कारण एफपीपीएएस शुल्क ज्यादा लग रहा था। अब यह अंतर की राशि समाप्त हो गई है। इसलिए अप्रैल में राहत रही। लेकिन एक माह बाद फिर वापस एफपीपीएएस शुल्क लिया गया। एक बार फिर से जून के बिल में एफपीपीएएस 0.12 माइनस हो गया। ऐसे में उपभोक्ताओं को मई माह में लगा 7.32 फीसदी का शुल्क इस बार नहीं लगा। इसके पीछे का कारण पॉवर कंपनी के अधिकारी यह बता रहे हैं कि मई में खपत कम होने के कारण बाहर से ज्यादा बिजली नहीं ली गई जिसके कारण जून के बिल में मई की खपत पर लगने वाला एफपीपीएएस नहीं लिया गया।

हाईकोर्ट

## दिव्यांग से अनाचार के आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने पीड़िता की उम्र 18 वर्ष से कम साबित नहीं होने के कारण गूंगी लड़की से दुष्कर्म के आरोपी की 20 वर्ष की कैद को 10 वर्ष के कठोर कारावास में बदला है। घटना के मुताबिक उत्तर बस्तर कांकेर जिला अन्तर्गत निवासी 17 वर्षीय गूंगी लड़की 23 नवंबर 2018 को घर में नहीं थी। उसकी मौसी तलाश करते हुए मोहल्ले में आवाज दी। गांव के महेंद्र जैन के घर से चूड़ियों की आवाज आने पर उसने वहां जाकर आवाज दी गई तो युवती बदहवास सी निकली। गूंगी होने के कारण इशारों में घटना की जानकारी दी। पीड़िता की मौसी ने रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने मेडिकल जांच व साक्ष्य एकत्र कर न्यायालय में चालान पेश किया। विशेष न्यायाधीश पाक्सो ने आरोपी को धारा 342 में एक वर्ष एवं 376 पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष कठोर कैद व 5000 रु अर्थदंड की सजा सुनाई। इसके खिलाफ आरोपी ने हाईकोर्ट में अपील पेश की। जस्टिस रजनी दुबे एवं जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डीबी में सुनवाई हुई।

### 28 लाख के 'अनुदान' वितरण को लेकर बवाल, रिश्तेदारों को मिली राहत

# ईश्वर साहू ने स्वेच्छानुदान में पीएसओ के परिवार और अपनों में बांटा लाखों

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा


**साजा विधानसभा एक बार फिर सियासी बहस के केंद्र में है। विधायक ईश्वर साहू की अनुशंसा पर तैयार की गई 123 लाभार्थियों की सूची सामने आने के बाद आरोपों की बौछार शुरू हो गई है। भाजपा कार्यकर्ता सकते में हैं, कांग्रेस हमलावर है। सोशल मीडिया पर 'रिश्तेदारी अनुदान योजना' कहकर ट्रोलिंग जारी है।**

सूची का विश्लेषण करें तो पाएंगे कि राहत की यह राशि ज़रुरतमंदों के लिए कम, और विधायक समेत उनके निज सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर व सुरक्षाकर्मी के घर-परिवार के लिए ज्यादा रही। विधायक ईश्वर साहू की माता को 30 हजार रुपये, भाभियों को 30-30 हजार, निज सहायक अनुप वर्मा की भाभी को 20 हजार, दिग्विजय केशरी के भतीजे को 30 हजार और कंप्यूटर ऑपरेटर धीरज पटेल के परिवार को 20 से 40 हजार तक की आर्थिक मदद दी गई। पीएसओ ने पिता, भाई, भांजा, मितान, पुलिस मित्र समेत कई करीबी लोगों को 20 से 50 हजार तक की सहायता राशि दिलाई। पूरी सूची को देख ऐसा लगता है जैसे 'विधायक निवास' ही एकमात्र पात्र क्षेत्र घोषित कर दिया गया हो।

### गरीब आदमी, कांग्रेस को हजम नहीं हो रहा- ईश्वर

विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि गरीब परिवार से हूं, विधायक बन गया हूं, इसलिए कांग्रेस को हजम नहीं हो रहा। बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस के मंत्री-नेता जेल में है। उन्हें खुद आइना देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी आवेदन लेकर आया, हमने सभी के लिए। उस आधार पर स्वेच्छानुदान दिए जाने वालों की लिस्ट बनाई। अभी तक 2 हजार लोगों का नाम भेजा गया है। इनमें 500-700 लोगों को राशि दी जा चुकी है।





| क्र. | हितग्राही का नाम | पिता/पति का नाम | ग्राम | राशि | संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | मोहन साहू | [illegible] साहू | पतोरा | 25000 | पारिवारिक |
| 49 | [illegible] साहू | [illegible] साहू | पतोरा | 25000 | फुल बाबा |
| 51 | [illegible] साहू | [illegible] साहू | पतोरा | 25000 | [illegible] परिवार |
| 56 | संतोषी साहू | टिकवा साहू | पतोरा | 10000 | ग्रामवासी |
| 78 | नागेश्वर साहू | रामचन्द्र साहू | पतोरा | 40000 | सगा भाई |
| 80 | रामचन्द्र साहू | [illegible] साहू | पतोरा | 50000 | पिता जी |
| 101 | नारायण साहू | [illegible] साहू | पतोरा | 15000 | मित्र |
| 102 | सालिकराम | [illegible] साहू | पतोरा | 15000 | मित्र |
| 119 | [illegible] साहू | [illegible] साहू | पतोरा | 30000 | [illegible] का लड़का |
| 116 | लक्ष्मी साहू | लाला साहू | खुरुसबोड़ | 35000 | भाभा |
| 45 | लक्ष्मी साहू | लाला साहू | खुरुसबोड़ | 20000 | भाभा |
| 117 | [illegible] साहू | [illegible] साहू | खुरुसबोड़ | 30000 | दुखित साहू का [illegible] का लड़का |
| 118 | अनिता साहू | दुखित साहू | खुरुसबोड़ | 30000 | बहन |
| 92 | बलराम साहू | फगुवा साहू | [illegible] | 25000 | मामा परिवार |
| 93 | संतोष साहू | जयराम साहू | [illegible] | 25000 | मामा परिवार |
| 115 | [illegible] साहू | फगुवा साहू | [illegible] | 25000 | मामा परिवार |
| 81 | हरिशंकर साहू | [illegible] साहू | [illegible] | 40000 | [illegible] |
| 68 | हरिशंकर साहू | मुकुंद साहू | दुर्ग | 40000 | ससुराली रिश्तेदार |
| 67 | [illegible] साहू | हरिशंकर साहू | दुर्ग | 40000 | ससुराली रिश्तेदार |
| 50 | जमुना बाई | [illegible] | [illegible] | 20000 | पुलिस मित्र |
| 11 | हितेन्द्र कुमार (कम्प्यूटर आपरेटर) | नीलकंठ | रमपुरा | 20000 | रिश्तेदार |
| 12 | [illegible] (कम्प्यूटर आपरेटर) | [illegible] | रमपुरा | 20000 | रिश्तेदार हितेन्द्र का दोस्त |

### जनता का धन, जनहित में नहीं, परिवार हित में खर्च

कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि यह स्वेच्छानुदान नहीं, 'स्वजनानुदान' है। सत्ताधारी विधायक ने अपने रिश्तेदारों और परिचितों को पैसा दिलवाया है, वह भाजपा की असली नीयत उजागर करता है। आम जनता के हक को अपनों में बांट देना घोर अन्याय है। छाबड़ा ने इस सूची की स्वतंत्र जांच की मांग करते हुए कहा कि जनता के पैसों की इस लूट पर अगर सरकार चुप रही तो कांग्रेस हर मोर्चे पर आंदोलन करेगी।

### विधायक ने रिश्तेदारों को पहुंचाया फायदा: बैज

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष दीपक बैज ने साजा के भाजपा विधायक पर स्वेच्छानुदान राशि से रिश्तेदारों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर कांग्रेस ने एक लिस्ट जारी की है। आरोप है कि करीब 20 से ज्यादा नजदीकी, रिश्तेदारों को 40 हजार, 30 हजार, 25 हजार और 20 हजार रुपए तक दिए गए हैं। साजा विधायक ईश्वर साहू ने स्वेच्छानुदान का एक बड़ा हिस्सा अपने पीएसओ और पीए के रिश्तेदारों में बांट दिया है।

## सीएम करेंगे एक हजार से ज्यादा सदस्य बनाने वाले भाजपाइयों का सम्मान आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में एक हजार से ज्यादा सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को सम्मानित करेंगे। सम्मानित कार्यकर्ताओं के साथ के मुख्यमंत्री निवास पर भोज का कार्यक्रम भी होगा। सभी मंत्री, विधायक और सांसदों को भी आमंत्रित किया गया है। भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया,



बीते साल सदस्यता अभियान में निर्धारित सदस्यता लक्ष्य अर्जित करने पर कार्यकर्ताओं को सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई थी। प्रदेश के लिए निर्धारित लक्ष्य 60 लाख से ज्यादा सदस्य बनाकर इतिहास रचा है। प्रदेश संगठन की घोषणा के दृष्टिगत प्रदेश स्तर पर 1000 सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को दीप सम्मान प्रदान किया जाएगा। तीन हजार से अधिक सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को सदस्यता श्री सम्मान, 5 हजार से अधिक सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को गौरव सम्मान, 10 हजार से ज्यादा सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को सदस्यता रत्न और 20 हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को सदस्यता भूषण सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

### कार्यकर्ताओं ने किया कमाल : देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, सदस्यता अभियान में प्रदेशभर के सभी कार्यकर्ताओं ने निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा सदस्य बनाकर भाजपा के सांगठनिक आधार को दृढ़ करके सचमुच कमाल कर दिखाया है।



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, शनिवार 2 अगस्त 2025

# गोद के नियम हुए सरल और दो साल में 26 बच्चों को मिल गए पालक, इनमें 6 विदेश गए

लक्ष्मण लेखवानी ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) के तहत बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया और नियम में सरलीकरण होने के बाद अब देश के विभिन्न राज्यों के साथ विदेश में रहने वाले परिवार भी बच्चों को गोद ले रहे हैं। पिछले दो साल के दौरान छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जिले से ही 6 बच्चों को विदेश में रहने वाले परिवारों ने गोद लिया है, जिनमें दो बालक एवं 4 बालिकाएं हैं। इन बच्चों में तीन बच्चे कनाडा, दो यूएसए तथा एक सिंगापुर में गोद दिए गए हैं। प्रदेश के आंकड़े और भी उत्साहजनक हैं।

### 16 बच्चे छत्तीसगढ़ से बाहर दिए गए गोद

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत रायपुर जिले में संचालित दत्तक ग्रहण केंद्रों से पिछले करीब तीन साल में 26 बच्चे गोद दिए गए हैं। इनमें से 6 बच्चों को विदेश में रहने वाले परिवारों ने गोद लिया है। इनमें यूएसए, कनाडा और सिंगापुर जैसे देश शामिल हैं। इसके अलावा 16 बच्चे छत्तीसगढ़ से बाहर देश के दूसरे राज्यों के शहरों में दिए गए हैं, जिनमें बेंगलुरु, जबलपुर, दिल्ली, हैदराबाद, सिरसा रोड हिसार हरियाणा, नारायणपुरा बेंगलुरु कर्नाटक, नागेर बाजार कोलकाता, मोहाली पंजाब, बैतूल मध्यप्रदेश, संबलपुर ओड़िशा, मंडला मध्यप्रदेश शामिल है। इसी प्रकार 4 बच्चे प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा एवं रायगढ़ में गोद दिए गए हैं।

### 4 बच्चे प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा एवं रायगढ़ में गोद दिए गए

*प्रक्रिया-नियम सरलीकरण के बाद विदेशी नागरिक भी छत्तीसगढ़ से बच्चे ले रहे गोद*



### बालिका गोद लेने आवेदन ज्यादा

कारा के तहत गोद लेने के लिए ज्यादातर बालिका के लिए आवेदन किए जा रहे हैं। रायपुर जिले में पिछले दो साल में गोद दिए बच्चों में बालक की तुलना में बालिका की संख्या ज्यादा है। 26 बच्चों में 9 बालक तथा 17 बालिकाएं हैं, जिन्हें गोद लिया है। विदेश गए बच्चों में भी बालिका की संख्या ज्यादा है।

फैक्ट फाइल

### *विदेश में दिए बच्चे की निगरानी केंद्र स्तर पर*

*विभागीय अधिकारियों के अनुसार गोद देने की प्रक्रिया शुरू होने से लेकर ऑर्डर जारी होने तक देश के अंदर बच्चे की निगरानी जिला स्तर पर तथा विदेश में गोद दिए बच्चे की केंद्र की टीम है। गोद देने की प्रक्रिया के दौरान पूरी सावधानी बरती जाती है। इसके लिए बच्चे को एक माह से लेकर तीन माह तक ट्रायल के रूप में संबंधित परिवार को सौंपा जाता है। इस दौरान परिवार और बच्चे पर निगरानी रखी जाती है कि बच्चा जिस परिवार में गया है, वहां वह खुश है या नहीं, उसका लालन-पालन ठीक से किया जा रहा है या नहीं। इसके बाद ही जिला दंडाधिकारी अंतिम आदेश जारी करता है, जिसके बाद बच्चे को आवेदक को सौंपा दिया जाता है।*

### *विदेशी दंपती भी गोद ले रहे*

*गोद लेने की प्रक्रिया-नियम का सरकार ने सरलीकरण किया है। इसके बाद कारा के माध्यम से आसानी से देश-विदेश के जरूरतमंद दंपती या सिंगल महिला बच्चा गोद ले पा रहे हैं। विदेश में रायपुर से 6 बच्चे गोद दिए हैं।*

*- **शैल ठाकुर**, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग*

---

एसआईआर का पहला ड्राफ्ट जारी, वोटर लिस्ट पर नाम जुड़वाने के भी चांस

# बिहार में कट गए 65 लाख से ज्यादा वोटरों के नाम, सियासी घमासान, विपक्ष ने कहा- 'वोटबंदी'

निर्वाचन आयोग ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महीने भर चली विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी करने के बाद राज्य के लिए मतदाता सूचियों का मसौदा प्रकाशित किया जिसे वेबसाइट पर देखा जा सकता है। वर्तमान में चुनाव आयोग द्वारा दर्शाए आंकड़ों से यह स्पष्ट हो गया कि नई सूची में कम से कम 65 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। मतदाताओं के आंकड़े जारी होने के बाद सियासी घमासान शुरू हो गया है। विपक्षी दलों ने इसे नोटबंदी की तरह वोटबंदी करार दिया है। सत्ता पक्ष ने इसे विपक्ष की हताशा बताया।

एजेंसी ▶▶| पटना

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी मतदाता का नाम ड्राफ्ट में शामिल नहीं है या उसमें कोई त्रुटि है, तो उसे सुधारने के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। पुनरीक्षण के दौरान पूरे राज्य में बीएलओ ने घर-घर जाकर वोटरों की जांच की. जिसके बाद लाखों मृत और प्रवासी वोटरों की जानकारी सामने आई। निर्वाचन आयोग ने जांच के बाद लाखों वोटरों का नाम ड्रॉफ्ट वोटर लिस्ट से हटा दिए है। दावा-आपत्ति के लिए एक महीने का समय दिया गया है। एक महीने की समय सीमा पूरा होने के बाद फाइनल वोटर लिस्ट जारी होगी। जिससे राज्य के आगामी सभी चुनावों में वोटर अपने मत का उपयोग करेंगे। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 'कुत्ते' बन रहे वोटर, 60 लाख इंसान बाहर!

बिहार में वोटर लिस्ट पर टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया है कि एक तरफ कुत्ते को आवासीय सर्टिफिकेट मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर 60 लाख असली नागरिकों के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं। उन्होंने इसे एसआईआर नहीं, बल्कि चुनाव आयोग और बीजेपी की 'अदृश्य धांधली' बताया है।




### चुनाव आयोग ने बताए पूरे आंकड़े

चुनाव आयोग के अनुसार यह प्रक्रिया 25 जुलाई तक पूरी हुई जिसमें 7.23 करोड़ मतदाताओं ने अपने गणना प्रपत्र जमा कर दिए, जबकि 35 लाख मतदाता "स्थायी रूप से पलायन कर गए या उनका कोई पता नहीं चला।" इस दौरान पता चला कि 22 लाख अन्य मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। सात लाख लोग एक से ज़्यादा मतदाता सूची में मतदाता के रूप में पंजीकृत थे। निर्वाचन आयोग ने यह भी दावा किया कि 1.2 लाख मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा नहीं किये।

### बिहार में 65.64 लाख वोटरों के नाम कटे

वेबसाइट पर जारी की गई बिहार की ड्रॉफ्ट वोटर लिस्ट के अनुसार बिहार में करीब 65.64 लाख वोटरों के नाम कटे हैं। चुनाव आयोग के बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन के पहले चरण के आंकड़े के अनुसार, कुल मतदाताओं की संख्या घटकर 7.24 करोड़ रह गई।

### संसद में विपक्षी नेताओं ने किया प्रदर्शन

विपक्षी गठबंधन के कई घटक दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का विरोध करते हुए संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। संसद के 'मकर द्वार' के निकट आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी वाड्रा और कई अन्य दलों के सांसद शामिल हुए।

## आयोग करा रहा भाजपा के लिए वोट चोरीः राहुल
## आयोग ने कहा- बे सिर-पैर की बातें, ध्यान न दें

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग 'वोट चोरी' में शामिल है और इस बारे में उनके पास ऐसा पुख्ता सबूत है जो 'एटम बम' की तरह है जिसके फटने पर आयोग को कहीं छिपने की जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि आयोग भारतीय जनता पार्टी के लिए 'वोट चोरी' करा रहा है। राहुल ने कहा- 'वोट चोरी' में जो भी शामिल होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। आपको हम छोड़ेंगे नहीं। वहीं राहुल गांधी के बयान के बाद चुनाव आयोग ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसी बातें निराधार और बेसिर-पैर वाली हैं। आयोग ने अपने अधिकारियों से कहा कि वे ऐसी बातों को इग्नोर करें और निष्पक्षता से काम करें।



### संवैधानिक संस्था को धमकाने का प्रयास


निर्वाचन आयोग ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा लगाए 'वोट चोरी' संबंधी आरोप निराधार हैं। इन "गैर-ज़िम्मेदाराना" टिप्पणियों को नजरअंदाज़ किया जाना चाहिए। आयोग ने कहा इन दिनों इस तरह के आरोप आम हो गए हैं, जिनका कोई ठोस आधार नहीं होता। आयोग सभी चुनाव अधिकारियों से ऐसे गैर-ज़िम्मेदाराना बयानों को इग्नोर करने और निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से काम करने का अनुरोध करता है।

---

### मोदी और शाह से मिले मुख्यमंत्री साय

छत्तीसगढ़ में चल रही योजनाओं की दी जानकारी

## 1 नवंबर को अमृत रजत महोत्सव के लिए न्यौता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री मोदी को 1 नवंबर 2025 को रायपुर में आयोजित अमृत रजत महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आमंत्रित किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार की भावी योजनाओं, विकास की प्राथमिकताओं और जनकल्याण से जुड़े प्रमुख विषयों की जानकारी भी दी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में राज्य गठन की 25वीं वर्षगांठ अमृत रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक होगा और प्रधानमंत्री की गरिमामयी ▶▶| शेष पेज 6 पर



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने संसद भवन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की। साय ने छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, माओवादी चुनौती से निपटने की रणनीति सहित विभिन्न विषयों पर शाह से चर्चा की।

### हाईकोर्ट ने शासन को लगाई फटकार

## संविदा कर्मचारियों को भी मातृत्व अवकाश के दौरान वेतन पाने का अधिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने संविदा पर कार्यरत स्टाफ नर्स को मातृत्व अवकाश के वेतन भुगतान में शासन की लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए कड़ी नाराजगी जताई है। न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने स्पष्ट शब्दों में शासन से पूछा कि पूर्व में पारित आदेश के बावजूद अब तक वेतन भुगतान क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने शासन को निर्देशित किया कि वह अविलंब ▶▶| शेष पेज 6 पर

■ अगली सुनवाई 17 अगस्त को

### यथाशीघ्र आदेश का पालन करने के निर्देश

इस पर हाईकोर्ट ने 10 मार्च 2025 को आदेश पारित कर शासन को तीन माह के भीतर याचिकाकर्ता के वेतन भुगतान पर निर्णय लेने का निर्देश दिया था। आदेश के बावजूद शासन द्वारा वेतन भुगतान न करने पर याचिकाकर्ता ने अवमानना याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कहा कि यह मामला संविदा कर्मचारियों के अधिकारों की अनदेखी का गंभीर उदाहरण है। संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को भी मातृत्व अवकाश के दौरान वेतन पाने का वैधानिक अधिकार है, जिसे नजरअंदाज करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा

## शाहरुख-विक्रांत मैसी बने बेस्ट एक्टर, 'कटहल' बेस्ट हिंदी फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स में से एक नेशनल अवॉर्ड्स का ऐलान हुआ। नेशनल अवॉर्ड्स की ज्यूरी ने सूचना और प्रसारण विभाग के मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरुगन को इससे जुड़ी रिपोर्ट पेश की थी। इसके बाद जूरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 51वें विजेताओं का ऐलान किया। नेशनल अवॉर्ड में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड रानी मुखर्जी को मिला तो वहीं, शाहरुख खान और विक्रांत मैसी ने बेस्ट एक्टर के नेशनल अवॉर्ड जीते। इसके अलावा फिल्म '12वीं फेल' को बेस्ट फीचर फिल्म तथा कटहल को बेस्ट हिंदी फिल्म का अवॉर्ड मिला। ये शाहरुख खान, रानी मुखर्जी और विक्रांत मैसी तीनों ही का पहला नेशनल अवॉर्ड है।

### शाहरुख जवान और मैसी 12वीं फेल के लिए पुरस्कृत



अभिनेता शाहरुख खान ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया है। उन्हें उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' के लिए यह पुरस्कार मिला है, जो 7 सितंबर, 2023 को रिलीज हुई थी। खास बात यह है कि 33 साल के लंबे करियर में यह शाहरुख का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है। इतना ही नहीं, शाहरुख के अलावा विक्रांत मैसी को उनकी सुपरहिट फिल्म '12वीं फेल' (2023) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला है।

### सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म बनी 'कटहल'

'कटहल' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार मिला है। इस फिल्म में सान्या मल्होत्रा, राजपाल यादव, नेहा सराफ और विजय राज जैसे कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन यशोवर्धन मिश्रा ने किया है, वहीं एकता कपूर फिल्म की निर्माता हैं। यह फिल्म 19 मई, 2023 को रिलीज हुई थी।

### इनको भी नवाजा गया पुरस्कारों से

तीनों एक्टर के अलावा सान्या मल्होत्रा की फिल्म 'कटहल' को बेस्ट हिंदी फिल्म का अवॉर्ड मिला। रणबीर कपूर स्टारर डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' ने साउंड डिजाइन और बैकग्राउंड स्कोर की कैटेगरी में अवॉर्ड्स अपने नाम किए। अदा शर्मा की फिल्म 'द केरल ▶▶| शेष पेज 6 पर

### रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार



अभिनेत्री रानी मुखर्जी को फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार देने का ऐलान किया गया है। इस फिल्म की कहानी सागरिका भट्टाचार्य की है, जिन्होंने अपने बच्चों को नॉर्वे प्रशासन के नियंत्रण से छुड़ाने के लिए संघर्ष किया।



बॉर्डर पर चीन को कूटनीतिक जवाब

बीआरओ के 'प्रोजेक्ट दंतक' के तहत बनी है यह सड़क

# भूटान में डोकलाम के पास भारत ने बनाया स्ट्रैटेजिक रोड, हुआ उद्घाटन



**नई दिल्ली।** भारत लगातार अपनी सीमाओं और पड़ोसी देशों में बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहा है, खासकर चीन के साथ सीमा पर। हाल ही में भारत ने भूटान के हा घाटी में एक खास सड़क बनाई है, जो डोकलाम के पास है। भूटान के प्रधानमंत्री तोबगे त्शेरिंग ने 1 अगस्त 2025 को इस सड़क का उद्घाटन किया। यह सड़क न सिर्फ भूटान के लिए फायदेमंद है, बल्कि भारत के लिए भी रणनीतिक ताकत बढ़ाएगी। यह सड़क बीआरओ के 'प्रोजेक्ट दंतक' के तहत बनी है। प्रोजेक्ट दंतक 1960 के दशक से भूटान में काम कर रहा है और भूटान के विकास में बड़ा योगदान दे रहा है। इस सड़क में 5 नए पुल बनाए गए हैं, जो इसे हर मौसम में चलने लायक बनाते हैं। हाल ही में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भूटान का दौरा किया। हा घाटी की सड़क के बारे में जानकारी ली।

### इस सड़क के लाभ

बीआरओ के डीजीबीआर (निदेशक जनरल बॉर्डर रोड्स) लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन भी भूटान में हैं, जहां उन्होंने राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री तोबगे त्शेरिंग से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने दंतक की भूटान के विकास में भूमिका की तारीफ की। 2017 के डोकलाम टकराव के बाद भूटान में सड़क निर्माण का काम तेज हो गया है। बीआरओ कई और प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है ताकि सीमा क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बेहतर हो सके।



### भारत-भूटान का रिश्ता और चीन का चैलेंज

भारत और भूटान के बीच गहरी दोस्ती है। भूटान भारत का पड़ोसी देश है। चीन के बढ़ते प्रभाव का सामना कर रहा है। 2017 में डोकलाम के दौरान भूटान ने भारत का साथ दिया था, जो इस दोस्ती की मिसाल है। भारत भूटान में सड़कें और बिजली जैसे प्रोजेक्ट्स में निवेश कर रहा है, ताकि दोनों देशों की साझा सुरक्षा मजबूत हो सके। चीन ने डोकलाम और आसपास के इलाकों में सड़कें और गांव बनाए हैं, जो भारत के लिए चिंता का विषय है। हा घाटी की सड़क भारत को यह मौका देती है कि वह अपनी सेना और संसाधनों को तेजी से तैनात कर सके, अगर चीन ने कोई कदम उठाया तो. यह सड़क भूटान की सेना के लिए भी चंबी घाटी तक पहुंच को आसान बनाएगी।

### ये है फायदे

- **सैन्य फायदा:** इस सड़क से भारतीय और भूटानी सेना को तेजी से गति मिलेगी, खासकर चीनी सीमा के पास
- **लॉजिस्टिक्स:** सैन्य सामान और आपूर्ति आसानी से पहुंचेगी
- **पर्यटन और अर्थव्यवस्था:** यहां घाटी एक खूबसूरत इलाका है यह सड़क पर्यटन को बढ़ावा देगी, जिससे भूटान की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी
- **चीन के खिलाफ रणनीति:** यह सड़क भारत को चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने में मदद करेगी

### यह सड़क क्यों खास है?

यह सड़क भूटान के हा घाटी को जोड़ती है, जो डोकलाम से सिर्फ 21 किलोमीटर दूर है। डोकलाम 2017 में भारत और चीन के बीच एक बड़े टकराव का गवाह रहा था। इस सड़क को बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) ने लगभग 254 करोड़ रुपये की लागत से बनाया है।

### डोकलाम संकट

2017 का सबक

2017 में डोकलाम में एक बड़ा विवाद हुआ था। चीन ने जम्फेरी रिज तक सड़क बनाने की कोशिश की थी, जो भूटान और भारत के लिए खतरे की बात थी। भारतीय सेना ने इसका विरोध किया और 'ऑपरेशन जूनिपर' चलाया। भारतीय सैनिकों ने डोकलाम पहुंचकर चीनी सैनिकों को सड़क बनाने से रोका। 72 दिन तक चले इस टकराव के बाद चीन को पीछे हटना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### प्रसिद्ध फुटबालर मेसी फिर आएंगे भारत, दिसंबर में तीन शहरों का दौरा



**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे। मेसी 14 साल के लंबे समय के बाद भारत आ रहे हैं। वो 13 से 15 दिसंबर तक भारत में रहेंगे और कुल तीन शहरों का दौरा करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, मेसी 13 से 15 दिसंबर तक कोलकाता, दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम 14 दिसंबर को एक इवेंट में शामिल होंगे।

### संस्कृत को बोलचाल की भाषा बनाना जरूरी



**नागपुर।** नागपुर के कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में एक नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में मोहन भागवत पहुंचे। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत की सभी भाषाओं की जननी संस्कृत है। अब समय आ गया है कि इसे बोलचाल की भाषा बनाया जाए। नागपुर में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि संस्कृत को केवल समझना नहीं, बोलना भी आना चाहिए। भागवत ने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय को सरकार का सहयोग तो मिलेगा ही लेकिन असली जरूरत लोगों के सहयोग की है।

### ऑनलाइन गेम में 2800 हारने पर सातवीं के छात्र ने लगा ली फांसी

**हरिभूमि न्यूज:नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश के इंदौर में अब मोबाइल पर खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम बच्चों की मौत की वजह भी बन रहे है। इंदौर में सातवीं कक्षा के छात्र ने सिर्फ इसलिए फांसी लगा ली क्योकि वह गेम में 2800 रुपये हार गया था। वह डर गया था कि जब परिजनों को यह बात पता चलेगी तो वह उसे डांटेंगे। छात्र ने गेमिंग आईडी से अपनी मां का डेबिड कार्ड लिंक कर रखा था। हारी गई राशि कार्ड में से ही कटी थी। छात्र ने इस बात का इतना तनाव ले लिया कि उसने घर में फांसी लगा ली। अब उसके परिजन सदमे में है। छात्र अक्सर मोबाइल पर गेम खेलता था।

विपक्ष ने जमकर काटा बवाल, फिर ठप हुई कार्यवाही

# बिहार में वोटर लिस्ट, संसद के भीतर-बाहर जमकर हंगामा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद का मॉनसून सत्र बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (सर) के मुद्दे पर पूरी तरह से धुलता दिख रहा है। ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़ दें तो संसद में कामकाज पूरी तरह से ठप है। शुक्रवार को लगातार नौवें दिन विपक्षी सांसदों ने सर पर चर्चा की मांग को लेकर संसद के बाहर प्रदर्शन किया। संसद के अंदर भी यह विरोध प्रदर्शन जारी रहा और कार्यवाही फिर ठप हो गई। मॉनसून सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी और शुक्रवार को सदन की कार्यवाही का 10वां दिन है। सदन में इस दौरान केवल दो दिन, मंगलवार और बुधवार को प्रश्नकाल निर्बाध तरीके से पूरा चला। सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा और मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने संबंधी सांविधिक संकल्प को मंजूरी के अलावा अन्य कोई महत्वपूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो सका।

### खास बातें

- 21 जुलाई को हुई थी मॉनसून सत्र की शुरुआत
- 10 दिनों में केवल दो दिन प्रश्नकाल चला है निर्बाध
- विपक्ष इस मुद्दे पर कर रहा है चर्चा की मांग

### स्पीकर से मिले राहुल-प्रियंका

राज्यसभा में उप सभापति ने विपक्ष की चर्चा की मांग यह कहते हुए खारिज कर दी कि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए इस पर चर्चा संभव नहीं है। इस बीच लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के बाकी सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक विपक्षी सांसदों ने स्पीकर से संसद के दोनों सदनों में एसआईआर पर चर्चा करने की मांग की।

### सांसदों को रोकने राज्यसभा में कमांडो भड़की कांग्रेस

राज्यसभा में बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे जमकर गहमा-गहमी रही। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सदस्यों को रोकने के लिए कमांडो बुलाए गए। यह लोकतंत्र के इतिहास काला दिन है। पार्टी अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस मुद्दे पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश को लेटर लिखा। इसमें उन्होंने कहा, 'हम इस बात से हैरान हैं कि जिस तरह से सीआईएसएफ कर्मियों को सदन के वेल में लाया गया, यह बेहद आपत्तिजनक है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, आज कमांडो तैनात किए गए। कोई कह रहा है कि यह सीआईएसएफ है, कोई कुछ और कह रहा है। उन जवानों ने सदस्यों को स्टाफ से मिलने से रोका। हमारी महिला सदस्यों को पुरुषों जवानों ने रोका। सब कुछ कैमरे में कैद है।

### रिजिजू ने दी सफाई

कांग्रेस के इस आरोप पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मुझे जो जानकारी मिली है। उसके मुताबिक कुछ सदस्य हंगामा करते हुए आक्रामक हो गए थे। सिर्फ उन्हें रोका गया था।

### लोकसभा में हंगामा, बिरला की नसीहत

लोकसभा में शुक्रवार को हंगामा कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों को नसीहत देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि जनता ने आपको इतना बड़ा अवसर दिया है, इसे नारेबाजी करके और तख्तियां दिखाकर मत गंवाइए। शुक्रवार को भी कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद एसआईआर के मुद्दे पर नारेबाजी करने लगे। वे सदन में इस विषय पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। उनके हंगामे के कारण बैठक कुछ ही मिनट में दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई और प्रश्नकाल नहीं चल सका। बैठक स्थगित करने की घोषणा से पहले अध्यक्ष बिरला ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से कहा, 'सदन की गरिमा को बनाकर रखिए। यह गलत तरीका, गलत आचरण और गलत व्यवहार है।'

3000 करोड़ के लोन फ्रॉड मामले में बढ़ी मुश्किलें, 5 को पूछताछ

# अंबानी को लुकआउट नोटिस जारी, देश छोड़ने की अनुमति नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**नई दिल्ली।** 3000 करोड़ रुपये से जुड़े कथित लोन फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रिलायंस समूह के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल अंबानी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज (शुक्रवार) को उनके ख़िलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया है। अब वह अदालत के अनुमित के बिना भारत से बाहर नहीं जा सकते। ईडी के द्वारा ये कार्रवाई उनकी कंपनियों पर की गई लगातार छापेमारी, धोखाधड़ी के आरोप और एक केंद्रीय एजेंसी द्वारा जारी समन के बाद सामने आई है। ईडी की शुरुआती जांच में सामने आया है कि अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियां ने एक योजना के तहत सरकारी पैसों का गलत इस्तेमाल किया और बैंकों को धोखा दिया। आरोप है कि 2017 से 2019 के बीच यस बैंक से मिले करीब 3000 करोड़ रुपये के लोन को गलत तरीके से दूसरी जगह भेजा गया।



### ऐसे पैदा हुआ शक

अधिकारियों का कहना है कि लोन मिलने से ठीक पहले, यस बैंक के प्रमोटरों से जुड़ी कंपनियों को पैसे भेजे गए। इससे शक पैदा हुआ कि अधिकारियों और लोन लेने वाली कंपनियों के बीच कोई साठगांठ है। यानि रिश्वत या फेवर का लेनदेन हुआ हो सकता है। ईडी अब अनिल अंबानी की कंपनियों और येस बैंक के प्रमोटरों के बीच रिश्तों की जांच कर रही है। जांच में ये सामने आया है कि लोन देने के समय नियमों का सही पालन नहीं किया गया। कई दस्तावेज पुराने तारीख़ में बनाए गए, बिना पूरी जांच के निवेश किए गए और बैंक की अपनी लोन नीति का भी उल्लंघन किया गया।

### सेबी की रिपोर्ट में भी गंभीर आरोप


कई नियामक और वित्तीय निकायों ने अपने निष्कर्ष ईडी के साथ साझा किए हैं, जिनमें नेशनल हाउसिंग बैंक (एनएचबी), सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी), नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (एनएफआरए) और बैंक ऑफ बड़ौदा शामिल हैं। सेबी ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप की कंपनी, रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) में गंभीर अनियमितताओं को उजागर करने वाली एक रिपोर्ट पेश की है।

कोर्ट में फूट-फूट कर रोया पूर्व पीएम का पोता

# प्रज्वल रेवन्ना दुष्कर्म मामले में दोषी करार, सजा का आज होगा ऐलान

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

पूर्व सांसद और निलंबित जेडीएस नेता प्रज्वल रेवन्ना को शुक्रवार को बंगलूरू की एक विशेष अदालत ने दोषी ठहराया। उसे चार यौन शोषण और दुष्कर्म के मामलों में से एक में दोषी ठहराया गया है। बताया गया कि जब उसे दोषी ठहराया गया तब वो कोर्ट में ही फूट-फूट कर रोया। मामले में विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट शनिवार को सजा की घोषणा करेंगे। मामला 48 साल की एक महिला से जुड़ा हुआ है, जो हासन जिले के होलेनरसीपुरा स्थित परिवार के गन्निकाडा फार्महाउस में सहायिका के रूप में काम करती थी। 2021 में उसके साथ कथित तौर पर दो बार दुष्कर्म किया गया। आरोपी ने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड भी किया।



जेडीएस संरक्षक देवेगौड़ा का पोता दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ चार अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। उनके खिलाफ मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा का पोता है।

### मामला कब समने आया?

मामले तब प्रकाश में आए, जब प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित अश्लील वीडियो वाले पेन-ड्राइव कथित तौर पर हासन में 26 अप्रैल, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले प्रसारित किए गए। प्रज्वल को पिछले साल 31 मई को जर्मनी से बंगलूरू हवाई अड्डे पर पहुंचने पर होलेनरसीपुरा टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले के सिलसिले में एसआईटी ने गिरफ्तार किया था।

### 2024 के लोकसभा चुनावों में झेली हार

रेवन्ना 2024 के लोकसभा चुनावों में हासन संसदीय क्षेत्र पर जीत हासिल करने में विफल रहा था। उसके खिलाफ दर्ज मामलों के बाद जेडीएस ने उसे पार्टी से निलंबित कर दिया था।

नंदिनी थाना क्षेत्र के मदर टेरेसा मिशन स्कूल का मामला

# राधे-राधे कहने पर मासूम छात्रा के मुंह में टेप बांधने वाली स्कूल प्राचार्या गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नंदिनी स्थित मिशन के मदर टेरसा अंग्रेजी स्कूल में छात्रा के राधे-राधे बोलने पर प्राचार्या द्वारा मुंह पर पट्टी लगाकर पिटाई करने के मामले में पुलिस ने प्राचार्या को गिरफ्तार किया है। सूचना पर बजरंग दल के कार्यकर्ता, परिजन मौके पर पहुंचे और स्कूल में जमकर बवाल हुआ।ष मिली जानकारी के मुताबिक मदर टेरसा स्कूल की नर्सरी में पढ़ने वाली मासूम छात्रा ने सिर्फ राधे-राधे कहने पर उसके साथ प्राचार्या द्वारा पिटाई कर, मुंह पर टेप लगाने की जानकारी परिजनों को दी। छात्रा के हाथ में भी मारा गया। जिसके बाद परिजनों ने सीधे नंदिनी पुलिस थाने में शिकायत की।



उक्त स्कूल बागडूमर ग्राम में संचालित है। परिजनों का आरोप है कि स्कूल की प्राचार्या इला इवन कौलवीन ने छात्रा के राधे-राधे कहने पर मुंह पर 15 मिनट तक टेप लगाए रखा और उसे मारा। छात्रा के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। छात्रा के पिता प्रवीण यादव ने पुलिस में की गई शिकायत में बताया है कि उनकी तीन साल की बेटी गर्विता यादव बागडूमर गांव के मदर टेरेसा अंग्रेजी मीडियम स्कूल में नर्सरी क्लास में पढ़ती है। बच्ची रोज की तरह घटना के दिन भी स्कूल गई थी। बच्ची ने सिखाई गई हिंदू परंपरा के अनुसार 'राधे-राधे' बोलकर अभिवादन किया। इस पर प्राचार्या नाराज हो गई। बच्ची के मुंह पर टेप चिपका दिया, साथ ही उसे पीटा भी।

### बेटी के पूछने पर दी जानकारी

बेटी स्कूल से घर आई तो सो गई। उठने पर उससे मैंने पूछा क्या हुआ बेटा, बोली मिस ने हाथ पर मारा है, उससे चोट लगी है। चोट के निशान है, राधे-राधे कहने पर मुंह पर टेप लगा दिया। तब स्कूल कॉल करने पर पढ़ाई नहीं करने की बात बताई गई।

**- प्रवीण यादव,** पिता

गिरफ्तार किया गया

परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम कर लिया है। स्कूल की प्राचार्या को गिरफ्तार किया गया है। बच्ची के हाथ में मारा और मुंह पर टेप 15 मिनट लगाए रखा था।

**- पद्मश्री तंवर,** एएसपी

बढ़ती भीड़ और ट्रैफिक की समस्या के चलते लोकल सरकार का फैसला

पर्यटकों के लिए लाया गया नया नियम

# पहाड़ों की रानी मसूरी जाने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड सरकार ने क्वीस ऑफ हील्स यानी मसूरी आने वाले पर्यटकों के लिए नया नियम लागू कर दिया है। राज्य पर्यटन विभाग ने मसूरी में बढ़ती भीड़ और ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए पर्यटकों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है। ये नया नियम 30 जुलाई से लागू हो गया है। बताया जा रहा है कि मसूरी में तीन स्थानों- किमाड़ी, केंप्टी फॉल और कुठाल गेट पर ऑटोमेटेड नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर) कैमरे लगाए गए हैं जो वाहनों की नंबर प्लेट को रिकॉर्ड करेंगे। ये सिस्टम ट्रैफिक प्रबंधन में मदद करेगा।

### लंबे पीक होता है पिक टाइम

उत्तराखंड के पर्यटन सचिव धीरज गर्ब्याल ने बताया कि मसूरी में पर्यटकों का आगमन खासतौर पर गर्मियों की छुट्टियों, सर्दियों की छुट्टियों और लंबे वीकेंड के दौरान पीक पर होता है। 'एनजीटी के आदेश के बाद हम मसूरी की वहन क्षमता का आकलन करने के लिए डेटा एकत्र कर रहे हैं। इस रजिस्ट्रेशन सिस्टम से हमें ये पता चलेगा कि एक वक्त में कितने पर्यटक मसूरी में मौजूद हैं।' अभी रजिस्ट्रेशन कंपलसरी नहीं है और इसे शुरुआती चरण में लचीला रखा गया है। होटल अपने गेस्टों के लिए भी रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।



### होटल, गेस्ट हाउस के मालिकों को दी जानकारी

वहीं, जिला पर्यटन अधिकारी बृजेन्द्र पांडे ने बताया कि होटल, गेस्ट हाउस, होमस्टे और अन्य ऐसी सुविधाओं को पहले पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करना होगा और चेक-इन के समय अपने मेहमानों का पंजीकरण करना होगा। उन्होंने बताया कि ये फैसला मसूरी में बढ़ती भीड़भाड़ और ट्रैफिक की समस्या से बचने की दिशा में लिया गया है। पांडे ने कहा कि नया नियम इसलिए लागू करना पड़ा है, क्योंकि 2022 और 2024 के बीच शहर में आने वाले पर्यटकों की संख्या दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि इस कदम से शहर में पर्यटकों की संख्या के बारे में वास्तविक वक्त का डेटा मिल सकेगा। होटल मालिकों को नए नियम का पालन करने के लिए कहा गया है।

### रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया

रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया बेहद आसान है। पर्यटकों को पोर्टल **registrationtouristcare.uk.gov.in** पर जाकर रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसमें आधार कार्ड नंबर, वाहन (टू-व्हीलर या फोर-व्हीलर) का विवरण और अपने शहर का नाम दर्ज करना होगा।

निमिषा मामले में सरकार ने मीडिया से कहा, अफवाह से रहें दूर

# फांसी की सजा पूरी तरह से रद्द करने वाली खबरें गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को पुष्टि की कि यमन में भारतीय नागरिक निमिषा प्रिया की फांसी स्थगित कर दी गई है। हालांकि, यह भी साफ किया कि फांसी की सजा को पूरी तरह से रद्द किए जाने वाली खबरें गलत हैं। मंत्रालय ने जनता और मीडिया से इस मामले में प्रसारित हो रही अपुष्ट रिपोर्टों और गलत सूचनाओं से दूर रहने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार प्रिया और उसके परिवार को



हर संभव सहायता प्रदान कर रही है और इस मुद्दे को सुलझाने के लिए स्थानीय अधिकारियों और मित्र सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है। 'यह एक संवेदनशील मामला है। पहले 16 जुलाई को होने वाली फांसी को भारत सरकार के नेतृत्व में राजनयिक हस्तक्षेप और बातचीत के बाद स्थगित कर दिया गया था।

रायपुर
शनिवार, 2 अगस्त 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष नवमी
वर्ष : 24, अंक : 17
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.4
न्यून. 24.7

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

03 एक्टिंग के लिए बीच में छोड़ दी पढ़ाई



विचार पेज
02 भूकंप-सुनामी दे रहे खतरनाक...

# सिर में भयानक दर्द और कानों में बजती थी सीटी, देश में रायपुर एम्स पहला, जहां हुआ सफल इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

सिर की असहनीय पीड़ा और कानों में सीटी सहित गूंजने वाली विभिन्न तरह की आवाजों से असामान्य हो चुकी 38 साल की महिला को एम्स के चिकित्सकों ने नया जीवन प्रदान किया। महिला सेरिब्रोस्पाइनल फ्लुइड (सीएसएफ)-वेनस फिस्टुला (सीएसएफ-वीएफ) नामक मस्तिष्क की दुर्लभ बीमारी से पीड़ित थी। दावा किया जा रहा है कि इस बीमारी की पहचान हाल ही में हुई है और भारत में इसके आधा दर्जन से कम मामले सामने आए हैं।

## हाल ही में पहचानी गई है बीमारी, देश में अब तक आधा दर्जन मामले

### इलाज में इनकी भूमिका

मस्तिष्क की इस दुर्लभ बीमारी के इलाज में न्यूरो सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. सुखरिया सरवनन, डॉ. निहार विजय काठरानी और डॉ. ऋचा सिंह, एनीस्थिसिया विभाग से डॉ. सुब्रत सिंघा, डॉ. वंकडवथ लावण्या, डॉ. अनन्या राव, एवं डॉ. हाशिल, डॉ. सरोज कुमार पाटी, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. अमीन अंसारी, डॉ. क्रोहित यादव सहित का अन्य का विशेष योगदान रहा।

- न्यूरो रेडियोलॉजी तकनीक से हुआ इलाज, मरीज अब पूरी तरह सामान्य
- महिला की दैनिक जीवन की गतिविधियां हो गई थीं प्रभावित



### संस्थान की बहुविषयक क्षमता का प्रमाण

एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक जिंदल ने कहा कि यह मामला संस्थान की बहुविषयक क्षमता और अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक व इंटरवेंशनल सुविधाओं का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भारत में दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल विकारों के उपचार में नया मापदंड स्थापित करती है।

उपचार की प्रक्रिया न्यूनतम इनवेसिव इंटरवेंशनल न्यूरो रेडियोलॉजी तकनीक से हासिल की गई। महिला की दैनिक जीवन की गतिविधियां इसकी वजह से प्रभावित हो गई थीं। समस्या लेकर एम्स पहुंची, जहां उसकी जांच न्यूरोसर्जरी, न्यूरोलॉजी और रेडियोलॉजी विभाग के चिकित्सकों की टीम द्वारा की गई। न्यूरोइमेजिंग जांच से पता चला कि मरीज स्पॉन्टेनियस इंट्राक्रेनियल हाइपोटेंशन (एसआईएच) से ग्रसित थी। इसकी वजह से उसका मस्तिष्कमेरु द्रव (सीएसएफ) रीढ़ की हड्डी से सीधे शिरापरक प्रणाली में लीक होता है। इंटरवेंशनल न्यूरो रेडियोलॉजिस्ट की टीम ने दाहिने फीमोरल वेनस एक्सेस से बिना टांकों के, न्यूनतम इनवेसिव एंडोवास्कुलर प्रक्रिया कर ⏭ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले सुझाव मांगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने लगातार 12वें स्वतंत्रता दिवस संबोधन से दो सप्ताह पहले लोगों से उन विषयों पर अपने विचार साझा करने को कहा, जिन्हें वह इस साल के स्वतंत्रता दिवस के भाषण में सुनना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि वे अपने सुझाव 'माईगव' और 'नमो ऐप' के माध्यम से साझा करें।



### अमरनाथ यात्रा तीन अगस्त तक स्थगित

**श्रीनगर/जम्मू।** जम्मू क्षेत्र में भारी बारिश के बाद अमरनाथ तीर्थयात्रा के दोनों मार्गों पर मरम्मत और रखरखाव का काम जारी होने के कारण अमरनाथ यात्रा 3 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम मार्ग से तीर्थयात्रा स्थगित रही जबकि बालटाल मार्ग से यात्रा की अनुमति दी गई। हालांकि, भारी बारिश के कारण बाद में बालटाल मार्ग से भी यात्रा स्थगित कर दी गई।

### ले.जन. पुष्पेंद्र सिंह थलसेना के उप प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने थलसेना के नए उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। थलसेना में उनका 35 साल से अधिक का शानदार करियर रहा है। उन्होंने भारत के प्रमुख सैन्य अभियानों में सेवाएं दी हैं। उन्होंने 'ऑपरेशन पवन', 'ऑपरेशन मेघदूत', 'ऑपरेशन ऑर्किड' और 'ऑपरेशन रक्षक' में भी सेवाएं दीं।



### पाक में डाकुओं के हमले में पांच पुलिसकर्मियों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भारी हथियारों से लैस कई दर्जन डाकुओं ने एक पुलिस चौकी पर हमला किया जिसमें विशिष्ट बल के पांच पुलिसकर्मी तथा एक डाकू मारा गया। पुलिस महानिरीक्षक उस्मान अनवर ने बताया कि राकेट लॉचर और ग्रेनेड से लैस करीब 40 डाकुओं ने रहीम यार खान में शेखानी पुलिस चौकी पर हमला कर किया। मारे गए तीन अधिकारी बहावलनगर से थे, जबकि अन्य दो रहीम यार खान से थे।

### मानहानि मामले में कंगना को झटका, याचिका खारिज

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने भाजपा सांसद कंगना रनौत की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने उनके खिलाफ मानहानि की शिकायत और बठिंडा की एक अदालत द्वारा जारी समन आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया था। उन्होंने किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान अशोभनीय टिप्पणी की थी।



## शेयर बाजार में दूसरे दिन भी गिरावट, सेंसेक्स 586 और निफ्टी में 203 अंकों की गिरावट

# ट्रंप ने टैरिफ के लिए भारत को दिया हफ्तेभर का समय, पाक-बांग्लादेश का घटाया टैक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 68 देशों और यूरोपीय संघ के 27 देशों पर नए टैरिफ लगाने वाले कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। टैरिफ 7 अगस्त से लागू होंगे। ट्रंप ने कई देशों से आने वाले सामानों पर अलग-अलग टैरिफ दरें लागू की हैं, जो 10 प्रतिशत से लेकर 41 प्रतिशत तक है। आदेश की सूची में जो देश छूट गए हैं, उन पर 10 प्रतिशत टैरिफ लागू होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जबकि हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान और बांग्लादेश का टैरिफ घटा दिया है। ट्रंप की घोषणा के बाद भारतीय शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 586 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में भी 203 अंकों की गिरावट दर्ज की गई।

गौरतलब है कि ट्रंप ने पिछली बार 2 अप्रैल को टैरिफ सूची जारी कर पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत और बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। अब नई टैरिफ सूची में पाकिस्तान को 10 प्रतिशत छूट देकर 19 प्रतिशत और बांग्लादेश को 17 प्रतिशत छूट देकर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। अमेरिकी शुल्क संबंधी चिंताओं और वैश्विक बाजारों में व्यापक बिकवाली के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 586 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में भी 203 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी सरकार के 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ऐलान ⏭ शेष पेज 6 पर

### भारत से क्यों नाराज हैं ट्रंप?

ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाते हुए कहा कि भारत के टैरिफ दुनिया में सबसे अधिक हैं और इससे वह सहमत नहीं हैं। इसके अलावा उन्होंने रूस से तेल और हथियार खरीद पर भी नाराजगी जताई, जिसको उन्होंने यूक्रेन युद्ध बढ़ाने के लिए एक तरह से वित्तपोषण बताया। उन्होंने यहां तक कह दिया कि रूस और भारत क्या करते हैं, उससे उनको कोई मतलब नहीं है और उन्होंने दोनों देशों को 'मरी हुई अर्थव्यवस्था' बताया है।

### कुछ देशों को दी छूट और कुछ पर ठोका अतिरिक्त टैरिफ




### टैरिफ पर भारत की दो टूक : कृषि-डेयरी पर समझौता नहीं

अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने पर भारत सरकार ने कहा कि भारत कृषि, डेयरी और आनुवंशिक रूप से संवर्धित (जीएम) उत्पादों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत-रूस ऊर्जा संबंधों पर कहा, हम अपनी ऊर्जा जरूरतों को वैश्विक परिस्थितियों और बाजार में उपलब्ध विकल्पों के आधार पर तय करते हैं जिसमें किसी का हस्तक्षेप न हो। बता दें कि अमेरिका से व्यापार समझौते को लेकर वार्ता का छठा दौर 25 अगस्त को भारत में आयोजित होगा। भारत ने विश्वास जताया कि दोनों देश अपने संबंधों को आगे भी जारी रखेंगे।

**इन देशों को भी ट्रंप ने राहत दी :** ट्रंप ने कई देशों को पिछले बार के मुकाबले इस बार की टैरिफ सूची में काफी राहत दी है। अमेरिका ने अंगोला का टैरिफ 32 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत, यूरोपीय संघ का 20-23 से घटाकर 15, जापान का 24-25 से घटाकर 15, वियतनाम का 46 से घटाकर 29, इंडोनेशिया का 32 से घाटकर 19, फिलीपींस का 20 से घटाकर 19, यूनाइटेड किंगडम का 10 प्रतिशत (छूट सहित) किया है।

### भड़के ट्रंप, रूस के पास तैनात कीं दो परमाणु पनडुब्बियां

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेंदवेदेव के बयान 'डेड हैंड' से भड़क गए और उन्होंने दो परमाणु पनडुब्बियों को रूस के पास तैनात करने का आदेश दिया है। पोस्ट करते हुए ट्रंप ने लिखा मेदवेदेव के भड़काऊ बयानों को देखते हुए, मैंने दो परमाणु पनडुब्बियों को उपयुक्त क्षेत्रों में तैनात करने का आदेश दिया है। यह एहतियात के तौर पर किया गया है, ताकि अगर ये मूर्खतापूर्ण और भड़काऊ बयान केवल शब्दों तक सीमित न रहें, तो हम तैयार रहें। शब्दों का बहुत महत्व होता है, और कई बार ये अनजाने में गंभीर परिणामों की ओर ले जा सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि इस बार ऐसा नहीं होगा। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि भारत और रूस मिलकर अपनी डेड इकोनॉमी को तबाह कर सकते हैं। इसे लेकर रूस भड़क गया और दिमित्री ने 'डेड हैंड' का जिक्र किया।

### पाक का टैरिफ घटाने का कारण

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान अमेरिका के काफी करीब आ गया है। पाकिस्तान के टैरिफ कम करने के प्रमुख कारणों में व्यापार समझौते की बड़ी भूमिका है, जिसमें ऊर्जा, खनन, सूचना प्रौद्योगिकी और क्रिप्टोकरेंसी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का वादा है। पाक ने डिजिटल सेवाओं पर 5 प्रतिशत कर हटा दिया है।

### बांग्लादेश को इसलिए दी राहत

बांग्लादेश में यूनुस सत्ता पर काबिज हैं, जो अमेरिका, चीन, पाक के काफी करीब हैं। यूनुस ने ट्रंप को पत्र लिखकर टैरिफ में 3 महीने की छूट मांगी थी। बांग्लादेश ने तरलीकृत प्राकृतिक गैस के लिए बहु-वर्षीय आयात समझौता भी किया है। बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था कपड़ा-जेनेरिक दवा निर्यात पर केंद्रित है।

## नक्सलियों के अर्बन नेटवर्क का खुलासा

# दरभा के युवक को एनआईए ने हरियाणा से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर के दरभा इलाके में रहने वाले युवक को एनआईए ने हरियाणा के रोहतक से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक नक्सलियों की एनआरबी (नार्थ रीजनल ब्यूरो) को पुनः शुरू करने प्रयासरत था, उसके पास से नक्सल दस्तावेज के अलावा अन्य सामान बरामद किया गया है। नक्सलियों के लिए काम करने वाले अर्बन नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए एनआईए ने हरियाणा के रोहतक से दरभा इलाके में रहने वाले युवक को गिरफ्तार किया है।

- नक्सलियों की एनआरबी (नार्थ रीजनल ब्यूरो) को पुन: शुरू करने था प्रयासरत
- सिम, मोबाइल, टैबलेट, मेमोरी कार्ड व नक्सल दस्तावेज बरामद

जानकारी के मुताबिक दरभा इलाके में रहने वाला नक्सलियों के अर्बन नेटवर्क के प्रमुख सदस्य प्रियांशु कश्यप को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने उसके कब्जे से मिले फोन और कई दस्तावेजों की जांच करने के बाद नक्सलियों से संबधित दस्तावेज भी जब्त किए हैं। बताया जा रहा है कि एनआईए ने नक्सलियों के अर्बन नेटवर्क के प्रमुख सदस्य प्रियांशु कश्यप को हरियाणा के रोहतक से गिरफ्तार किया है। प्रियांशु बस्तर जिले के दरभा क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। प्रियांशु दिल्ली में पढाई कर रहा था, इसके अलावा व नक्सल सगंठन में काफी समय से सक्रिय था। गिरफ्तारी से पूर्व प्रियांशु अपने साथियों के साथ नक्सलियों की एनआरबी ⏭ शेष पेज 6 पर

### लंबे समय से एनआईए की रडार पर था प्रियांशु

बताया जा रहा है कि प्रियांशु काफी लंबे समय से एनआईए की रडार पर था और उस पर नजर रखी जा रही थी। फिलहाल जांच एजेंसी उससे गहन पूछताछ कर रही है और यह कार्रवाई नक्सलियों के शहरी नेटवर्क को उजागर करने की दिशा में बड़ा कदम बताया जा रहा है। इस मामले में इससे पूर्व एनआईए ने हरियाणा और पंजाब के स्टेट ऑर्गनाइजिंग कमेटी इंचार्ज अजय सिंगल उर्फ अमन और सीपीआई (माओवादी) सदस्य विशाल सिंह को गिरफ्तार किया था, जिससे जांच अभी भी जारी है।

# धर्मांतरण के मामले में सियासी घमासान तेज, केरल के सांसद पहुंचे दुर्ग जेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आदिवासी लड़कियों के धर्मांतरण के मामले में शुक्रवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे केरल के सांसद नन से मिलने के लिए दुर्ग सेंट्रल जेल पहुंचे। करीब घंटेभर रहने के बाद वे बाहर निकले। इस मामले को लेकर चार दिन पहले कांग्रेस के सांसदों का डेलिगेशन ननों से मिला। इसके बाद सीपीआई नेता वृंदा करात और उनकी पार्टी की महिला विंग ने जेल पहुंचकर ननों से बात की। शुक्रवार को कांग्रेस, सीपीएम और केरल के बीजेपी के वरिष्ठ नेता दुर्ग सेंट्रल जेल पहुंचे। शुक्रवार को केरल से कांग्रेस ⏭ शेष पेज 6 पर

### कोर्ट में है पूरा मामला निर्णय वहीं होगा

ऐसी बातों पर प्रदर्शन करके कांग्रेस क्या बताना चाहती है, इस विषय को लेकर कांग्रेस ही समझे। क्या न्यायालय के ऊपर दबाव बनाना चाहते हैं। न्यायालय में पूरा मामला विचाराधीन है, वहीं निर्णय होना है। प्रदर्शन से क्या न्यायालय को प्रभावित करना चाहते हैं। बिरनपुर में हत्या हुई थी तो क्यों नहीं आए थे। सभी विषयों को समान रूप से उठाना चाहिए। एक पक्ष के साथ क्यों खड़े हो, इस विषय पर जांच होगी।



\- विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन

### नन की तबीयत खराब, दी जा रही मानसिक यातनाएं

कांग्रेस के सांसदों ने आरोप लगाया कि जेल में एक नन की तबीयत खराब है। उन्हें दवा दी जा रही हैं, लेकिन मानसिक यातना दी जा रही है। युवती को कथित तौर पर जबरन ले जाने का आरोप लगाया जा रहा है। जबकि युवती ने स्वयं स्वीकार किया है कि वह अपनी मर्जी से जा रही थी। हम सरकार से मांग करते हैं कि जो लोग ननों से मारपीट के आरोप में सामने आए हैं, उन पर भी कठोर कार्रवाई हो। इधर बीजेपी के केरल ⏭ शेष पेज 6 पर

# चिकित्सा, सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों का नया केंद्र 'विमतारा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शांति नगर स्थित मधुपिल्ले चौक स्थित विमलादेवी ताराचंद फाउंडेशन द्वारा निर्मित "विमतारा" भवन का भव्य उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। यह भवन शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के लिए समर्पित एक अद्वितीय केंद्र के रूप में स्थापित किया गया है। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि ⏭ शेष पेज 6 पर

- डा. रमन ने किया भवन का उद्घाट्न




सेवाओं को मिली भरपूर सराहना

समारोह में रियल ग्रुप द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों जैसे रियल स्किल एकेडमी, चितवन वृद्धाश्रम, रियल नर्सिंग स्कॉलरशिप, एवं वृन्दावन लाइब्रेरी के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही, रियल ग्रुप के सेवा कार्यों पर एक प्रभावशाली वीडियो प्रस्तुति भी दी गई, जिसने अतिथियों सहित सभी उपस्थित जनों को अभिभूत कर दिया। मुख्य ⏭ शेष पेज 6 पर

## अधिसूचना 7 अगस्त को जारी की जाएगी

# उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को, नतीजा भी उसी दिन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद खाली हुए उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव का ऐलान कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने बताया कि उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को चुनाव कराया जाएगा।

अधिसूचना 7 अगस्त को जारी की जाएगी, जबकि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। नतीजे मतदान के दिन यानी 9 सितंबर को ही घोषित किए जाएंगे। जगदीप धनखड़ के 22 जुलाई को इस्तीफा देने के बाद यह पद रिक्त हो गया था। भारतीय ⏭ शेष पेज 6 पर

### राजनीतिक दलों का गणित

*लोकसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को 542 सदस्यों में से 293 का समर्थन प्राप्त है। सत्तारूढ़ गठबंधन को राज्यसभा में 129 सदस्यों (प्रभावी सदस्य संख्या 240) का समर्थन प्राप्त है, बशर्ते कि मनोनीत सदस्य राजग उम्मीदवार के समर्थन में मतदान करें। सत्तारूढ़* ⏭ शेष पेज 6 पर

## पति-पत्नी से जुड़े विवाद में बॉम्बे हाईकोर्ट ने नपुंसकता को लेकर की बड़ी टिप्पणी

# पत्नी अगर नपुसंक कहती है तो यह अपराध नहीं, पति की अर्जी खारिज

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने तलाक के एक मामले में सुनवाई करते हुए बड़ी टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा है कि तलाक की कार्यवाही में पत्नी के लगाए गए नपुंसकता के आरोप मानहानिकारक नहीं है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति की अपनी अलग रह रही पत्नी के खिलाफ दायर शिकायत खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि वैवाहिक मामलों में एक महिला द्वारा पति पर लगाए गए नपुंसकता के आरोप उस स्थिति में मानहानि नहीं माने जाते, जब वह अपने हितों की रक्षा के लिए ऐसे आरोप लगाती है। न्यायमूर्ति एस.एम. मोदक की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम याचिका में नपुंसकता के आरोप बहुत प्रासंगिक हैं।

### मुकदमा चलाने की थी मांग

अदालत ने याचिकाकर्ता की उस शिकायत को खारिज कर दिया जिसमें उसने अपनी अलग रह रही पत्नी और उसके परिवार के खिलाफ मानहानि का मुकदमा चलाने का अनुरोध किया था। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि पत्नी द्वारा शुरू की गई तलाक की कार्यवाही में उसे नपुंसक करार दिया गया था। सत्रह जुलाई को दिए गए आदेश की प्रति शुक्रवार को उपलब्ध कराई गई।



**कोर्ट ने कहा- नपुंसक कहना बदनामी नहीं, तलाक का आधार :** कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में साफ कहा कि पत्नी द्वारा पति को 'नपुंसक' कहना बदनामी नहीं, बल्कि तलाक के लिए अपना पक्ष रखने का अधिकार है। तलाक की कार्यवाही के दौरान पत्नी द्वारा ऐसे आरोप लगाए जाने को मानहानिकारक नहीं माना जा सकता है। महिला द्वारा ये आरोप लगाना उचित था ताकि यह दिखाया जा सके कि विवाह में उसके साथ क्रूरता हुई है। उसने कहा कि नपुंसकता के आरोप तलाक का आधार बन सकते हैं।

### प्रकरण की पृष्ठभूमि

विवाद एक शिकायत से उत्पन्न हुआ जिसमें पति ने आरोप लगाया कि पत्नी और उसके परिवार ने उसके विरुद्ध नपुंसकता संबंधी अपमानजनक आरोप विभिन्न न्यायिक कार्यवाहियों जैसे तलाक याचिका, भरण-पोषण आवेदन, एफआईआर और सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरण याचिका के दौरान लगाए थे। 11वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट, कुर्ला ने 15 अप्रैल 2023 को इसे खारिज कर दिया था। इसके बाद शिकायतकर्ता ने सत्र न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका रद्द हुई जिसके बाद अभियुक्तों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी।

## चिंतन

# अदालतों में बेनकाब हो रही जांच एजेंसियों की विफलताएं

क्या हमारी जांच एजेंसियां कॉम्पिटेंट नहीं रह गई हैं। मुंबई सीरियल ब्लास्ट और मालेगांव ब्लास्ट केस की जांच में जिस तरह आरोपित बरी हो गए, उससे लगता है कि पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी जैसी एजेंसियों ने सुबूत जुटाने में कानूनी बारीकियों पर ध्यान नहीं दिया। आखिर घटना तो घटी है। 11 जुलाई 2006 को मुंबई में लोकल ट्रेन में सीरियल ब्लास्ट हुए थे, जिसमें 178 से अधिक लोग मारे गए थे, उसी तरह मालेगांव ब्लास्ट में भी 7 लोग मारे गए थे व 93 लोग घायल हुए थे। जिन मामले में आतंकी कनेक्शन हैं, उसकी जांच में भी ऐसी लापरवाही आखिर क्यों? ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है कि एनआईए, सीबीआई, एसआईटी जैसी विशेषज्ञ जांचकर्ता वाली एजेंसियां अपने काम में कोताही बरतती होंगी, या उन्हें तकनीकी जांच का तरीका नहीं मालूम है। इसके बाद भी अगर आतंकी कनेक्शन वाले ब्लास्ट केसों में आरोपित बरी हो जा रहे हैं, हमारी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठेंगे ही। आखिर अदालतों में जांच एजेंसियों की विफलताएं क्यों बेनकाब हो रही है? करीब 17 वर्ष पहले 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में ब्लास्ट हुआ था, जिसमें भगवा आतंकवाद का जुमला कांग्रेस की तरफ से उछला था। मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने इस मामले में अभियुक्त रहीं बीजेपी की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर व कर्नल पुरोहित समेत सात लोगों को बरी कर दिया है। विशेष अदालत के न्यायाधीश एके लाहोटी ने सभी अभियुक्तों को निर्दोष करार देते हुए कहा, 'यह एक अत्यंत गंभीर मामला है, जिसमें आम नागरिकों की जान गई, लेकिन अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने के लिए निर्णायक सबूत पेश नहीं कर पाया।' न्यायाधीश लाहोटी ने कहा, 'केवल शक के आधार पर आरोप सिद्ध नहीं किए जा सकते।' अदालत की टिप्पणी जांच एजेंसियों के कामकाज की कलई खोलती है। अदालत ने ऐसी ही सख्त टिप्पणी मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस में भी सभी 12 आरोपियों को बरी करते हुए की थी। मालेगांव ब्लास्ट किसने करवाया, 17 साल बाद भी इस सवाल का कोई जवाब नहीं मिला है। इसी तरह मुंबई सीरियल ब्लास्ट के गुनहगारों का भी पता नहीं लगाया जा सका है। एक ही महीने में आए इन दो फ़ैसलों ने जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मालेगांव का मामला इसलिए भी अधिक संवेदनशील और राजनीतिक रूप से बड़ा बन गया, क्योंकि पहली बार ऐसी घटना में हिंदुत्ववादी संगठनों से जुड़े लोगों को गिरफ़्तार किया गया था। इसके अलावा, लेफ़्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को भी धमाके की साज़िश के आरोप में अभियुक्त बनाया गया था। वे उस समय भारतीय सेना में कार्यरत थे। ऐसा इससे पहले कभी नहीं हुआ था। अभी कुछ ही दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सुप्रीम कोर्ट ने उसकी कार्यप्रणाली व कनविक्शन रेट को लेकर फटकार लगाई थी। ऐसा लग रहा है कि जांच एजेंसियां गंभीरता से तथ्यों के आधार पर काम नहीं कर रही हैं, परसेप्शन व शक को अधिक तरजीह दे रही हैं, शायद इसलिए केस अदालतों में नहीं ठहर रहे हैं। सरकार की ओर से लोकसभा में दिए गए आंकड़े के मुताबिक, ईडी की सफलता दर सिर्फ 0.13 फीसदी है 5892 मामले दर्ज किए, जिसमें 77% में साक्ष्य नही और केवल 8% दोषी करार दिए गए। पिछले दस सालों में ईडी ने राजनेताओं के खिलाफ 193 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से केवल दो में ही केस बने। जांच एजेंसियों को आत्मावलोकन करना चाहिए और मुंबई-मालेगांव ब्लास्ट के दोषियों का पता लगाना चाहिए।

## अभिनव पहल
नरेंद्र सिंह तोमर



# महापुरुषों का पुण्य स्मरण-अतीत को भविष्य से जोड़ने की यात्रा

वह समाज सदैव प्रगति करता है जो अपने अतीत और पूर्वजों का सम्मान करके उनसे प्रेरणा लेता है। हम उन महापुरुषों के सदैव ऋणि है जिन्होंने अपने त्याग, तप, समर्पण और परिश्रम से बेहतर भविष्य का निर्माण किया और हमारी पीढ़ी को समयानुकूल परिस्थितियों में एक विकसित होता समाज मिला।

कठिन संघर्ष और हजारों बलिदान के बल पर हमें 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त हुई और उसके 9 वर्ष उपरांत 1 नवंबर 1956 को मध्यप्रदेश राज्य का गठन हुआ। मध्यप्रदेश की इस 69 वर्ष की विकास यात्रा में कई पड़ाव हैं, कई मील के पत्थर हैं। प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. पं. रविशंकर शुक्ल और प्रथम विधानसभा अध्यक्ष स्व. पं. कुंजीलाल दुबे के युग से प्रारंभ हुई समृद्ध संसदीय परंपरा और प्रदेश की विकास यात्रा अनवरत जारी है। मध्यप्रदेश के विकास और जनकल्याण में सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों व विधानसभा अध्यक्षों का अपना–अपना योगदान रहा है।

हम अपने इन महापुरुषों विशेषकर दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्रियों एवं विधानसभा अध्यक्षों के अवदान को स्मरण करें और नई पीढ़ी में भी उनकी योगदान की जानकारी पहुंचे इसी विचार को ध्येय में रखते हुए मध्यप्रदेश विधानसभा में एक नई परंपरा की नींव रखी जा रही है। अब से प्रत्येक दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष की जन्म जयंती पर विधानसभा भवन के सेंट्रल हॉल में उनके पुण्य स्मरण में आयोजन कर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि होगी एवं उनके योगदान को याद किया जाएगा।

2 अगस्त को प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. पं. रविशंकर शुक्ल जी की जन्म जयंती है। वे 1 नवंबर 1956 से 31 दिसंबर 1956 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। मध्यप्रदेश में प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य के प्रारंभिक प्रशासिनक ढांचे को स्थापित करने और विकास की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूर्व मुख्यमंत्रियों एवं विधानसभा अध्यक्षों के पुण्य स्मरण की यह पवित्र परंपरा स्व. पं. रविशंकर शुक्ल जी की जन्म जयंती से प्रारंभ हो रही है।

विधानसभा सदैव स्मरित की जाती है, अपनी महान संसदीय परंपराओं के लिए। उन प्रयासों के लिए जो अतीत में लोकतंत्र की सुदृढ़ता, जनकल्याण की मंशा और प्रदेश के विकास के उद्देश्य से किए गए हों। सदन की आसंदी पर विराजमान रहे माननीय अध्यक्षों ने सदैव ही पक्ष–विपक्ष की भावना से ऊपर उठकर नीर–क्षीर के विवेक से निर्णय किया और जन कल्याण को प्राथमिकता प्रदान की। विधानसभा अध्यक्ष विधायिका का वह केंद्र बिंदु होता है, जो न केवल सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच धुरी का कार्य करता है अपितु प्रदेश के विकास में किस तरह विधायिका अपनी भूमिका निभाए इसका निर्णायक भी होता है। दिवंगत पूर्व विधानसभा अध्यक्षों को पुष्पांजलि मध्यप्रदेश विधानसभा के गौरवशाली इतिहास का स्मरण कराने का पर्व बन सकता है।

पं. रविशंकर शुक्ल जी से लेकर स्व. बाबूलाल गौर जी तक सभी दिवंगत मुख्यमंत्री और इसी तरह पं. कुंजीलाल दुबे जी से लेकर ईश्वर दास रोहाणी जी तक सभी दिवंगत विधानसभा अध्यक्षों की जन्म जयंति पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण हमारे संकल्पों को सिद्ध करने के लिए हमें शक्ति प्रदान करेगा। यह परंपरा अतीत को भविष्य से जोड़ने में सार्थक सिद्ध होगी।

(लेखक म.प्र.विधानसभा अध्यक्ष हैं)

# भूकंप-सुनामी दे रहे खतरनाक संदेश



रूस त्रासदी
प्रमोद भार्गव

रूस के पूरब में स्थित कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई 2025 को आए भूकंप के झटकों से कामचटका और उसके आसपास कुरील द्वीप समूह के भूखंड हिल गए। इसे विश्व में आए सबसे तीव्र भूकंपों में दर्ज किया गया है। इस प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान और अनेक लोगों के घायल होने की सूचनाएं हैं, इसके असर से प्रायद्वीप के समुद्र तटों से 16 फीट ऊंची सुनामी जैसी लहरें टकराईं, जिससे तटीय इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। इसकी तुलना मार्च 2011 में जापान में आए 9.0 तीव्रता के भूकंप से की जा रही है। प्राकृतिक आपदाएं अब व्यापक व विनाशकारी साबित हो रही हैं, क्योंकि धरती के बढ़ते तापमान के कारण वायुमंडल भी परिवर्तित हो रहा है।

तीन साल से भी अधिक समय से यूक्रेन से युद्ध लड़ रहे रूस में 8.8 तीव्रता के भीषण भूकंप ने नई त्रासदी खड़ी कर दी है। रूस के पूरब में स्थित कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई 2025 को आए भूकंप के झटकों से कामचटका और उसके आसपास कुरील द्वीप समूह के भूखंड हिल गए। इसे विश्व में आए सबसे तीव्र भूकंपों में दर्ज किया गया है। इस प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान और अनेक लोगों के घायल होने की सूचनाएं हैं, इसके असर से प्रायद्वीप के समुद्र तटों से 16 फीट ऊंची सुनामी जैसी लहरें टकराईं, जिससे तटीय इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। इसकी तुलना मार्च 2011 में जापान में आए 9.0 तीव्रता के भूकंप से की जा रही है। इसे समुद्री सुनामी कहा गया था। इस सुनामी से जापान के फुकुशिमा, दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र का कूलिंग सिस्टम निष्क्रिय करना पड़ा था। कामचटका में चार नवंबर 1992 को आए 9.0 तीव्रता के भूकंप के कारण भारी क्षति हुई थी। इस भूकंप से जनहानि इसलिए नहीं होने पाई, क्योंकि भूकंप क्षेत्र से रूस का बड़ा शहर पेत्रोपावलोव्स्क-कामचत्सकी लगभग 119 किमी की दूरी पर है। यहां की आबादी 18 लाख हैं।

भूकंप के बाद आने वाली सुनामी के खतरे से जापान, चीन, फिलीपींस, इंडोनेशिया, अमेरिका और प्रशांत महासागर के तटवर्ती देशों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। जापानी और अमेरिकी भूकंप वैज्ञानिकों ने बताया कि इस भूकंप की आरंभिक तीव्रता 8.0 थी, किंतु अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इस तीव्रता का आकलन 8.8 किया और इसे 20.7 किमी भू-गर्भ से आना बताया है। अलास्का स्थित राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केन्द्र के समन्वयक डेव स्नाइडर का कहना है कि सुनामी जैसी लहरों का प्रभाव कई घंटों या एक दिन से भी अधिक समय तक रह सकता है। सुनामी एक विमान की गति से सैकड़ों मील प्रति घंटे की रफ्तार से समुद्र पार करती है। किंतु जब लहरें किनारे के निकट पहुंचती हैं, तब उनकी गति धीमी पड़ जाती है। किंतु किनारे पर इनके एकत्रीकरण से जल प्रलावन की आशंका बढ़ जाती है। इस कारण पानी की ये लहरें धरती पर पहुंचती हैं और आगे- पीछे होती रहती हैं। दुनिया के नामचीन विशेषज्ञों व पर्यावरणविदों की मानें तो सभी भूकंप प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि उन्हें विकराल बनाने में हमारा भी हाथ होता है। प्राकृतिक संसाधनों के अकूत दोहन से छोटे स्तर के भूकंपों की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। भविष्य में इन्हीं भूकंपों की व्यापकता और विकरालता बढ़ जाती है। यही कारण है कि भूकंपों की आवृत्ति बढ़ रही है। भूकंपों का वैज्ञानिक आकलन करने से यह भी पता चला है कि भूकंपीय विस्फोट में जो ऊर्जा निकलती है उसकी मात्रा भी पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हुई है। 25 अप्रैल 2015 को नेपाल में जो भूकंप आया था, उनसे 20 थर्मान्यूक्लियर हाइड्रोजन बमों के बराबर ऊर्जा निकली थी। यहां हुआ प्रत्येक विस्फोट हिरोशिमा-नागाशाकी में गिराए गए परमाणु बमों से भी कई गुना ज्यादा ताकतवर था। 2011 में जापान और फिर क्योटो में आए सिलसिलेवार भूकंपों से पता चलता है कि धरती के गर्भ में अंगड़ाई ले रही भूकंपीय हलचलें महानगरीय आधुनिक विकास और आबादी के लिए अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। ये हलचलें भारत, पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की धरती के नीचे भी



अंगड़ाई ले रही हैं। इसलिए इन देशों के महानगर भी भूकंप के मुहाने पर हैं। जापान, इक्वाडोर और नेपाल समेत पूरी दुनिया इस अभिशाप को झेलने के लिए जब-तब विवश होती रही है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी आने से पहले मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है। ऐसी वैज्ञानिक मान्यता है कि करीब साढ़े पांच करोड़ साल पहले भारत और आस्ट्रेलिया को जोड़े रखने वाली भूगर्भीय परतें एक-दूसरे से अलग हो गईं और वे यूरेशिया परत से जा टकराईं। इस टक्कर के फलस्वरूप हिमालय पर्वतमाला अस्तित्व में आई और धरती की विभिन्न परतों के बीच वर्तमान में मौजूद दरारें बनीं। हिमालय पर्वत उस स्थल पर अब तक अटल खड़ा है,जहां पृथ्वी की दो अलग-अलग परतें परस्पर टकराकर एक-दूसरे के भीतर घुस गई थीं। परतों के टकराव की इस प्रक्रिया से हिमालय और उसके प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भूकंप आते रहते हैं। इसी प्रायद्वीप में ज्यादातर एशियाई देश बसे हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक क्रियाओं के कारण भी भूकंप आते हैं। भूकंपों की उत्पत्ति धरती की सतह से 30 से 100 किमी भीतर होती है। जापान के कुमामोतो में आया भूकंप जमीन से 20 किमी और क्योटो का 10 किमी नीचे था। जबकि नेपाल में जो भूकंप आया था, वह जमीन से महज 15 किमी नीचे था। इससे यह वैज्ञानिक धारणा भी बदल रही है कि भूकंप की विनाशकारी तरंगें जमीन से कम से कम 30 किमी नीचे से चलती हैं। ये तरंगें जितनी कम गहराई से उठेंगी, उतनी तबाही भी ज्यादा होगी और भूकंप का प्रभाव भी कहीं अधिक बड़े क्षेत्र में दिखाई देगा। लगता है अब कम गहराई के भूकंपों का दौर चल पड़ा है। दरअसल, सतह के नीचे धरती की परत ठंडी होने व कम दबाव के कारण कमजोर पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब चट्टानें दरकती हैं तो भूकंप आता है। कुछ भूकंप धरती की सतह से 100 से 650 किमी के नीचे भी आते हैं,लेकिन तीव्रता धरती की सतह पर आते-आते कम हो जाती है,इसलिए बड़े रूप में त्रासदी नहीं झेलनी पड़ती है। दरअसल इतनी गहराई में धरती इतनी गर्म होती है कि एक तरह से वह द्रव रूप में बदल जाती है। इसलिए इसके झटकों का असर धरती पर कम ही दिखाई देता है। धरती की इतनी गहराई से प्रगट हुआ सबसे बड़ा भूकंप 1994 में बोलिविया में रिकॉर्ड किया गया है। पृथ्वी की सतह से 600 किमी भीतर दर्ज इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.3 मापी गई थी। इसीलिए यह मान्यता बनी है कि इतनी गहराई से चले भूकंप धरती पर तबाही मचाने में कामयाब नहीं हो सकते हैं, क्योंकि चट्टानें तरल द्रव्य के रूप में बदल जाती हैं। प्राकृतिक आपदाएं अब व्यापक व विनाशकारी साबित हो रही हैं, क्योंकि धरती के बढ़ते तापमान के कारण वायुमंडल भी परिवर्तित हो रहा है।

यूरोपीय देशों में दो शताब्दियों के भीतर बेतहाशा अमीरी बढ़ी है। औद्योगिकीकरण और शहरीकरण इसी अमीरी की उपज है। यह कथित विकासवादी अवधारणा कुछ और नहीं, प्राकृतिक संपदा का अंधाधुंध दोहन कर, पृथ्वी को खोखला करने के ऐसे उपाय हैं, जो ब्रह्मांड में फैले अवयवों में असंतुलन बढ़ा रहे हैं। नतीजतन जो कॉर्बन गैसें बेहद न्यूनतम मात्रा में बनती थीं, वे अब अधिकतम मात्रा में बनने लगी हैं। धरती पर पड़ने वाली सूरज की गर्मी प्रत्यावर्तित होने की बजाय, धरती में ही समाने लगी है। गोया, धरती का तापमान बढ़ने लगा, जो जलवायु परिवर्तन का कारण तो बना ही, प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी बन रहा है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

# मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता–पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से। – कुणाल सिंह ठाकुर

## ट्रेंड

### खाद्य सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध



देशभर के अन्नदाताओं के कल्याण और खाद्य सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में आज प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के बजट को बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। इससे खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर को बढ़ावा मिलने के साथ ही हमारे किसान भाई-बहनों की आय भी बढ़ेगी।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### तिलक को श्रद्धांजलि



देश की स्वाधीनता हेतु अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले 'लोकमान्य' बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उनके तेजस्वी विचार सभी देशवासियों को राष्ट्र सेवा एवं समाज उत्थान के कार्यों के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### शुरुआत अपने घर से



बड़े बदलाव की शुरुआत हमेशा अपने घर से ही करनी होती है और हमने यही किया है। आज पहले महिला एवं बाल विकास विभाग को साफ़ किया, कर्मचारियों को जागरूक किया। क्योंकि जब हम खुद बदलाव को जीते हैं तभी समाज को प्रेरित कर सकते हैं।
-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली


### नशा विरोधी पाठ्यक्रम



'युद्ध, नशे के विरुद्ध' अब सिर्फ़नारा नहीं, एक जनआंदोलन बन चुका है। आज से पंजाब के स्कूलों में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए नशा विरोधी पाठ्यक्रम शुरू कर दिया गया है।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

## करंट अफेयर


# रूस के हमले में 31 लोगों की मौत के बाद कीव में शोक दिवस



**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में पांच बच्चों समेत 31 लोगों की मौत के एक दिन बाद शुक्रवार को शहर में आधिकारिक शोक दिवस मनाया गया। इस हमले में 150 से अधिक घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि बृहस्पतिवार के हमलों में सबसे कम उम्र का पीड़ित दो वर्ष का था, तथा घायलों में 16 बच्चे शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2022 में शहर पर हवाई हमले शुरू होने के बाद से कीव पर एक ही हमले में मारे गए और घायल हुए बच्चों की यह सबसे अधिक संख्या है। अधिकारियों ने बताया कि रूसी बमबारी से शहर में नौ मंजिला आवासीय इमारत का एक बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया जबकि 100 से अधिक अन्य इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिनमें घर, स्कूल, किंडरगार्टन, चिकित्सा सुविधाएं और विश्वविद्यालय शामिल हैं। तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध के बाद नागरिक क्षेत्रों पर हमले बंद करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित पश्चिमी नेताओं के आह्वान को नजरअंदाज करते हुए रूस ने हाल के महीनों में यूक्रेनी शहरों पर अपने हमलों को बढ़ा दिया है। जेलेंस्की ने कहा कि जुलाई में रूस ने यूक्रेन के खिलाफ 5,100 से ज्यादा ग्लाइड बम, 3800 से ज्यादा ड्रोन और विभिन्न प्रकार की लगभग 260 मिसाइलें दागी थीं, जिनमें से 128 बैलिस्टिक मिसाइलें थीं।

## ऑफ बीट

# नजरें मिलते ही भांप जाता, कुत्ता पढ़ सकता है आपका दिमाग



**लंदन।** कुत्ते एक शानदार साथी होते हैं क्योंकि आपने गौर किया होगा कि जब आप रो रहे होते हैं तो वे अपने सिर को थोड़ा झुका कर आपको सांत्वना दे रहे होते हैं... जब आप तनाव में होते हैं तो वे दबे पांव आपके समीप आ जाते हैं और जब आप बहुत परेशानी में होते हैं तो वे आपका कभी साथ नहीं छोड़ते। मनुष्य और कुत्ते के हजारों वर्षों के साथ का यह नतीजा है कि वे हमारी आवाज, चेहरे के भावों, यहां तक हमारे मस्तिष्क की रासायनिक गतिविधियों के साथ सामंजस्य कायम कर लेते हैं। लंदन साउट बैंक यूनिवर्सिटी ने अपने नए रिसर्च के बाद यह दावा किया है। यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता प्रोफेसर लौरा एलिन पिगॉट ने बताया, जब आपके कुत्ते के साथ आपकी आंख मिलती है तो उसे यह भांपने में चंद सेकेंड भी नहीं लगते है कि आपके भीतर कौन सी भावनाएं उत्पन्न हो रही हैं। यदि आप अपने कुत्ते को देखकर खुश होते हैं तो इस खुशी के कारण भी आपके मस्तिष्क में प्रेम करने वाले हार्मोन अर्थात ऑक्सीटोसिन का स्राव होने लगता है। इस असाधारण मनोवैज्ञानिक बुद्धिमत्ता का आगाज मस्तिष्क से ही होता है। कुत्ते के दिमाग में चंद ऐसे क्षेत्र होते हैं जो मानव की तरह आवाजों को लेकर संवेदनशील होते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## 8 साल गुमनामी में जीता रहा ये धाकड़ सिंगर

# इंडियन आइडल से बना स्टार, अब जीता 71वां नेशनल फिल्म अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शुक्रवार की शाम 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स के नाम रही और साल 2023 की बेहतरीन कलाकारों के नामों की घोषणा की गई। शाहरुख खान की जवान और विक्रांत मेसी की 12वीं फेल को संयुक्त रूप से बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड दिया गया। वहीं, बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रानी मुखर्जी को चुना गया है। मनोज बाजपेयी की फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफी है' फिल्म को बेस्ट डायलॉग के लिए चुना गया है। लेकिन, सबसे ज्यादा ध्यान खींचा बेस्ट प्लेबैक सिंगर का अवॉर्ड जीतने वाले सिंगर पीवीएनएस रोहित ने। तेलुगू फिल्म 'बेबी' के गानों को लिए पीवीएनएस रोहित को बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर का 71वां नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया जाएगा। लेकिन, कम ही लोग जानते हैं कि पीवीएनएस रोहित बीते 8 साल से गुमनामी की जिंदगी जी रहे थे। इससे पहले साल 2017 में रोहित ने इंडियन आइडल में अपनी आवाज का जलवा दिखाया था और 2 बार गोल्डन माइक हासिल किया था। इस सिंगिंग रियालिटी शो के बाद रोहित का नाम गुमनामी में चला गया। लेकिन, अब 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा की गई जिसमें रोहित को बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर के तौर पर चुना गया है।

### 5 साल की उम्र से संगीत की दुनिया में हैं सक्रिय



बता दें कि पीवीएनएस महज 5 साल की उम्र से संगीत की दुनिया में सक्रिय हैं। इंडियन आइडल में उन्हें काफी पहचान मिली थी और उनकी आवाज ने भी लोगों को खूब रिझाया था। लेकिन इस रियालिटी शो के बाद से रोहित गुमनामी में जीते रहे। करीब 8 साल की गुमनामी का ये सफर अब खत्म हो गया है और रोहित 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर के तौर पर उभरे हैं। इस अवॉर्ड ने रोहित की गुमनामी का सूखा भी खत्म कर दिया है। रोहित के बारे में अभी तक एक विकिपीडिया पेज भी नहीं था। लेकिन अब रोहित संगीत की दुनिया के स्टार बनने वाले हैं।

### कौन हैं पीवीएनएस रोहित?

*पीवीएनएस रोहित नेसाल 2017 में प्रीमियर हुए इंडियन आइडल सीजन-9 में हिस्सेदारी ली थी। मूल रूप से हैदराबाद के रहने वाले रोहित की आवाज का जादू यहां चला था। महज 5 साल की उम्र से संगीत की ट्रेनिंग ले रहे रोहित ने संगीत की दुनिया में खूब मेहनत की। इंडियन आइडल में भी रोहित की आवाज का जादू देखने को मिला और 2 बार गोल्डन माइक भी हासिल किया। इतना ही नहीं, रोहित टॉप-3 फाइनलिस्ट में भी अपनी जगह बनाने में सफल रहे। इस रियालिटी शो ने रोहित को काफी पहचान दिलाई थी।*

केनरा बैंक Canara Bank भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking सिंडिकेट Syndicate

फूल चौक शाखा, रायपुर (छ.ग.)

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | प्रकार / सीमा / बकाया ऋण |
|---|---|---|
| **मेसर्स शिवरुद्राष्टक एंड एसोसिएट्स, प्रोप. आलोक कुमार सिंह**, डी-63 ऐश्वर्या किंगडम, कचना रोड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने, रायपुर, रायपुर-492001<br>**श्री आलोक कुमार सिंह पुत्र विनोद सिंह परिहार**, डी-63 ऐश्वर्या किंगडम, कचना रोड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने, रायपुर, रायपुर -492001<br>**श्री विनोद कुमार सिंह पुत्र विक्रम सिंह**, डी-63 ऐश्वर्या किंगडम, रायपुर, रायपुर 492001. | **शीर्षक धारक का नाम- श्री विनोद कुमार सिंह पुत्र विक्रम सिंह**, मकान/भूखंड नं. एम.आई.जी. क्रमांक- II/44, पी. सी. नं. 113, अवंति विहार कॉलोनी, तेलीबांधा रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल - 177 वर्ग मीटर में स्थित आवासीय भूमि व भवन के समस्त भाग व अंश।<br>**चौहद्दीः उत्तर-** एम.आई.जी. क्र-11/45, **दक्षिण-** सड़क, **पूर्व-** एम.आई.जी. एसआर-11/47, **पश्चिम-** सड़क. | MSME/OD/OCC<br>₹ 89,00,000.00<br>07/07/2025 से कुल देय धनराशि ₹ 84,50,710.22<br>एनपीए तिथि 06/07/2025 |

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **केनरा बैंक, फूल चौक शाखा, रायपुर (छ.ग.)** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर **(संविदात्मक दर)**, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 01.08.2024 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

## धड़क 2 में तृप्ति-सिद्धांत के अभिनय ने जीता दिल

**मुंबई।** साल 2018 में आई जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'धड़क' की अगली कड़ी के रूप में फिल्म 'धड़क 2' शुक्रवार 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म जातिवाद के मुद्दे पर आधारित है। सिद्धांत चतुर्वेदी नीलेश की भूमिका में हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी ने विधि का रोल निभाया है। इनकी प्रेम कहानी में जाति बाधा बनकर खड़ी होती है। दोनों सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है।



शाजिया इकबाल के निर्देशन में बनी फिल्म 'धड़क 2' को धर्मा प्रोडक्शंस, जी स्टूडियोज और क्लाउड 9 पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म को नेटिजन्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। सिद्धांत ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। वहीं, तृप्ति डिमरी का आत्मविश्वास दर्शकों को पसंद आया है। फिल्म की कहानी भी दर्शकों को पसंद आई है। एक यूजर ने लिखा, कुछ कहानियां दिल को छूती हैं और कुछ दिमाग को, मगर धड़क 2 दोनों को छूती है। जातिवाद का मुद्दा शहरों में भी देखने को मिलता है। यह फिल्म ईमानदारी से यह हकीकत बताती है। नेटिजन्स तृप्ति की तारीफ में लिख रहे हैं, 'तृप्ति ने विधि का किरदार इतनी खूबसूरती से अदा किया है कि वे पूरी तरह उसमें ढल गई हैं'। फिल्म 'धड़क 2' तमिल क्लासिक 'परियेरुम पेरुमल' से प्रेरित है, जिसने जाति संबंधी अन्याय को प्रभावी ढंग से दिखाया था। हालांकि, कुछ लोगों सौरभ सचदेवा, विपिन शर्मा और जाकिर हुसैन भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में हैं।

## अजय देवगन और रवि किशन के साथ लगाइए हंसी के ठहाके

**नई दिल्ली।** 2012 में आई फिल्म 'सन ऑफ सरदार'को काफी पसंद किया गया और यह उस साल की 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। उस फिल्म में अजय देवगन के साथ संजय दत्त की जोड़ी हिट रही थी, वहीं 13 साल बाद आए इस फिल्म के दूसरे पार्ट 'सन ऑफ सरदार2'में संजय दत्त की जगह अजय के साथ रवि किशन को लिया गया। इस बार अजय के साथ मृणाल



ठाकुर लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आ रही हैं और इन दोनों की केमिस्ट्री आपको पर्दे पर पसंद आने वाली है। वहीं, राजा (रवि किशन) का परिवार भी है, जिसका बेटा सबा से प्यार करता है। राजा पाकिस्तानियों से नफरत करता है, लेकिन उसके बेटे को नहीं पता कि वह जिस लड़की से प्यार करता है, वह पाकिस्तानी है। अब राबिया, जस्सी को, जो अपनी पत्नी से अलग होकर राबिया के घर में रह रहा है, अपनी बहन की बेटी सबा के पिता बनने का नाटक करने के लिए मना लेती है। एक घटना के दौरान राबिया और जस्सी की मुलाकात होती है और फिर दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं, जिसके बाद राबिया उसे अपने घर में पनाह देती है। जस्सी को राजा के सामने कर्नल बनाकर पेश किया जाता है। जस्सी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। फिल्म के पहले पार्ट में उन्हें संजय दत्त ने परेशान किया था और अब रवि किशन राजा का किरदार उनकी परेशानियां बढ़ाते दिखे.

## एक्टिंग के लिए बीच में छोड़ दी पढ़ाई : मृणाल

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर सिनेमा की दुनिया का चर्चित नाम हैं। अपनी खूबसूरती और अदाकारी के दम पर उन्होंने दर्शकों के बीच खास जगह बनाई है। मगर, इसके पीछे सिर्फ और सिर्फ उनकी मेहनत और लगन रही है। शुरुआत से ही मृणाल की दिलचस्पी अभिनय



की तरफ रही और कहा जाता है कि किसी चीज को शिद्दत से चाहो तो वह मिल ही जाती है। उन्होंने अभिनय में कॅरियर बनाने का सपना देखा और आखिर यह सपना पूरा हुआ। मृणाल ने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 2012 में सीरियल 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' से की। उनको जब इस शो का ऑफर मिला, तब वे पढ़ाई कर रही थीं। एक्टिंग में कॅरियर बनाने के लिए मृणाल ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। उसने एक्टिंग की शुरुआत घरवालों को बताए बिना की। 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' के बाद मृणाल कई और टीवी सीरियल में नजर आईं। शो 'कुमकुम भाग्य' में काम करने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो में उन्होंने बुलबुल अरोड़ा का किरदार निभाया था। मृणाल ठाकुर ने देह व्यापार और चाइल्ड ट्रैफिकिंग के मुद्दे पर बनी फिल्म 'लव सोनिया' के जरिए हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। फिल्म शूट करने से पहले मृणाल कोलकाता जाकर कुछ दिन रहीं। वे वहां सोनागाछी रेडलाइट एरिया में गई थीं और देह व्यापार के दलदल में फंसी युवतियों-महिलाओं की जिंदगी को करीब से देखा।



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मंडल क्रमांक 1. रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष : (0771) 2331431 फैक्स : (0771) 4055885
ईमेल : se1.raipur@gov.in

### -:: निविदा शुद्धि पत्र ::-

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित एन.आई.टी. क्र. 188 निविदा क्र. 172042 दिनांक 22.07.2025 में Annexure-G SPECIAL CONDITIONS OF N.I. T. की कंडिका-07 त्रुटिवश अंकित हो गया है को विलोपित माना जावें।

जी.नं. :- 252602354

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी ।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)

G-252602540/3

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर

नगर निगम मुख्यालय, गांधी मैदान के पास, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2535780, 90 फैक्स 0771-2227395 ईमेल-sbmrmc2023@gmail.com

क्रमांक /404/ SBM /न.पा.नि./ 2025-26 रायपुर, दिनांक: 01/08/2025

### // रूचि की अभिव्यक्ति (पंचम आमंत्रण)//

नगर पालिक निगम, रायपुर सीमा क्षेत्र के तहसील कार्यालय स्थित टॉयलेट काम्पलेक्स के संचालन एवं संधारण हेतु पे एण्ड यूज आधार पर इच्छुक व्यक्ति/ एजेंसी / फर्म/ कंपनी से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 18/08/2025 सायं 5.00 बजे तक रूचि की अभिव्यक्ति के तहत आमंत्रित है। संबंधित संस्थाए अपनी दरें केवल पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। इस हेतु विभाग द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र दिनांक 14/08/2025 तक आवेदन शुल्क राशि रू. 500/- का रसीद कटवाकर मुख्यालय के स्वच्छ भारत मिशन शाखा से प्राप्त कर सकता है तथा ईएमडी हेतु राशि रूपये 10000.00 का एफडीआर (आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से) संलग्न किया जाना होगा। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारिया कार्यालयीन समय पर स्वच्छ भारत मिशन शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

कार्यपालन अभियंता (SBM)
नगर पालिक निगम,
रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय कलेक्टर कांकेर एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

(अधिसूचना धारा 19 भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 )

क्रमांक /296/वा./भू.अ./प्र.क्र./202203141400006/अ-82/2022-23
कांकेर, दिनांक 28/07/2025

चुंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है, कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि विकासखण्ड कोयलीबेड़ा अन्तर्गत पी. व्ही. 55 पम्प नं. 04 मार्ग में आने वाली ग्राम सत्यानंदपुर, तहसील पखांजूर की 05 कृषक की निजि भूमि कुल रकबा 0.243 हे की निजि भूमि निर्माण कार्य हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम, 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 के तहत यह घोषित किया जाता है, कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन हेतु आवश्यकता है :-

### अनुसूची

भूमि का वर्णन :-

जिला- उत्तर बस्तर कांकेर ।
तहसील- पखांजूर
ग्राम /नगर- सत्यानंदपुर / 46
भूमि का क्षेत्रफल- 0.243 हेक्टेयर

| क्रमांक | खसरा नंबर | रकबा (हे.) में |
|---|---|---|
| 01 | 703 | 0.0329 |
| 02 | 708/2 | 0.0042 |
| 03 | 708/1 | 0.037 |
| 04 | 708/3 | 0.0069 |
| 05 | 701/1 | 0.045 |
| 06 | 701/2 | 0.117 |
| योग :- | कुल खसरा नंबर 06 रकबा 0.243 हेक्टेयर | |

2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा)/ भू-अर्जन अधिकारी, पखांजूर के कार्यालय में किया जा सकता है ।
3. प्रस्तावित भू-अर्जन में किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नही है ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
( निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर )
कलेक्टर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर
एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

G- 252602554/2

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

### अल्पकालीन ई- पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा संख्या :- 01/R2/2024-25/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 01.08.2025

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0 / पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/LATEHAR4/2024-25 | महुआडांड | ओरसापाठ से कुकुदपाठ तक पथ निर्माण। | 412.373 | चार करोड़ बारह लाख सैंतीस हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 18 माह | तृतीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 05.08.2025
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 12.08.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 14.08.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन - 829206।
5. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 - 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 358781 REO (25-26)_D

## STATE URBAN DEVELOPMENT AGENCY

4th Floor, D Block, Indravati Bhavan(HOD Building), Nava Raipur Atal Nagar, Chhattisgarh, 492002 Phone: 0771-2222404, audit.cgsuda@gmail.com

### RFP NOTICE

No./09/SUDA/IA/2025/2886 NAVA RAIPUR ATAL NAGAR, DATED 01.08.2025

**Online bids are invited for "RFP for Engagement of Consultant for conducting Post Audit, Pre/Internal Audit & Statutory Compliance in all 192 ULBS & 2 Administrative offices of Chhattisgarh State."**

State Urban Development Agency (SUDA) is the Mission Directorate for implementation of all Centrally and State Sponsored Schemes of Urban Development in the State. Through this notice SUDA invites online bid "RFP for Engagement of Consultant for conducting Post Audit, Pre/Internal Audit & Statutory Compliance in all 192 ULBS & 2 Administrative offices of Chhattisgarh State."

| System Tender No. | Classification of Cluster | EMD | RFP Document Fee |
|---|---|---|---|
| 173048 | Cluster-1-Raipur, Administrative Offices & Jagdalpur<br>Cluster-2-Bilaspur&Ambikapur<br>Cluster-3-Durg | INR 5,00,000 /- | INR 10,000/- |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 01/08/2025 17:30 Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.
1. All eligible/interested Bidders are mandated to get enrolled one-Procurement portal.,
2. Bidders can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 1800 419 9140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in,
3. The RFP can be postponed or cancelled at any time due to administrative reasons and no claim shall be entertained on this account.,
4. Modifications/Amendments/Corrigendum, if any shall not be advertised in the newspaper but shall be published in the https://eproc.cgstate.gov.in only. The undersigned reserves the right to change the terms and conditions, select/reject any application without assigning any reason thereof.,
5. The eligible bidder may submit their bid online only and only physical submission of Original EMD, RFP document fees, Affidavits, Technical Cover Letter, Power of Attorney, signed RFP document and Financial Covering Letter (Annexure 2- Form-1) in original as detailed in RFP document.

Chief Executive Officer, State Urban Development Agency, Chhattisgarh, Nava Raipur Atal Nagar

S-44767/1

**'लीगल कंक्लेव' में आज होगी लोकतंत्र, संविधान और संस्थागत जवाबदेही पर गहन चर्चा : हरिभूमि न्यूजःनई दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विधि, मानवाधिकार और सूचना का अधिकार विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय विधिक कॉन्क्लेव का आयोजन शनिवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कॉन्क्लेव का मुख्य विषय है - 'संवैधानिक चुनौतियाँः दृष्टिकोण और मार्ग'।

दर-दाँत (गम पेंट) असली केंदवा मलहम
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आयुर्वेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

निवेद चेस्ट & आई केयर — डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) — डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology — 24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888, 7697752001

सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 — Makeover — मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com

डॉ. जाऊलकर — कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर), कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल — ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) — फोन: 0771-4044551 — समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

अहलूवालिया हॉस्पिटल — 8103128515, 0771-4050006 — नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर — कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल — आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट — डॉ. नवनीत जैन — डॉ. करूणा जैन — तिल्दी चौक, रायपुर - 492001 फोन: 0771-2536521, मो. 9329103589

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मो. 9977247553

शाश्वत हॉस्पिटल — Dr. Vikas Mishra Ophthalmologist & Phasco Surgeon — टिम्बर भवन के सामने, मेन रोड, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.), फोन: 0771-4060303, मो. 9753119900, www.shashwthospital.com

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre — वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल — 50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल — 24 घंटे आपात चिकित्सा — अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) 8962566221, 07714916125, 7223065604

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

## अपने कार्यकर्ताओं को अजित पवार ने लगाई फटकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी (एसपी) अध्यक्ष अजित पवार ने शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को सार्वजनिक रूप से उपद्रव करने और जश्न में गोलीबारी करने जैसे कदाचार के प्रति आगाह किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकतें व्यक्ति और पार्टी, दोनों की प्रतिष्ठा धूमिल करती हैं। पवार की यह टिप्पणी एनसीपी सदस्यों से जुड़े दो हालिया विवादों के मद्देनजर आई है, जिसमें पुणे जिले की एक घटना भी शामिल है जहां एनसीपी विधायक के भाई ने दौंड में एक 'तमाशा' स्थल पर कथित तौर पर गोली चलाई थी।

## हरिभूमि CLASSIFIED

epaper : www.haribhoomi.com
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

### Appointment आवश्यकता

#### सिक्योरिटीगार्ड

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3 वेतन योग्यतनुसार (आवास फ्री PF +ESIC) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, (RO-074)

#### कुक

**आवश्यकता है-** अनुभवी बंगाली भोजन बनाने वाली महिला कुक (वेज /नानवेज)सुबह/शाम के लिए (प्रगतिनगर, इस्पातनगर एवं रुवाबांधा को प्राथमिकता एवं अनुभवी ड्राइवर भी चाहिए :- A-26 आंकाक्षाकुंज रिसाली भिलाई - 93290-11025. (आरो न.-790)

**आवश्यकता है-** एक घरेलू महिला खाना बनाने वाली कुक रायपुर में दो डॉक्टर महिला का खाना बनाना रहने-खाने की सुविधा उपलब्ध संपर्क:- 7389824270 (सड्डू- रायपुर) 9300234270.(RO-201)

#### फिल्म कलाकार

**आवश्यकता है-** प्रोडक्शन के साथ जुड़कर एक्टिंग के काम करने वालों एक्टर, एक्टरेस, सींगर, राइटर की आवश्यकता है। उम्र 30 साल के अन्दर मों.- 9179857166.(RO-6758)

#### सर्विंग स्टाफ

**आवश्यकता है-** भिलाई जुनवानी क्षेत्र के रेस्टोरेंट में सर्विंग स्टाफ के कार्य हेतु पुरुष या महिला की आवश्यकता है। वेतन 8000 प्रति माह संपर्क -79876-15298. (आरो न.-793)

#### मार्केटिंग/ड्रायवर कार्य

**आवश्यकता है-** जीआई, एमएस एवं पीवीसी पाइप्स फिटिंग के मार्केटिंग कार्य हेतु (एमबीए मार्केटिंग) पास 2लड़कों एवं टाटा एस व पिकप हेतु अनुभवी कुशल ड्राइवरों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार, संपर्क:- बिंदल पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड, स्टेशनरोड, रायपुर 07714034549, 9340052647, 9229226549. (RO-362)

**आवश्यकता है-** ड्राइवर की आवश्यकता है टाटा एस एवं बैटरी वाली ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। लोकल दुर्ग भिलाई घुमना है, आकर्षक वेतन, लाइसेंस अनिवार्य। केवल भिलाई वाले ही संपर्क करें :-98274-66771. (आरो न.-792)

#### ऑफिस/फील्ड कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस एवं फील्ड में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है। (1) जिसे कंप्यूटर चलाना आता हो, एवं अपनी गाड़ी हो पेमेंट- योग्यतानुसार कार्य समय 11 से 8 रविवार छुट्टी संपर्क 8103507377 स्टेशन रोड रायपुर (RO-403)

#### खाना मिस्त्री

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री मेस में कार्य करने हेतु खाना मिस्त्री रोटी मिस्त्री काउंटर में खाना देने, बर्तन धोने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। रहना, खाना की सुविधा फ्री पता- बिलासपुर 8871824812, 9993334937.(RO-38336)

#### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** सीसीटीवी फिटिंग कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता है फ्रेशर भी चलेगा ख़ुद का गाड़ी होना अनिवार्य है सैलेरी 6000/-से 15000/-तक योग्यता के अनुसार लक्ष्मी सिक्योरिटी सिस्टम रायपुर के 9329294567- 9165222223.(RO-192)

#### होलसेल शॉप

**आवश्यकता है-** आटो एसेसरीज होल सेल शॉप कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। श्री राम आटो एम.जी. रोड रायपुर मों.- 9300627327. (RO-6757)

#### थेरेपिस्ट

**आवश्यकता है-** आयुर्वेदिक क्लिनिक - बोरसी, स्मृति नगर भिलाई पंचकर्म थेरेपिस्ट २ मेल २ फीमेल योग्यताः 12वीं पास कार्य समयः सुबह 10 से शाम 7 तक वेतनः 5000-7000 संपर्कः 7000836094. (RO-6760)

#### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में आफिस कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार कॉल / मेसेज 7999847673 समय - 12 से 5 तक (आरो न.-794)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 25 जो बाहर रहकर कार्य करे (रहना फ्री) सैलरी 10,000 +कमीशन +बोनस संपर्क करे:- 8085106943 मुंगेली नाका चौक बिलासपुर (RO-191)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की अवश्यकता है। योग्यता 10 वी 12वी स्नातक पास सैलरी 10,000 रहना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15,000 से 20,000 स्थानः- म.प. उज्जैन | Co- 9630773028, 9691233111.(RO-361)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन + बोनस + प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना 8770508791, 7225815090. (RO-604)

#### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Reliance jio 5-G कंपनी घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Name, Address, Qualification,Call/ WhatsApp करें- 6200736250. (RO-1082)

**आवश्यकता है-** सुनहरा अवसर नौकरी-10500, सीटों पर सीधी पक्की भारती परमानेंट बेसिस पर पद- वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, (10th +12th) पास लड़के लड़कियां आवेदन कर सकते हैं आवेदन के लिए- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, अस्थाई निवास प्रमाण पत्र, व्हाट्सएप / कॉल करें- 9685327774.(RO-1075)

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 940 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (24500+52500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)- 09877380221. (RO-1071)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**आवश्यकता है-** लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 12 वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सैलरी 28500/- से 45500/- (रहना+खाना फ्री) 08920930586. (RO-1081)

### Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर मुद्रा लोन योजना अंतर्गत सभी प्रकार लोन आसान किस्तों पर प्राप्त करे घर बैठे 2% वार्षिक ब्याज 30% छूट महिलाओं और किसानों को विशेष छूट हेल्पलाइन 8127684826, हेड ऑफिस 9889062539. (RO-203)

**फाइनेंस -** माइक्रो फाइनेंस रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 15 लाख तक) (2% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, संपर्क:- 9311830460.(RO-204)

### Business व्यापार

**व्यापार टॉवर-** किसी टावर/ फाइनेंस कंपनी से कार्य चल रहा या किसी प्रकार धोखा हुआ, तुरंत शिकायत कर अपने कार्य की जांच करवाए सभी कंपनी के 4G/5G टावर लगवाए संपर्क:- 8901553327. (RO-202)

#### आवश्यक सूचना

CLASSIFIED RATE CARD — 01 अप्रैल 2025 से लागू — हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
GST 5% For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

# एप्पल का नया कीर्तिमान, भारत सहित कई बाजारों में रिकॉर्ड कमाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- एप्पल ने भारत सहित 24 से अधिक बाजारों में रिकॉर्ड राजस्व किया हासिल
- एप्पल भारत और संयुक्त अरब अमीरात में नए बिक्री केंद्र खोलेगा

आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल ने अप्रैल-जून तिमाही में भारत सहित 24 से अधिक बाजारों में रिकॉर्ड राजस्व हासिल किया, जो बाजार की उम्मीदों से अधिक है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने हालांकि शुल्क के कारण उत्पन्न स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की और सितंबर तिमाही में शुल्क से करीब 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर का भार बढ़ने का अनुमान लगाया है। कुक ने इस वर्ष के अंत में भारत और संयुक्त अरब अमीरात में नए बिक्री केंद्र खोलने की योजना की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि कंपनी ने हर भौगोलिक क्षेत्र में आईफोन की वृद्धि देखी है तथा भारत, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और ब्राजील सहित उभरते बाजारों में दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की।

## अमेरिकी शुल्क की चिंता में बाजार दूसरे दिन भी गिरा सेंसेक्स 586 अंक टूटा

**मुंबई** । अमेरिकी शुल्क संबंधी चिंताओं और वैश्विक बाजारों में व्यापक बिकवाली के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 586 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में भी 203 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी सरकार के 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ऐलान के बाद वैश्विक व्यापार में गतिरोध की आशंका बनी हुई है।

इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 585.67 अंक यानी 0.72 प्रतिशत गिरकर 80,599.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 690.01 अंक तक टूटकर 80,495.57 के निचले स्तर तक आ गया था।

*सन फार्मा का शेयर 4.43 प्रतिशत टूटा : नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 203 अंक यानी 0.82 प्रतिशत गिरकर 24,565.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा का शेयर 4.43 प्रतिशत टूट गया।*

### शुल्क अब दवा और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों पर लागू होगा

# 25 प्रतिशत शुल्क से 25 अरब डॉलर के निर्यात को खतरा : जीटीआरआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के भारत के सभी सामानों पर 7 अगस्त से बिना किसी छूट के 25 प्रतिशत का शुल्क लगाने से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर बुरा असर पड़ सकता है। जीटीआरआई ने शुक्रवार को यह बात कही। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव की ओर से अमेरिका के कार्यकारी आदेश के विश्लेषण के अनुसार, 25 प्रतिशत शुल्क अब दवा और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों पर भी लागू होगा, जिन्हें पहले अमेरिका की ओर से आयात शुल्क से छूट दी गई थी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक शासकीय आदेश जारी किया है, जिसमें विभिन्न देशों पर लगने वाली शुल्क दरों का ब्योरा दिया गया है। भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने की पुष्टि की गई है।'जवाबी शुल्क दरों में अतिरिक्त संशोधन' शीर्षक वाले शासकीय आदेश में राष्ट्रपति ट्रंप ने करीब 70 देशों पर लगाए जाने वाली शुल्क दरों का ब्योरा दिया है।

## अमेरिका की कठोर व्यापारिक कार्रवाई



*जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से अनुमोदित यह शुल्क हाल के वर्षों में अमेरिका की ओर से किसी प्रमुख व्यापारिक साझेदार के विरुद्ध की गई सबसे कठोर व्यापारिक कार्रवाइयों में से एक है।' उन्होंने कहा, ' यह कदम इसलिए अलग है क्योंकि इसमें कई अन्य व्यापारिक साझेदारों के विपरीत भारत को सभी उत्पाद-स्तरीय छूट से वंचित कर दिया गया है। यहां तक कि उन उत्पादों और क्षेत्रों में भी, जिनमें अमेरिका ने अन्य देशों को छूट दी है।'*

### फिच ने भारत का वृद्धि अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत किया

फिच रेटिंग्स ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया। साथ ही कहा कि भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी उच्च शुल्क का सीमित प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने की आशंका है। 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

### दबाव बनाने की रणनीति

श्रीवास्तव ने कहा कि यह आदेश केवल एक शुल्क उपाय नहीं बल्कि दबाव बनाने की रणनीति है। उन्होंने कहा, '' चीन जैसे देशों पर दवाइयों, सेमीकंडक्टर और ऊर्जा जैसी जरूरी वस्तुओं पर छूट बरकरार रखी है। भारत के साथ सख्ती बरती गई है उत्पाद-स्तर पर कोई छूट नहीं दी गई है। संदेश स्पष्ट है कि अमेरिकी भू-राजनीतिक विचारों से सहमत हों, समझौता करें या व्यापक स्तर के शुल्क का सामना करें।

### शुल्क बढ़ाने का असर भारत से ज्यादा अमेरिकी जीडीपी पर पड़ेगाः एसबीआई रिसर्च

अमेरिका में भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने का असर भारत की तुलना में अमेरिका पर कहीं ज्यादा पड़ेगा और उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में गिरावट आने के साथ डॉलर भी कमजोर हो सकता है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में शुक्रवार को यह अनुमान जताया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 30 जुलाई को घोषणा की थी कि भारत से आने वाली सभी वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। इसके अलावा रूस से कच्चे तेल और रक्षा उपकरणों की खरीद करने की वजह से भारतीय उत्पादों पर अलग से जुर्माना भी लगाया गया है।

एसबीआई रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह अमेरिका की /''खराब व्यापार नीति/'' है, क्योंकि इससे अमेरिका की घरेलू मुद्रास्फीति और उपभोक्ता कीमतों पर ही नकारात्मक असर पड़ेगा, जबकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की 'छिपी हुई ताकतें' खुद को समायोजित कर भारत को कुछ राहत देंगी।

## जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

**:: अल्पावधि निविदा ::**

क्रमांक/ 597/ समग्र शिक्षा/ डी.एम.एफ./2025 दन्तेवाड़ा दिनांक 01/08/2025

पढे दन्तेवाड़ा - लिखे दन्तेवाड़ा वर्ष 2025-26 का संचालन हेतु प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका का मुद्रण कार्य कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका कार्य संबंधी नियम, शर्तें, सामग्री सूची स्पेसिफिकेशन इत्यादि की जानकारी कार्यालयीन समय पर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। निविदा फार्म एवं मुद्रण सामग्री का विवरण कार्यालयीन दिवस में दिनांक 04-09-2025 सायं 5.00 बजे तक निविदा टेंडर फार्म प्राप्त कर सकते है।

निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि 04-09-2025 शायं 5.00 बजे तक
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 05-09-2025 दोपहर 2.00 बजे तक,
निविदा खोलने की तिथि 05-9-2025 सायं 04.00 बजे।

**जिला मिशन समन्वयक,**
**समग्र शिक्षा**
**जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा**

S-44761/1

## कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) राजनांदगांव

**:: निविदा सूचना ::**

राजनांदगांव, दिनांक 31.07.2025

छत्तीसगढ़ आबकारी देशी / विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 अधिसूचना क्रमांक / एफ-10-10/2018 / वाक. (आब)/ पांच /2024 नवा रायपुर दिनांक 07.03.2018 एवं कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक /आब. / ठेका /2024 /4029, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 24.06.2024 के अनुपालन में :-

नगर निगम परिक्षेत्र के भीतर मदिरा दुकानें प्रारम्भ करने हेतु वाणिज्यिक एवं राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से उपयुक्त भाडे पर दुकान/ परिसर लेने बाबत कानूनी भवन मालिकों से निविदाएँ बोली प्रणाली के रूप में अर्थात निर्धारित प्रारूप में तकनीकी बोली (टेक्निकल बिड) अनुबंध - 1 एवं वित्तीय बोली (फायनेसियल बिड ) अनुबंध -2 आमंत्रित की जाती है ।

(1) विदेशी मदिरा दुकान मंडी बाईपास को राजनांदगांव नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के भीतर मण्डी बायपास के समीप जो कि वर्तमान स्थित दुकान से यथोचित दूरी पर तथा आपत्तिरहित स्थल पर स्थित हो, आबकारी राजस्व सुरक्षा एवं वाणिज्यिक दृष्टिकोण से स्थानांतरित करने एवं अहाता सहित, जिसका क्षेत्रफल सी. एस.एम.सी.एल की वाणिज्यिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

इच्छुक निविदादाता निविदा की शर्ते एवं निविदा संबंधी समस्त जानकारी तथा निविदा प्रपत्र दिनांक 06/08/ 2025 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी जिला राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 76 से प्राप्त कर सकते है।

मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07/08/2025 को 12:00 बजे तक निर्धारित किया जाता है तथा दिनांक 07/08/2025 को 1:00 बजे अपरान्हः उप समिति के समक्ष निविदा खोले जाने की कार्यवाही की जावेगी।

**प्र. सहायक आयुक्त आबकारी**
**हेतु कलेक्टर**
**राजनांदगांव छ.ग.**

G-252602543/2

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग भानुप्रतापपुर काष्ठागार (पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल) के ई-नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार भानुप्रतापपुर एवं बांसागार कराठी /अंतागढ़ /बांदे में संग्रहित ईमारती काष्ठ/ बल्ली/जलाऊ चट्टा औद्योगिक/व्यापारिक बांस का निम्न दर्शाये गये स्थल में भण्डारीत है। जिसका निर्वतन नीलाम तिथि 07.08.2025 को किया जावेगा तदानुरूप इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि घोष विक्रय में भाग लेवें।

नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने से पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें। घोष विक्रय की शर्तो एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

| वनमंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | स्थान/नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल | काष्ठागार भानुप्रतापपुर | काष्ठागार भानुप्रतापपुर नीलाम भवन दिनांक 07.08.2025 प्रातः 09:00 बजे से |

**-: अनुमानित मात्रा काष्ठ एवं बल्लियां :-**

| अ. क्रं. | प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | काष्ठ घ.मी | बल्ली | काष्ठ घ.मी | बल्ली | काष्ठ घ.मी | बल्ली |
| 1 | सागौन | 45 | 26 | 134 | 420 | 179 | 446 |
| 2 | साल | - | - | 69 | - | 69 | - |
| 3 | बीजा | 16 | - | 50 | 66 | 66 | 66 |
| 4 | साजा | 94 | - | 118 | 193 | 212 | 193 |
| 5 | हल्दू/मुंडी | 7 | - | 55 | - | 62 | - |
| 6 | सलिहा/मोदे | 10 | - | 5 | - | 15 | - |
| 7 | तिन्सा | 1 | - | 7 | - | 8 | - |
| 8 | धावड़ा | 33 | - | 47 | - | 80 | - |
| 9 | कर्रा | 1 | - | - | - | 1 | - |
| 10 | तेन्दु | 60 | - | 71 | - | 131 | - |
| 11 | अन्य | 23 | - | 108 | - | 131 | - |
| योग | | 290 | 1391 | 664 | 679 | 954 | 705 |

**-: नीलाम हेतु प्रस्तावित औद्योगिक/व्यापारिक बांस :-**

| क्रं. | वनमंडल | बांसागार भानुप्रतापपुर | बंडल | नो.टन | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| | पूर्व भानुप्रतापपुर | औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट) | 1700 | 24.000 | आनलाईन ई-आक्शन |
| | | **बांसागार भानुप्रतापपुर** | **नग** | **नो.टन** | |
| | | व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट) | 19730 | 56.912 | |
| नया जलाऊ चट्टा - 53 चट्टा | | | | | |

1. प्रत्येक क्रेता को ई- नीलाम के पूर्व एम.एस.सी.टी. पोर्टल में करना अनिवार्य है।
2. क्रेता को ई- नीलाम के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भितर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लाट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.सी.टी. पोर्टल में अपने आई.डी. से लौगिंग करके देख सकते है।
4. अन्य जो भी जानकारी जो आवश्यक हो वनमंडल कार्यलय से सम्पर्क स्थापित कर प्राप्त कर सकते है।

**वनमंडलाधिकारी**
**पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल**
**भानुप्रतापपुर**

G-252602536/4



## जैकेट के शेष

### बिहार में कट ....

**विपक्षी दलों ने कहा- राजग को मदद करने की कवायद :** विपक्षी दलों ने इस अभियान को वोटबंदी करार दिया है। विपक्षी दलों आरोप लगाया है कि यह आगामी चुनावों में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ''मदद'' करने के लिए किया गया है। इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय में भी याचिकाएं दायर की गईं, जिसने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा कि एसआईआर का परिणाम ''सामूहिक समावेशन होना चाहिए, न कि सामूहिक बहिष्कार।

**एक सितंबर तक दावे-आपत्तियां आमंत्रित :** मसौदा सूचियों के प्रकाशन के साथ ही ''दावों और आपत्तियों'' की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है, जो एक सितंबर तक जारी रहेगी और इस अवधि के दौरान मतदाता गलत तरीके से नाम हटाए जाने की शिकायत लेकर संबंधित प्राधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं।

### 1 नवंबर को ....

उपस्थिति से इसकी महत्ता और भी बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ तेज़ी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 'अंजोर विज़न @2047' दस्तावेज़ तैयार किया है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ के समावेशी और सतत विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। यह विज़न दस्तावेज़ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, नवाचार और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में सुधार और नवाचार-आधारित पहलों पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र सरकार के "जन विश्वास अधिनियम 2023" से प्रेरणा लेते हुए राज्य में "जन विश्वास विधेयक 2025" पारित किया है, जिससे न्याय प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ी है और आम नागरिकों की पहुंच अधिक सुलभ एवं सहज बनी है।

### संविदा कर्मचारियों को भी ....

आवश्यक निर्देश प्राप्त कर अगली सुनवाई में स्थिति स्पष्ट करे। मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त 2025 के सप्ताह में होगी। याचिकाकर्ता जिला अस्पताल कबीरधाम में संविदा स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने गर्भावस्था के चलते 16 जनवरी 2024 से 16 जुलाई 2024 तक का मातृत्व अवकाश लिया, जिसे विधिवत स्वीकृत भी किया गया। 21 जनवरी 2024 को उन्होंने कन्या संतान को जन्म दिया और 14 जुलाई को पुनः ड्यूटी पर लौट आईं। इसके बाद उन्होंने कई बार वेतन भुगतान के लिए आवेदन दिए, लेकिन शासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। याचिकाकर्ता ने इस मामले में पहले रिट याचिका दायर की थी और कहा था कि संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को भी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (अवकाश) नियम, 2010 के नियम 38 के तहत मातृत्व अवकाश का लाभ मिलना चाहिए और यह अवकाश उनके लीव अकाउंट से डेबिट नहीं किया जाएगा।

### इनको भी नवाजा गया ....

स्टोरी' के लिए डायरेक्टर सुदीप्तो सेन ने बेस्ट डायरेक्शन का अवॉर्ड जीता। विक्की कौशल स्टारर फिल्म 'सैम बहादुर' को बेस्ट मेकअप और कॉस्ट्यूम का अवॉर्ड मिला।

## पेज एक के शेष

### सिर में भयानक दर्द...

इस फिस्टुला को सफलतापूर्वक बंद कर दिया। प्रक्रिया के बाद मरीज के सभी लक्षण पूरी तरह समाप्त हो गए और फॉलो-अप एमआरआई में मस्तिष्क का दबाव सामान्य पाया गया। रेडियोडायग्नोसिस विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. एनके बोधे ने बताया कि सीएसएफ-वेनस फिस्टुला अत्यंत दुर्लभ और हाल ही में पहचाना गया एसआईएच का कारण है। यह देश में किसी भी एम्स या आईएनआई में पहला सफल निदान और उपचार है।

### ट्रंप ने टैरिफ के...

के बाद वैश्विक व्यापार में गतिरोध की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 585.67 अंक यानी 0.72 प्रतिशत गिरकर 80,599.91 अंक पर बंद हुआ। **भारत नहीं करेगा कोई तत्काल जवाबी कार्रवाई :** रिपोर्ट के मुताबिक, नरेंद्र मोदी की सरकार घरेलू स्तर पर रक्षा उपकरणों के संयुक्त डिजाइन और विनिर्माण पर केंद्रित साझेदारी में अधिक रुचि दिखा रही है, जो टैरिफ मामले में भारत की नाराजगी का पक्ष मजबूत करेगा। इसके अलावा भारत व्हाइट हाउस को शांत करने के लिए भी विकल्पों पर विचार कर रहा है, जिसमें अमेरिकी आयात को बढ़ावा देना भी शामिल है। **भारत का टैरिफ टला, चीन और मेक्सिको को भी मौका :** अमेरिका-भारत की बातचीत के बीच ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। यह 1 अगस्त से लागू होना था, जिसे अब एक हफ्ते के लिए टाल दिया गया है।

### दरभा के युवक को...

(नार्थ रीजनल ब्यूरो) को पुनः चालू करने का प्रयास कर रहा था। एनआईए की नजर काफी समय से प्रियांशु के ऊपर थी। मौका मिलते ही एनआईए की टीम ने हरियाणा के रोहतक से प्रियांशु को गिरफ्तार किया है। एनआईए को प्रियांशु के पास से सिम कार्ड, मोबाइल फोन, टैबलेट व 2 मेमोरी कार्ड के अलावा नक्सलियों से सम्बंधित कई आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए हैं और फिलहाल प्रियांशु से पूछताछ की जा रही है।

### चिकित्सा, सांस्कृतिक, साहित्यिक...

विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने किया। भवन के उद्घाटन में विशिष्ट उपस्थिति में श्रीमती विमला देवी अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक सुनील सोनी, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल , सत्यनारायण शर्मा, डॉ. किरणमयी नायक, संजय श्रीवास्तव, तथा राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, कुलदीप जुनेजा, छगन मुंदड़ा एवं रियल ग्रुप से उमेश अग्रवाल शामिल रहे। सभी वर्गों की सहभागिता : समारोह में रियल ग्रुप के चेयरमैन राजेश अग्रवाल द्वारा स्वागत भाषण एवं डायरेक्टर रमेश अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्मिता शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के वरिष्ठजन, शहर के प्रमुख उद्योगपति, समाजसेवी, शिक्षाविद, साहित्यकार एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उपस्थिति दर्ज कर रियल ग्रुप के सेवा संकल्प में अपनी सहभागिता दिखाई।

### सेवाओं को मिला...

अतिथि डॉ. रमन सिंह सहित अन्य सभी गणमान्य अतिथियों ने रियल ग्रुप की जनसेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की खुलकर सराहना की एवं संस्थान को भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दीं।

### उपराष्ट्रपति पद के ....

संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग भारत के उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव कराता है। इसमें संविधान के अनुच्छेद 66(1) के अनुसार भारत के उपराष्ट्रपति :

### राजनीतिक दलों ....

गठबंधन को कुल 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। संविधान के अनुच्छेद 66 (1) में प्रावधान है कि उपराष्ट्रपति का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से होगा तथा ऐसे चुनाव में मतदान गुप्त मतदान द्वारा होगा। इस प्रणाली में मतदाता को उम्मीदवारों के नाम के सामने अपनी प्राथमिकताएं अंकित करनी होती हैं।

### धर्मांतरण के मामले में...

के चार सांसद कोडिकुन्निल सुरेश, एंटो एंटनी, डीन कुरियाकोसे और हिबी ईडन दुर्ग सेंट्रल जेल पहुंचे। वहीं सीपीएम की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद पीके श्रीमथी और पूर्व मंत्री सीएस सुजाता ने भी जेल में दोनों ननों का हाल जाना। बीजेपी की ओर से केरल प्रदेश उपाध्यक्ष शॉन जॉर्ज और दो अन्य नेताओं ने जेल में ननों से मुलाकात की। कुछ कम्यूनिस्ट नेता भी ननों से मिले। कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने ननों से मुलाकात के बाद कहा कि यह फर्जी और बनावटी केस है। सीपीआई की महिला विंग ने **भी की मुलाकात :** सीपीएम महिला एसोसिएशन सेंट्रल कमेटी के मेम्बर्स ने ननों ने मुलाकात की। इस दौरान पूर्व सांसद पीके श्रीमथी ने कहा कि उन्होंने वंदना फ्रांसिस और दूसरी नन मैरी से मुलाकात की। ये मुलाकात करीब 20 मिनट तक चली। दोनों नन इस समय जमानत की उम्मीद कर रही हैं, क्योंकि शनिवार और रविवार को अवकाश होने के कारण न्यायिक प्रक्रिया में देरी हो सकती है। श्रीमथी ने जेल अधिकारियों से बातचीत कर इस मामले को मानवीय दृष्टिकोण से देखने की अपील की। सीपीआई नेता गुरुवार को ही दुर्ग पहुंच गए थे, लेकिन उनकी मुलाकात नहीं हो सकी थी।

### नन की तबीयत...

उपाध्यक्ष शॉन जॉर्ज ने इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण से देखा और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि नन केरल से हैं, तो यह उनका कर्तव्य बनता है कि वे उनकी स्थिति को समझें और कानूनी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करें।

## रिलीज से पहले विवादों में घिरी 'द बंगाल फाइल्स'

**कोलकाता।** विवेक अग्निहोत्री और पल्लवी जोशी की 'द बंगाल फाइल्स' रिलीज से पहले ही विवादों मे घिर गई है। इस फिल्म और मेकर्स विवेक अग्निहोत्री, पल्लवी जोशी पर पश्चिम बंगाल में एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर ये एफआईआर ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी की तरफ से दर्ज कराई गई है। दोनों पर आरोप है कि उनकी फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' सांप्रदायिक नफरत फैलाती है। एफआईआर में ये भी कहा गया है कि फिल्म के टीजर से राज्य की शांति भंग हो सकती है और लोगों में तनाव फैलेगा।


**EMPLOYMENT NOTIFICATION**
**NMDC DAV PVT ITI, BHANSI**

Online applications are invited for the post of LDC for NMDC DAV Pvt ITI, Bhansi, Dantewada (CG). The last date for the applications is 09.08.2025. For complete details regarding for above post please Visit website of the institute : **http://nmdcdavitc.in.**

**Regional Officer**
**DAV Institutions, CG Zone-A**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर जिला- बस्तर**
दूरभाष नम्बर -07782-222865
ई-मेल आईडी-eeresjagdalpur@gmail.com

**// मैनुअल निविदा सूचना //**

क्रमांक/2219/व.ले.लि./ग्रायांसेवा/2025-26 जगदलपुर, दिनांक 30/07/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सिविल/ विद्युतीकरण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | विकासखण्ड / कार्य स्थल | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं के तहत 25 लाख के अंदर स्वीकृत होने वाले निर्माण कार्य। | 40.00 लाख | 19/08/2025 (अपरान्ह 5:30 बजे तक) |
| 2 | जनपद पंचायत, दरभा अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत भवन निर्माण कार्यों में आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण कार्य। | 40.00 लाख | 19/08/2025 (अपरान्ह 5:30 बजे तक) |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों के निविदा की सम्बधी शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in से भी दिनांक 12.08.2025 के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है।

(जे.के. गौर)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग जगदलपुर

G-252602527/2

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा-84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोनी उर्फ उमा उर्फ चित्री हेमला पिता स्व. मेगा हेमला, उम्र लगभग 35 वर्ष, साकिन- सावनार (गोंडापारा), थाना - गंगालूर, जिला - बीजापुर (छ.ग.)** के द्वारा थाना - कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर के अपराध क्रमांक 09/2025 अंतर्गत धारा 191 (2), 191 (3), 190, 109 बी.एन.एस., धारा-25, 27 आयुध अधिनियम एवं धारा 13, 38(2), 39 (2) वि.वि.क्रि.क.नि. अधि. के अधीन दंडनीय अपराध किए हैं (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के संदर्भ में लेख किया गया है कि उक्त आरोपी मिल नहीं रहे हैं और मुझें समाधानप्रद रुप से यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त आरोपी फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामिल से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त आरोपी **रोनी उर्फ उमा उर्फ चित्री हेमला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए न्यायालय विशेष न्यायाधीश (NIA) एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, उ.ब. कांकेर (छ.ग.) में तारीख **11/09/2025** को हाजिर हो।

तारीख - 28/07/2025
न्यायालय की मुद्रा
(श्रीमती विभा पाण्डेय)
विशेष न्यायाधीश (NIA) एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश
उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा-84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पुनीत उर्फ रूपेश उर्फ सुरखराम उर्फ मंतु मोडियाम पिता कुम्मा मोडियाम पिता कुम्मा मोडियाम, साकिन- पेद्दाकोरमा, थाना व जिला-बीजापुर (छ.ग.)** के द्वारा थाना - कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर के अपराध क्रमांक 09/2025 अंतर्गत धारा 191 (2), 191 (3), 190, 109 बी.एन.एस., धारा-25, 27 आयुध अधिनियम एवं धारा 13, 38(2), 39(2) वि.वि.क्रि.क.नि. अधि. के अधीन दंडनीय अपराध किए हैं (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के संदर्भ में लेख किया गया है कि उक्त आरोपी मिल नहीं रहे हैं और मुझें समाधानप्रद रुप से यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त आरोपी फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामिल से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त आरोपी **पुनीत उर्फ रूपेश उर्फ सुरखराम उर्फ मंतु मोडियाम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए न्यायालय विशेष न्यायाधीश (NIA) एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, उ.ब. कांकेर (छ.ग.) में तारीख **11/09/2025** को हाजिर हो।

तारीख - 28/07/2025
न्यायालय की मुद्रा
(श्रीमती विभा पाण्डेय)
विशेष न्यायाधीश (NIA) एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश
उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा-84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सरवन मड़कम उर्फ विश्वनाथ उर्फ बुधराम पुनेम पिता स्व. गुट्टा पुनेम, उम्र 30 वर्ष, साकिन-चिपुरभट्ठी, थाना- बासागुड़ा, जिला - बीजापुर (छ.ग.)** के द्वारा थाना - कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर के अपराध क्रमांक 09/2025 अंतर्गत धारा 191 (2), 191 (3), 190, 109 बी.एन.एस., धारा-25, 27 आयुध अधिनियम एवं धारा 13, 38(2), 39 (2) वि.वि.क्रि.क.नि. अधि. के अधीन दंडनीय अपराध किए हैं (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के संदर्भ में लेख किया गया है कि उक्त आरोपी मिल नहीं रहे हैं और मुझें समाधानप्रद रुप से यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त आरोपी फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामिल से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त आरोपी **सरवन मड़कम उर्फ विश्वनाथ उर्फ बुधराम पुनेम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए न्यायालय विशेष न्यायाधीश (NIA) एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, उ.ब. कांकेर (छ.ग.) में तारीख **11/09/2025** को हाजिर हो।

तारीख - 28/07/2025
न्यायालय की मुद्रा
(श्रीमती विभा पाण्डेय)
विशेष न्यायाधीश (NIA) एवं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश
उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पंचायत छुईखदान, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)**

क्रमांक/381/लो.नि.शा./न.पं./2025-26 छुईखदान, दिनांक 01/08/2025

**//मैनुअल पद्धति द्वितीय निविदा सूचना//**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग सड़क/ भवन एसओआर 01.01.2015 पर कम /सामान /अधिक दर पर **निकाय निधि** अन्तर्गत रोड, नाली, भवन मरम्मत एवं रंगरोगन कार्य का वार्षिक निविदा एवं 02 कार्य शापिंग काम्पलेक्स/ शटर एवं सिढी निर्माण कार्य । कुल 03 कार्य 21.55 लागत हेतु दिनाँक 22/08/2025 को कार्यालयीन अवधि समय 03:00 बजे तक पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद लिफाफा निविदा प्रपत्र "ए" में आमंत्रित की जाती है। एक लिफाफे में टेंडर दर। दूसरे में अमानत राशि का डी.डी./ एफ.डी.आर. तथा तीसरे लिफाफो में इन दोनों लिफाफों को भरकर इसके उपर कार्य का नाम, पाने वाले का नाम तथा प्रेषक का पूर्ण नाम / पता लिख कर जमा करना होगा ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि | - | 14/08/2025 को शाम 05:00 बजे तक |
| 2 | निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि | - | 14/08/2025 को शाम 5:30 बजे तक |
| 3 | निविदा प्रपत्र कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि | - | 22/08/2025 को दोप. 3:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | - | 22/08/2025 को दोप, 4:00 बजे के बाद |

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर देखी / प्राप्त की जा सकती है। किसी प्रकार का संशोधन विभागीय वेबसाईट में अपलोड की जाएगी। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही की जावेगी ।

"अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें" "जल ही जीवन है"

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत छुईखदान

**कार्यालय नगर पंचायत गुरुर, जिला- बालोद छ.ग.**

क्रं./597/राजस्व विभाग/न.पं./2025-26 गुरुर, दिनांक 22/07/2025

**-: अधिसूचना :-**

एतद् द्वारा नगर पंचायत गुरूर में स्थित समस्त भूमि एवं भवनों के स्वामित्वों को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 08 फरवरी 2021 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र अधिसूचना अनुसार छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (क्रं. 37 सन 1961) की धारा 126 सहपठित धारा 355 एवं 356 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार द्वारा सम्पतिकर की गणना की प्रयोजन के लिये कर योग्य संपत्ति मूल्य के निर्धारण के लिये नियमानुसार कार्यवाही किया गया जिसके अंतर्गत नगर पंचायत में पारित संकल्प क्रमांक 15 दिनांक 02.07.2025 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025 2026 के लिए संपत्तिकर स्वनिर्धारण विवरण प्रस्तुत करने दरों की अधिसूचना प्रकाशित की जा रही है।

नगर पंचायत गुरूर क्षेत्र में 15 वार्डो के भवनों एवं भूमियों के यथाज्ञात्य समान अवस्थाओं के आधार पर नियम-3 के चार परिक्षेत्र में विभाजित किया गया है।

**परिक्षेत्र- 1** बालोद धमतरी मुख्य मार्ग नगर पंचायत सीमाक्षेत्र से धमतरी-बालोद मुख्य मार्ग नगर पंचायत सीमाक्षेत्र तक ।
**परिक्षेत्र- 2** अंबेडकर चौक से तहसील कार्यालय मुख्य मार्ग नगर पंचायत सीमाक्षेत्र तक ।
**परिक्षेत्र- 3** शहीद वीरनारायण सिंह चौक से बाजार क्षेत्र होते हुए हनुमान मंदिर से बस स्टैण्ड तक का क्षेत्र ।
**परिक्षेत्र- 4** वार्ड क्रमांक 01 से वार्ड क्रमांक 15 का क्षेत्र तक ।

**1. सम्पतिकर की दरें:-** 500 वर्गफीट तक कर मुक्त से अधिक।
(1) वार्षिक भाड़ा मूल्यांकन 12000 तक 7 प्रतिशत सम्पत्तिकर देय होगा।
(2) वार्षिक भाड़ा मूल्यांकन 12001 से 18000 तक 8 प्रतिशत सम्पत्तिकर देय होगा ।
(3) वार्षिक भाड़ा मूल्यांकन 18001 से 24000 तक 9 प्रतिशत सम्पत्तिकर देय होगा।
(4) वार्षिक भाड़ा मूल्यांकन 24001 से 30000 तक 10 प्रतिशत सम्पत्तिकर देय होगा ।
(5) वार्षिक भाड़ा मूल्यांकन 30001 अधिक होने पर 12 प्रतिशत सम्पत्तिकर देय होगा ।

**2. समेकितकर तथा जल प्रभार**
(1) स्वमान्य समेकित कर
(क) सम्पत्तिकर के दायरे में आने वाले भवनों पर :- 600.00
(ख) अन्य भवनों पर (गैर सम्पत्तिकर) :- 300.00
(2) सम्पत्तिकर दाताओं द्वारा देय अतिरिक्त समेकित कर :-
(3) सम्पत्तिकर दाताओं द्वारा देय अतिरिक्त जल प्रभार :-

**3. शिक्षा उपकर**

**4. पुराने भवनों का छूट :-** 01 अप्रैल 2025 की स्थिति में 30 वर्ष से अधिक पुराने भवनों पर वार्षिक भाड़ा (छूट भवन निर्माण के वर्ष का प्रमाण प्रस्तुत किये मूल्य में 10 प्रतिशत आने पर ही दी जावेगी ।

**5. बेसमेंट और उपरी मंजिलों पर छूट**
बेसमेंट और दूसरी मंजिल पर :- कोई छूट नही
तीसरी मंजिल और उसकी उपरी मंजिल पर :- कोई छूट नही

**6. रख-रखाव के लिए छूट :-** वार्षिक भाड़ा मूल्य का 10 प्रतिशत

7. परिक्षेत्रवार वार्षिक भाड़ा मूल्य की दरें निम्नानुसार की जाती है।

| क्र. | निर्माण की गुणवत्ता | वर्तमान में प्रचलित दर | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जोन क्र. 01 | | जोन क्र. 02 | | जोन क्र. 03 | | जोन क्र. 04 | |
| | | आवासीय | व्यवसायिक | आवासीय | व्यवसायिक | आवासीय | व्यवसायिक | आवासीय | व्यवसायिक |
| अ | आर.सी.सी.आर.बी या पत्थर के कुल युक्त ग्रेनाईट मार्बल इत्यादि पक्का मकान | 12 | 14 | 10 | 12 | 8 | 10 | 8 | 10 |
| ब | आर.सी.सी. आर.बी या पत्थर के छत सामान्य प्लोरिन फर्श / पत्थर इत्यादि पक्का मकान | 12 | 14 | 10 | 12 | 8 | 10 | 8 | 10 |
| स | सीमेंट या लोहे के चादर / केबल टाईलस की छत युक्त पक्का मकान | 10 | 12 | 8 | 10 | 6 | 8 | 6 | 8 |
| द | अन्य आंशिक पक्के या कच्चे मकान जो उपरोक्त में नहीं आते | 8 | 10 | 6 | 8 | 6 | 8 | 6 | 8 |
| इ | भूमि रिक्त | 3 | 4 | 3 | 4 | 3 | 4 | 3 | 4 |

नोट :-
1. विशेष वर्ग के भवन में निम्नांकित प्रकार के भवन शामिल है- मॉल/सुपर बाजार, मल्टीप्लैक्स / सिनेमैक्स, आटो मोबाइल शो रूम, बैंक वित्तीय संस्था / एटीएम शादी हॉल, स्वीमींग पूल, होटल तथा 20 शय्याओं से बड़े निजी चिकित्सालय ।
2. औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित किसी ईकाई द्वारा भूमि के किसी भी मॉल का उपयोग शापिंग काम्पलेक्स शोरूम दुकान होटल या अन्य व्यवसायिक प्रयोजन के लिये किये जाने की दशा में इस पर समीपस्थ मोहल्ले / कॉलोनी के लिए निर्धारित व्यवसायिक दर लागू होगा।
3. किसी वार्ड में यदि किसी भवन/ भूमि का उपयोग उद्योग चलाने के लिए किया जा रहा हो तो उस संबंधित परिक्षेत्र को व्यवसायिक दर लागू होगा ।
4. शेष मोहल्ले के संबंध में यदि किसी वार्ड में स्थित नई कॉलोनी या किसी पुराने मोहल्ले का निर्धारण उसके समीप अधिक दर वाली कॉलोनी/ मोहल्ले के लिए लागू दर के आधार पर किया जावेगा।

उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया जाता है।
(अन्य जानकारी/शर्तें कार्यलयीन अवधि में देखी जा सकती है।)

श्री प्रदीप कुमार साहू
अध्यक्ष
नगर पंचायत गुरूर

श्री श्रीनिवास पटेल
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत गुरूर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विद्युत कार्य हेतु निविदा सूचना**

**निविदा संख्याः सीपीएम/ईएलईसीटी/जीसी/2025-26/10, (खुली निविदा) (सिंगल स्टेज टू पैकेट सिस्टम)**

**कार्य:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य परियोजना प्रबंधक/ विद्युत/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र में मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए मुख्य परियोजना प्रबंधक/विद्युत, बिलासपुर स्थित कार्यालय, उप मुख्य विद्युत अभियंता परियोजना/रायपुर (रायपुर में) और उप मुख्य विद्युत अभियंता परियोजना/ नागपुर (नागपुर में) में सामान्य सलाहकार सेवाओं की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)। 2X25 केवी से संबंधित विद्युत परियोजना कार्य हेतु। **निविदा मूल्य:** ₹ 8,33,59,776/-. (₹ आठ करोड तैंतीस लाख उनसठ हजार सात सौ छिहत्तर मात्र)। **अमानत राशिः** ₹ 5,66,800/-. (₹ पांच लाख छैसठ हजार आठ सौ मात्र)। **कार्य पूर्णता की अवधि:** 36 (छत्तीस) माह ।

**निविदा बंद होने की तिथि व समयः 20.08.2025 को 15.00 बजे। निविदा खोलने की तिथि व समय: 20.08.2025 को 15.30 बजे।**

विस्तृत जानकारी/ निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के कार्यालय, पुराना कंस्ट्रक्शन भवन, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्यालय के बगल, बिलासपुर पिन: 495004 में संपर्क करे अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/ देख सकते हैं।

*कृते मुख्य परियोजना प्रबंधक(विद्युत)/ द.पू.म.रे.,बिलासपुर*
सीपीआर/10/208
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई- निविदा सूचना**

**निविदा-क्रमांक:** सी.ए.ओ./सी/बी.एस.पी./25-26/10, **दिनांक:** 26.07.2025 (ओपेन ई-टेंडर) (सिंगल पैकेट सिस्टम)

**कार्य:** " रावघाट-जगदलपुर (140 किमी) के बीच नई रेलवे लाइन के निर्माण के संबंध में भूमि अधिग्रहण, भूमि योजना की तैयारी, एल-सेक्शन की तैयारी, भूमि सीमा निर्धारण और भू-तकनीकी कार्य आदि का शेष कार्य।", **निविदा मूल्य :** रु. 1,90,15,566.20, **अमानत राशि:** रु. 2,45,100.00, **निविदा दस्तावेज़ की लागत:** शून्य, **कार्य पूरा होने की अवधि :** 08 (आठ) महीना, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से। **(1) निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक: 22.08.2025 को 15:00 बजे तक, (2) निविदा खोलने का समय एवं दिनांक: 22.08.2025 को 15:30 बजे।** विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज़ का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) / दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे, बिलासपुर-पिन: 495004 अथवा उप-मुख्य अभियंता /निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे, रायपुर-पिन 492009 अथवा मुख्य परियोजेना प्रबन्धक/पश्चिम/निर्माण/नागपुर/ दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे, नागपुर पिन: 440001 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर / देख सकते हैं।

उप-मुख्य अभियंता /निर्माण
दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे, बिलासपुर
CPR/10/PR/205
South East Central Railway @secrail


## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रुझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धनार्जन हो सकता है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु:** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रुझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोतरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन:** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।


## शब्द पहेली - 5946



**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूर्ण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 5945 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5956

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5955 का हल**



## खबर संक्षेप



### खालिद बने फुटबॉल टीम के मुख्य कोच

नई दिल्ली। खालिद जमील को भारतीय राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया और इस तरह से वह पिछले 13 वर्षों में प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने वाले पहले भारतीय बन गए। पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के प्रभारी 48 वर्षीय जमील को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति ने इस पद के लिए चुना।

### न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को 9 विकेट से हराया

**बुलावायो।** न्यूजीलैंड ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में शुक्रवार को जिम्बाब्वे को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। दोनों देशों के बीच नौ साल के अंतराल पर खेले जा रहे टेस्ट में जिम्बाब्वे की टीम पुछल्ले बल्लेबाजों के योगदान से 165 रन बनाकर पारी की हार टालने में सफल रही। न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में जीत के लिए महज आठ रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने डेवोन कॉन्वे (चार) का विकेट गंवा कर हासिल कर लिया। दोनों टीमों के बीच पिछला टेस्ट मैच भी इसी मैदान पर 2016 में खेला गया था, जिसे न्यूजीलैंड ने 254 रन से जीता था। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है लेकिन इस प्रारुप में जिम्बाब्वे का खराब प्रदर्शन जारी है।


## ओवल टेस्ट : कृष्णा और सिराज ने लिए 4-4 विकेट

# भारत को मिली 52 रन की बढ़त, यशस्वी ने लगाया अर्धशतक, इंग्लैंड 247 रन पर सिमटा

एजेंसी ▶▶| लंदन

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के चार-चार विकेट से इंग्लैंड को पहली पारी में 247 रन पर समेटने के बाद भारत ने पांचवें और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप तक दो विकेट पर 75 रन बनाकर 52 रन की बढ़त हासिल कर ली।

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 51 रन और आकाश दीप चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने केएल राहुल और साई सुदर्शन के विकेट गंवा दिए। कंधे की चोट के कारण क्रिस वोक्स बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे और इंग्लैंड ने 247 रन पर अपना नौंवा विकेट गंवा दिया। इस तरह उसने 23 रन की बढ़त हासिल की। इंग्लैंड के लिए जाक क्रॉली (64 रन) और हैरी ब्रुक (53 रन) ने अर्धशतक बनाए। टीम इंडिया की पहली पारी 224 रन पर सिमट गई थी। वहीं दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने धैर्य से खेलते हुए 44 गेंदों में अपना 13वां अर्धशतक पूरा किया। मौजूदा सीरीज में यह उनका तीसरा पचासा है। वे अभी 51 रन बनाकर क्रिज पर मौजूद है।




### सिराज ने पूरा किया दोहरा शतक

ओवल टेस्ट मैच में ओली पोप का विकेट लेकर मोहम्मद सिराज ने 22 के निजी स्कोर पर एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके साथ ही सिराज ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 200 विकेट पूरे किए। साल 2017 में इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना पहला मैच खेलने वाले मोहम्मद सिराज ने अब तक कुल 101 मैच खेले हैं,जिसमें उन्होंने 29.12 के औसत से अपने 200 विकेट पूरे किए हैं। सिराज अब तक अपने करियर में 5 बार पांच विकेट हॉल लेने में भी कामयाब हुए हैं। मोहम्मद सिराज भारतीय क्रिकेट के 14वें ऐसे तेज गेंदबाज बन गए हैं, जो 200 प्लस विकेट इंटरनेशनल क्रिकेट में लेने में कामयाब हुए हैं। सिराज ने अब तक टेस्ट में जहां 117 विकेट हासिल किए हैं, तो वहीं वह वनडे में 71 और टी20 इंटरनेशनल में 14 विकेट अपने नाम करने में कामयाब रहे हैं।

### अपनी धरती पर 2 हजार टेस्ट रन बनाने वाले रूट बने पहले खिलाड़ी

जो रूट टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए भारत के खिलाफ घर पर 2 हजार या उससे अधिक टेस्ट रन पूरे करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। रूट ऐसा कारनामा करने भारत के खिलाफ वर्ल्ड क्रिकेट में भी पहले खिलाड़ी हैं। वहीं अब तक सिर्फ दो ही खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में हुए हैं, जो किसी विरोधी टीम के खिलाफ घर पर दो हजार प्लस रन बनाने में कामयाब हुए हैं। रूट से पहले ये कारनामा सर डॉन ब्रैडमैन ने किया था, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में कुल 2354 रन बनाए थे।

### राहुल ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

दूसरी पारी में भले ही केएल राहुल सात रन बनाकर आउट हो गए पर उन्होंने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में किसी टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे भारतीय सलामी बल्लेबाज बन गए। मौजूदा सीरीज में केएल राहुल के नाम 532 रन हो गए हैं। वहीं, इस मामले में शीर्ष पर सुनील गावस्कर हैं। गावस्कर ने 1979 में इंग्लैंड दौरे पर एक टेस्ट सीरीज में 542 रन बनाए थे।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल पगबाधा को एटकिंसन | 02 | 9 | 0 | 0 |
| राहुल बो वोक्स | 14 | 40 | 1 | 0 |
| सुदर्शन का स्मिथ बो टंग | 38 | 108 | 6 | 0 |
| गिल रन आउट | 21 | 35 | 4 | 0 |
| नायर पगबाधा बो टंग | 57 | 109 | 8 | 0 |
| जडेजा का स्मिथ बो टंग | 09 | 13 | 1 | 0 |
| जुरेल का ब्रुक बो एटकिंसन | 19 | 40 | 2 | 0 |
| सुंदर का ओवरटन बो एटकिंसन | 26 | 55 | 3 | 0 |
| आकाश दीप नाबाद | 00 | 7 | 0 | 0 |
| सिराज बो एटकिंसन | 00 | 4 | 0 | 0 |
| कृष्णा का स्मिथ बो एटकिंसन | 00 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 38,
कुल: 69.4 ओवर में 224 /10 रन
गेंदबाजी: वोक्स 14-1-46-1, एटकिंसन 21.4-8-33-5, टंग 16-4-57-3, ओवरटन 16-0-66-0, बेथेल 2-1-4-0

| इंग्लैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्रॉली का जडेजा बो कृष्णा | 64 | 57 | 14 | 0 |
| डकेट का जुरेल बो आकाशदीप | 43 | 38 | 5 | 2 |
| पोप पगबाधा बो सिराज | 22 | 44 | 4 | 0 |
| रूट पगबाधा बो सिराज | 29 | 45 | 6 | 0 |
| ब्रुक बो सिराज | 53 | 64 | 5 | 1 |
| बेथेल पगबाधा बो सिराज | 06 | 14 | 1 | 0 |
| स्मिथ का राहुल बो कृष्णा | 08 | 00 | 1 | 0 |
| ओवरटन पगबाधा बो कृष्णा | 00 | 4 | 0 | 0 |
| एटकिंसन का आकाशदीप बो कृष्णा | 11 | 16 | 2 | 0 |
| जोश टंग नाबाद | 00 | 7 | 0 | 0 |
| क्रिस वोक्स 'एब्सेंट हर्ट' | 00 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 11
कुल: 51.2 ओवर में 247 रन पर सभी आउट
गेंदबाजी: सिराज 16.2-1-86-4, आकाशदीप 17-0-80-1, कृष्णा 16-1-62-4, जडेजा 2-0-11-0

## क्रिकेट

# बुमराह टेस्ट टीम से रिलीज एशिया कप में खेलना संदिग्ध



एजेंसी ▶▶| लंदन/नई दिल्ली

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में तीन टेस्ट का कोटा पूरा करने के बाद शुक्रवार को टीम से रिलीज कर दिया गया। इसके साथ ही भारतीय क्रिकेट के हितधारकों ने उनके अगले अंतरराष्ट्रीय मैच में भागीदारी पर चर्चा शुरू कर दी है।

इंग्लैंड के मौजूदा दौरे पर 31 वर्षीय बुमराह ने तीन मैचों में 119.4 ओवर फेंके और 14 विकेट लिए। भारत को अगले साल घरेलू सरजमीं पर टी20 विश्व कप खेलना है और ऐसे में बुमराह के आगामी कुछ समय में एकदिवसीय प्रारुप में खेलने की संभावना काफी कम है। बीसीसीआई ने बताया, 'जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम से फारिग कर दिया गया।' बुमराह ने इस श्रृंखला में दो बार (हेडिंग्ले में पहले टेस्ट और लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट) पांच-पांच विकेट लिए। उन्होंने मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में अपने करियर में पहली बार एक पारी में 100 से अधिक रन दिए। बुमराह के नाम अब 48 टेस्ट में 219 विकेट हैं।

### कंधे की चोट के कारण आगे नहीं खेल पाएंगे वोक्स



चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे इंग्लैंड को तब करारा झटका लगा जब तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ चल रहे पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से बाहर हो गए। गुरुवार को मैच के पहले दिन करुण नायर के शॉट पर बाउंड्री बचाने के प्रयास में वोक्स चोटिल हो गए थे और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा था। वोक्स जब मैदान से बाहर गए तो उनका बायां हाथ स्वेटर में लिपटा हुआ था और वह दर्द से कराह रहे थे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को भारत के खिलाफ मैच के पहले दिन बाएं कंधे में लगी चोट के बाद पांचवें टेस्ट के शेष खेल के दौरान निगरानी में रखा जाएगा।

# मकाऊ ओपन : लक्ष्य, मन्नेपल्ली ने बनाई सेमीफाइनल में जगह

एजेंसी ▶▶| मकाऊ

भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उदीयमान तरुण मन्नेपल्ली ने कड़े मुकाबलों में जीत दर्ज करके शुक्रवार को मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विश्व में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय मन्नेपल्ली ने 87वें स्थान पर काबिज चीन के हू झे को 75 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 13-21, 21-18 से हराया। वहीं राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन दूसरी वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने चीन के शुआन चेन झू को 21-14, 18-21, 21-14 से मात दी।




### मन्नेपल्ली की अगली टक्कर मलेशिया के होह से

अब लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त अल्वी फरहान से होगा जबकि मन्नेपल्ली की टक्कर मलेशिया के जस्टिन होह से होगी। मन्नेपल्ली ने पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे।

### भारतीय खिलाड़ियों ने किया डब्ल्यूटीटीसी में क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने काठमांडू में दक्षिण एशिया क्षेत्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करके लंदन में विश्व टेबल टेनिस



चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीटीसी) के लिए क्वालीफाई कर लिया। महिला और पुरुष वर्ग में 16 एशियाई कोटा स्थान उपलब्ध थे। मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्ण एशिया और पश्चिम एशिया से चार क्षेत्रीय चैंपियन इसके लिए सीधे क्वालीफाई करते हैं। भारतीय महिला और पुरुष टीमें पांच देशों के राउंड रॉबिन प्रारुप वाले दक्षिण एशियाई टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं। पुरुष टीम में आकाश पाल, रोनित भांजा, अनिर्बाण घोष, पीबी अभिनंद और दिव्यांश श्रीवास्तव थे, जिन्होंने बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव को 3.0 से हराया। महिला टीम में कृत्विका सिन्हा, एस. सेल्वाकुमार, तनीषा कोटेचा, सयाली वानी और सिंड्रेल दास थे। उन्होंने इन्हीं चार टीमों को इसी अंतर से मात दी।

# कोको गॉफ की संघर्षपूर्ण जीत, 14 डबल-फॉल्ट के बावजूद अंतिम 16 में



एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

कोको गॉफ को फिर से अपनी सर्विस पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा लेकिन 14 डबल-फॉल्ट करने के बावजूद वह रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रही।

पिछले दौर में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी डेनियल कोलिंस के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट और तीसरे सेट के टाईब्रेकर से बचने के दो दिन बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त गॉफ ने कुदेरमेतोवा को 4-6, 7-5, 6-2 से पराजित किया।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालय, स्टार हाऊस, नया रायपुर
ई-नीलामी सूचना मेगा ऑक्शन अंतर्गत
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) व 1 के अधीन अंचल संपत्ति की बिक्री की सूचना

ई-नीलामी तिथि एवं समय : 09.09.2025 प्रातः 11.00 से सायं 5.00 तक

ई-नीलामी उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बैंक के अधिकृत अधिकार द्वारा नीचे उल्लेखित सम्पत्तियों का कब्जा लिया गया था। अधिकृत अधिकारी द्वारा उधारकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया, के निम्न शाखाओं के खातों की वसूली के लिये उक्त अधिनियम के नियम 8 एवं 9 अधीन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का सार्वजनिक नीलामी द्वारा जैसा है जहाँ है एवं जिस अवस्था में है के आधार पर विक्रय करने का निर्णय लिया गया है।

| क्रं. | शाखा और उधारकर्ता/जमानतदार के नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य(लाख में) / ई.एम.डी. (लाख में) / बोली बढ़ोत्तरी (लाख में) | अ) मांग सूचना दिनांक / ब) कब्जा दिनांक / स)बकाया राशि(लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01. | विधानसभा (रायपुर) शाखा :- ऋणीः- श्रीमती कुसुम भद्रा पति श्री मनीष भद्रा | रिहायशी संपत्तिः- संपत्ति के सभी भाग और पार्सल भाग जिसमें आवासीय घर EWS फ्लैट नंबर 604, 6 वीं मंजिल, ब्लॉक नंबर-1, जनरल योजना, शंकर नगर सरहद, फेस-II,भावना नगर, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड, भीम राव अम्बेडकर वार्ड 27, रा.नि.मं. रायपुर, 2 तहसील एवं जिला रायपुर, सुपर बिल्टअप एरिया क्षेत्रफल 506.04 वर्गफूट, ख.नं. 375, प.ह.नं 114/64, मौजा तेलीबांधा, श्रीमती कुसुम भद्रा पति श्री मनीष भद्रा के नाम पर पंजीकृत। चौहद्दीः उत्तर-रोड, दक्षिण-EWS फ्लैट नं. 601, पूर्व-EWS फ्लैट नं. 605,पश्चिम-EWS फ्लैट नं.603 (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 12.21<br>₹ 1.22<br>₹ 0.25 | अ)04.06.2024<br>ब)30.11.2024<br>स) ₹ 8.75 |
| 02. | रायपुर शाखा :- ऋणीः-श्री अंकित भोसले पिता श्री मुकुंद राव भोसले, श्रीमती तीरथ भोसले पति श्री मुकुंद राव भोसले एवं श्रीमती पूजा बाकड़े पति श्री अंकित भोसले, जमानतदार- श्री मुकुंद राव भोसले | रिहायशी संपत्तिः- साम्यिक बंधक की अचल संपत्ति फ्रीहोल्ड परिवर्तित रिहायशी मकान स्थित पुराना खसरा नं. 325/423, नया खसरा नं. 325/613, प.ह.नं. 105/61 वार्ड नं. 52, चंद्रशेखर आज़ाद वार्ड, मौजा- मठपुरैना तहसील और जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित अनुमानित क्षेत्रफल-660 वर्ग फीट, (निर्मित क्षेत्र भूतल-320 वर्ग फीट स्वीकृत नक्शा अनुसार) श्रीमती तीरथ भोसले पति श्री मुकुंद राव भोसले के नाम पर है, चौहद्दीः-उत्तर-रोड, दक्षिण-राहंगडाले का घर, पूर्व-मयंक ठाकुर की संपत्ति, पश्चिम-रोड. (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 18.02<br>₹ 1.80<br>₹ 0.25 | अ) 29.10.2024<br>ब)16.04.2025<br>स)₹25.03 |
| 03. | रायगढ़ शाखा :- उधारकर्ता-श्रीमती सीमा संदीप गोयल, श्री संदीप बलबीर सिंह गोयल, होम लोन के जमानतदार-श्री विजय कुमार पारीक और उधारकर्ता- मेसर्स जय मां भद्रकाली रोड कैरियर भागीदार- श्रीमती सीमा गोयल एवं श्री युग गोयल | रिहायशी संपत्तिः- सभी भाग व आंशिक भाग की संपत्ति फ्लैट नंबर 503-बी, पांचवीं मंजिल, बहुमंजिला इमारत "G-Hights" में खसरा नंबर [9/8, 18/3, 19/2, 8/3, 18/4 एवं 19/1]/2 गजानंदपुरम, कोटरा बाईपास रोड, बैकुंठपुर, प.ह.नं.13, रायगढ़ में स्थित है। जिसका सुपर बिल्टअप एरिया 1462 वर्ग फुट है जो श्रीमती सीमा गोयल पति श्री संदीप गोयल के नाम पर है। चौहद्दी : उत्तर-फ्लैट नंबर, 502-बी, दक्षिण- फ्लैट नंबर 504-सी,पूर्व-खुला आसमान, पश्चिम-सीढ़ियां एवं लॉबी (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 27.91<br>₹ 2.79<br>₹ 0.25 | अ)08.10.2024<br>ब) 18.01.2025<br>स) ₹18.51 |
| 04. | एआरबी(रायपुर)शाखाः ऋणीः मेसर्स वेंकटेश हीरो (पार्टनर : श्रीमती दुर्गेश नंदिनी चौरसिया एवं श्री गोविंद चौरसिया) जमानतदारः श्री भरत कुमार चौरसिया | रिहायशी मकानः आवासीय संपत्ति/मकान .और खसरा नं. 28/23 एवं 29/11, भूखण्ड क्रमांक 393/2,-शीट क्रमांक-6, ब्लॉक क्रमांक-9, विष्णु नगर, वार्ड क्रमांक-2, काचीपारा, कुदुदंड, बिलासपुर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 1305 वर्गफीट है। श्री भरत कुमार चौरसिया के नाम पर पंजीकृत है। चौहद्दीः-उत्तर-दुलारिन बाई की जमीन, दक्षिण-बालिका बाई साहू की जमीन, पूर्व-कश्यप की जमीन, पश्चिम निस्तारी रोड। (सांकेतिक कब्ज़ा) | ₹ 49.00<br>₹ 4.90<br>₹ 0.25 | अ)22.12.2024<br>ब)04.03.2025<br>स) ₹ 202.36 |
| 05. | एआरबी(रायपुर) शाखाः- ऋणी : श्रीमती आभा अग्रवाल पति श्री प्रमोद अग्रवाल, सह-ऋणी : श्री प्रमोद अग्रवाल पिता श्री रामलालजी अग्रवाल एवं श्री आशीष अग्रवाल पिता श्री प्रमोद अग्रवाल | रिहायशी मकान :साम्यिक बंधक अचल संपत्ति फ्री-होल्ड रिहायशी परिवर्तित भूमि स्थित प्लॉट नं. 01, प.ह.नं. 110/40, खसरा नं. 1159/19 एवं 1190/15 (भाग) खम्हारडीह, शंकरनगर, रायपुर (छ.ग.), क्षेत्रफल 1860 वर्गफीट श्रीमती आभा अग्रवाल पति श्री प्रमोद अग्रवाल के नाम पर स्थित, चौहद्दी : प्लॉट नं. 02, दक्षिण-रोड, पूर्व-रोड, पश्चिम-नाला.(सांकेतिक कब्जा) | ₹ 66.02<br>₹ 6.60<br>₹ 0.25 | अ) 27.05.2022<br>ब) 01.08.2022<br>स) ₹ 70.49 |
| 06 | एआरबी(रायपुर) शाखाः- उधारकर्ता:- मेसर्स युग सुपर बाजार, प्रोप. देवकरन मरकाम | कमर्शियल संपत्ति :-साम्यिक बंधक, फ्री होल्ड अचल संपत्ति कमर्शियल भूमि भवन युक्त शेड एवं स्ट्रक्चर सहित स्थित पुराना खसरा नं. 983/1 भाग, नया खसरा नं. 983/9, प.ह.नं. 52/18, रा.नि.मं. गरियाबंद डाकबंगला, वार्ड नं. 08, गरियाबंद तहसील एवं जिला-गरियाबंद (छ.ग.) क्षेत्रफल 3500 वर्गफीट श्री देवकरन मरकाम पिता श्री गीताराम के नाम पर स्थित, चौहद्दीः उत्तर-जीत नारायण पाठक की खुली प्लॉट, दक्षिण-डब्ल्यू. बी.एम. रोड, पूर्व- देवकिरन का मकान, पश्चिम-अन्य का खुला प्लॉट.(सांकेतिक कब्जा) | ₹ 51.35<br>₹ 5.13<br>₹ 0.25 | अ) 24.04.2024<br>ब) 09.07.2024<br>स)₹ 58.25 |
| 07 | एआरबी(रायपुर) शाखाः- ऋणी : मेसर्स शांति इंटरप्राइजेज, प्रोपराइटर श्री नितिन द्विवेदी जमानतदारः श्री अवधेश द्विवेदी पिता श्री कैलाशनाथ द्विवेदी एवं श्रीमती प्रज्ञा द्विवेदी पति श्री आदर्श द्विवेदी | A) रिहायशी सम्पत्ति : खसरा नंबर 451/4, भूखंड नंबर 27, प.ह.नंबर 60 पर स्थित आवासीय परिवर्तित भूमि का साम्यिक बंधन। शिव विहार कॉलोनी, गली आईबीपी पेट्रोल पंप के सामने, मौजा- उसलापुर, RNM-सकरी, ब्लॉक और तहसील-तखतपुर, जिला- बिलासपुर छ.ग. श्रीमती प्रज्ञा द्विवेदी से संबंधित है, जिसका क्षेत्रफल 872.00 वर्गफीट है। चौहद्दीः उत्तर-अवधेश द्विवेदी का मकान, दक्षिण-रोड, पूर्व-दुबे का मकान, पश्चिम-अन्य का खुला प्लॉट। (सांकेतिक कब्जा)<br>B) रिहायशी सम्पत्तिः खसरा नंबर 451/14, प्लॉट नंबर 28/29, प.ह.नंबर 60 पर स्थित आवासीय व्यपवर्तित भूमि का साम्यिक बंधन। शिव विहार कॉलोनी, गली आईबीपी पेट्रोल पंप के सामने, मौजा-उसलापुर, RNM-सकरी, ब्लॉक और तहसील- तखतपुर, जिला- बिलासपुर छ.ग. श्रीमती प्रज्ञा द्विवेदी की है, जिसका क्षेत्रफल 872.00 वर्गफीट है। चौहद्दीः उत्तर-अवधेश द्विवेदी का मकान, दक्षिण-रोड, पूर्व-दुबे का मकान, पश्चिम-अन्य का खुला प्लॉट। (सांकेतिक कब्ज़ा) | A. ₹ 10.12<br>₹ 1.01<br>₹ 0.25<br>B. ₹ 10.12<br>₹ 1.01<br>₹ 0.25 | अ)20.08.2024<br>ब)06.01.2025<br>स) ₹ 62.51 |
| 08. | एआरबी(रायपुर) शाखाः- ऋणी : मेसर्स अक्षत मोटर्स (प्रोप.- श्रीमती हेमेश्वरी मेहतल) जमानतदारः-1. वानी विलास मेहतल 2. श्रीमती रोहिणी बाई मेहतल | रिहायशी मकानः स्थित खसरा नं. 687/119, एवं खसरा नं. 687/163, प.ह.नं. 18, क्षेत्रफल- 2600 वर्गफीट,कसारीडीह, सुभाष नगर पंजीकरण के भीतर उपजिला-दुर्ग एवं जिला दुर्ग (छ.ग.) श्रीमती रोहिणी बाई मेहतल पति श्री खोमलाल मेहतल के नाम पर. सीमाएं- उत्तर- रोड, दक्षिण- अन्य का मकान, पूर्व- अन्य का मकान, पश्चिम- अन्य का मकान। (भौतिक कब्जा) | ₹ 60.48<br>₹ 6.04<br>₹ 0.25 | अ)21.04.2018<br>ब)21.06.2018<br>स) ₹ 304.35 |
| 09. | एआरबी(रायपुर) शाखाः-मे डेलकॉर्प ट्रेड एंड सर्विस प्रो. श्री अलीमुद्दीन शेख पिता श्री जमीलुद्दीन शेख, जमानतदार 1. श्री जमीलुद्दीन शेख 2. श्रीमती शमीम परवीन शेख | (A) कमर्शियल डायवर्टेड भूमि : साम्यिक बंधक अचल संपत्ति फ्रीहोल्ड परिवर्तित भूमि स्थित खसरा नं. 354/2, प.ह.नं. 41, ग्राम-कुषगढ़, तहसील कसडोल, आरएनएम- गिधौरी, जिला बलोदा बाजार (छ.ग.), क्षेत्रफल 0.701 हेक्ट., श्रीमती शमीम परवीन शेख पति श्री अलीमुद्दीन शेख के नाम पर. चौहद्दीः- उत्तर-जनकराम साहू की कृषि, दक्षिण- सांकरा से गिरौदपुरी रोड, पूर्व- सूरत राम की कृषि भूमि, पश्चिम- घसदिया की कृषि भूमि. (सांकेतिक कब्जा)<br>(B) कमर्शियल डायवर्टेड भूमि :साम्यिक बंधक अचल संपत्ति फ्रीहोल्ड परिवर्तित भूमि खसरा नं. 94/1 (भाग), खसरा नं. 94/11, प.ह.नं. 41/26, ग्राम-कुषगढ़, तहसील- कसडोल, आरएनएम-गिधौरी, जिला-बलोदाबाजार (छ.ग.) क्षेत्रफल 1.251 हेक्ट., श्री शेख जमीलउद्दीन पिता श्री शेख नजुरिद्दीन के नाम पर. चौहद्दीः- उत्तर-रोड, दक्षिण-शेख नईमुद्दीन की कृषि भूमि, पूर्व- राम भरोसा की भूमि, पश्चिम- शेख नईमुद्दीन की भूमि. (सांकेतिक कब्जा) | A. ₹ 89.07<br>₹ 8.90<br>₹ 0.25<br>B. ₹ 143.23<br>₹ 14.32<br>₹ 0.50 | अ)02.12.2021<br>ब)14.02.2022<br>स)₹ 300.90 |
| 10. | एआरबी(रायपुर)शाखा :उधारकर्ता:-मेसर्स शगुन एंटरप्राइजेज, प्रोप-श्री रूपेश कुमार टावरी, गारंटर- श्रीमती प्रेमलता सारदा पति स्वर्गीय हरिप्रकाश सारदा | रिहायशी मकान :-साम्यिक बंधक युक्त आवासीय फ्लैट नंबर डी-401, चौथी मंजिल, प्रिंसेस प्राइड कौरिनभाटा, हरिओम नगर, खसरा नं. 106/10 एवं 106/11, प.ह.नं. 36/24, वार्ड क्रमांक 22, तहसील एवं जिला राजनांदगांव, छ.ग. क्षेत्रफल 662.50 वर्गफुट। श्रीमती प्रेमलता सारदा पति स्वर्गीय हरिप्रकाश सारदा के नाम पर स्थित, चौहद्दीः-उत्तर - फ्लैट नं. 404. दक्षिण - खुली भूमि, पूर्व - खुली भूमि। पश्चिम - फ्लैट नंबर 402. (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 17.50<br>₹ 1.75<br>₹ 0.25 | अ) 09.04.2025<br>ब) 04.07.2025<br>स)₹ 328.16 |
| 11. | एआरबी(रायपुर) शाखाः-मेसर्स जय संतोषी मां राईस इंडस्ट्रीज प्रोप. स्व. श्री बुध दास कौशिक/कानूनी उत्तराधिकारी धजेश्वरी कौशिक, उत्तमप्रकाश कौशिक एवं हेमप्रकाश कौशिक | A. कमर्शियल प्रॉपर्टी : औद्योगिक भूमि और भवन खसरा नंबर 732, 734/4 और 734/5, ग्राम-सरधाभाटा, रानिमं-सरसीवा, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़, छ.ग. में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 67138 वर्ग फीट है। स्वर्गीय श्री बुद्ध दास कौशिक पिता स्वर्गीय श्री मस्त राम के नाम पर स्थित, चौहद्दी : उत्तर धरसा रोड/दरसराम, दक्षिण: अन्य/होरीलाल/जगदीश, पूर्व: अन्य/दरसराम, पश्चिम रोड/ जगदीश/ विश्राम दास (भौतिक कब्जा)<br>B. प्लांट एवं मशीनरी : जय संतोषी माँ चावल उद्योग के नाम पर संयंत्र और मशीनरी, विद्युत प्रतिष्ठान आदि (भौतिक कब्जा) | A. ₹ 82.82<br>₹ 8.28<br>₹ 0.25<br>B. ₹ 18.21<br>₹ 1.82<br>₹ 0.25 | अ) 21.03.2023<br>ब) 06.07.2023<br>स)₹ 100.54 |
| 12. | अभनपुर शाखा :- मेसर्स कान्हा इंडस्ट्रीज, प्रोप. श्रीमती मंजू अग्रवाल पति महेश अग्रवाल | (A) कमर्शियल संपत्तिः प्लांट, मशीनरी एवं सभी एवं आंशिक भाग की संपत्ति इंडस्ट्रियल भूमि (इंडस्ट्रियल परिवर्तित भूमि ) एवं भवन स्थित खसरा नं. 228 (भाग), नया खसरा - 228/3, ग्राम- लखना, प.ह.नं.-45, रा.नि.मं.-अभनपुर, तहसील - अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल 0.14 हेक्टे. कान्हा इंडस्ट्रिज के नाम पर पंजीकृत, चौहद्दी :- उत्तर-रोड, दक्षिण- बेनू रामि की भूमि, पूर्व - सेवा राम की भूमि, पश्चिम- विक्रेता की आवासीय भूमि.(सांकेतिक कब्जा)<br>(B) प्लांट एवं मशीनरी : मशीनरी, मेसर्स कान्हा इंडस्ट्रीज के नाम पर स्थित, (सांकेतिक कब्जा) | (A) ₹ 28.65<br>₹ 2.86<br>₹ 0.25<br>(B) ₹ 9.52<br>₹ 0.95<br>₹ 0.10 | अ) 13.12.2022<br>ब) 01.03.2023<br>स) ₹ 20.16 |
| 13. | पद्मनाभपुर शाखा श्री चंचल सिंघ पिता श्री हेम सिंघ | रिहायशी मकान :-प्लॉट क्रमांक-09, खसरा क्रमांक 1000/14 (नया) 1000/2 भाग (पुराना), कुरुद, भिलाई, तहसील एवं जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ कुल क्षेत्रफल 1346 वर्ग फीट, श्री चंचल सिंह पुत्र श्री हेम सिंह के नाम पर, चौहद्दी: उत्तर: प्लॉट क्रमांक 10, दक्षिण: प्लॉट क्रमांक 8, पूर्व: 25 फीट रोड, पश्चिम: खान भूमि (सांकेतिक कब्जा) | ₹ 11.97<br>₹ 1.19<br>₹ 0.25 | अ) 19.10.2019<br>ब) 15.01.2021<br>स)₹ 6.10 |
| 14. | एआरबी(रायपुर) शाखाः- उधारकर्ता:- 1) मेसर्स माँ दुर्गा फूड्स प्रोडक्ट भागीदार/गारंटर हैं 1) श्रीमती उमा बाई अग्रवाल पत्नी श्री संजय अग्रवाल 2) श्री सुभाष अग्रवाल पिता श्री दुर्गा प्रसाद अग्रवाल। 3) श्री संजय कुमार अग्रवाल (गारंटर) पुत्र श्री गोविंद राम अग्रवाल 4) श्रीमती निशा अग्रवाल (गारंटर) पत्नी श्री सुभाष कुमार अग्रवाल 5) श्री कशिश अग्रवाल (गारंटर) पिता श्री संजय कुमार अग्रवाल | A. कमर्शियल प्रॉपर्टी :फ्रीहोल्ड औद्योगिक रूप से परिवर्तित राइस मिल, भूमि और भवन खसरा नं. 272/2/K, 274/1, 274/2,274/3, 279/1/Th/1, 279/1/Th/2, 279/1/Th/3, 279/1/D, 285/5, 290/2, 290/3, 290/4, 304/1 कुल खसरा 13, ग्राम- कुरमापाली, प.ह.नं.-18, आर.एन.एम.-किरोड़ीमल नगर, तहसील और जिला-रायगढ़ (छ.ग.) मेसर्स मां दुर्गा फूड्स प्रोडक्ट रायगढ़ के नाम पर पंजीकृत है, भूमि का क्षेत्रफल 1.271 हेक्टेयर. (सांकेतिक कब्ज़ा)<br>B. प्लांट और मशीनरी : समस्त राइस मिल की प्लांट और मशीनरी का दृष्टिबंधक जो कि स्थित है खसरा नं. 272/2/K, 274/1, 274/2,274/3, 279/1/Th/1, 279/1/Th/2, 279/1/Th/3, 279/1/D, 285/5, 290/2, 290/3, 290/4, 304/1 कुल खसरा 13, ग्राम- कुरमापाली, प.ह.नं.-18, आर.एन.एम.-किरोड़ीमल नगर, तहसील और जिला-रायगढ़ (छ.ग.)। (सांकेतिक कब्ज़ा)<br>C. रिहायशी सम्पत्तिः खुली भूमि, खसरा नं. 109/1/K/3 (खसरा नं. 109/1/K/1 का भाग), ग्राम-छातामुरा प.ह.नं.-06, आर.एन.एम.-छातामुरा, तहसील पुस्सौर, जिला- रायगढ़ (छ.ग.) श्री सुभाष अग्रवाल पिता दुर्गा प्रसाद अग्रवाल के नाम पर पंजीकृत है, कुल क्षेत्रफल 0.044 हेक्टेयर। (सांकेतिक कब्ज़ा)<br>D. रिहायशी सम्पत्तिः खुली भूमि खसरा नं. 109/1/K/4 (खसरा नं. 109/1/K/1 का भाग), ग्राम-छातामुरा, प.ह.नं. 06, आर.एन.एम.-छातामुरा, तहसील पुसौर, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) में स्थित है, श्रीमती निशा अग्रवाल पति सुभाष अग्रवाल के नाम पर पंजीकृत है, कुल क्षेत्रफल 0.045 हेक्टेयर है। (सांकेतिक कब्ज़ा)<br>E. कमर्शियल प्रॉपर्टी : खुली भूमि, खसरा नं. 279/1/M,284/2, ग्राम- कुर्मापाली प.ह.नं.-18, आर.एन.एम.-किरोडीमल नगर, तहसील एवं जिला- रायगढ़ (छ.ग.) में स्थित है, जो श्रीमती निशा अग्रवाल पति सुभाष अग्रवाल के नाम पर पंजीकृत है, जिसका कुल क्षेत्रफल 0.178 हेक्टेयर है। (सांकेतिक कब्ज़ा)<br>F. कमर्शियल प्रॉपर्टी : परिवर्तित खुली भूमि, जिसका खसरा नं. 450/2/Kh. ग्राम-कुर्मापाली प.ह.नं.-18, आर.एन.एम.-किरोडीमलनगर, तहसील एवं जिला- रायगढ़ (छ.ग.) में स्थित है, जो श्रीमती निशा अग्रवाल पति सुभाष अग्रवाल के नाम पर पंजीकृत है, जिसका कुल क्षेत्रफल 0.077 हेक्टेयर है। (सांकेतिक कब्ज़ा)<br>G. कमर्शियल प्रॉपर्टी : परिवर्तित (गोडाऊन) भूमि और भवन, जिसका खसरा नं. 275/2, 275/3, 275/4, 279/1/T, 285/1, 290/8, कुल खसरा नं. 6, ग्राम-कुरमापाली प.ह.नं.-18, आर.एन.एम.-किरोड़ीमलनगर, तहसील और जिला- रायगढ़ (छ.ग.) में स्थित है, जो श्रीमती निशा अग्रवाल पति सुभाष अग्रवाल के नाम पर पंजीकृत है, कुल क्षेत्रफल 0.536 हेक्टेयर (57695.00 वर्ग फीट) है। (सांकेतिक कब्ज़ा)<br>H. कमर्शियल प्रॉपर्टी : औद्योगिक खुला प्लॉट जिसका खसरा नं. 450/1, ग्राम- कुर्मापाली प.ह.नं.-18, आर.एन.एम.-किरोडीमलनगर, तहसील और जिला- रायगढ़ (छ.ग.) में स्थित है, मेसर्स मां दुर्गा फूड प्रोडक्ट्स के नाम पर पंजीकृत कुल क्षेत्रफल 0.085 हेक्टेयर। (सांकेतिक कब्ज़ा)<br>I. कमर्शियल प्रॉपर्टी : फ्रीहोल्ड औद्योगिक परिवर्तित भूमि (वैयर हाऊस) स्थित जिसका खसरा नंबर 291/1/Kh, 290/6/k, 290/7, 290/6/Kh, कुल खसरा नं. 4, ग्राम-कुर्मापाली, प.ह.नंबर-18, आर.एन.एम.-किरोडीमलनगर, तहसील और जिला-रायगढ़ (छ.ग.) स्थित है। मेसर्स मां दुर्गा फूड्स प्रोडक्ट के नाम पर पंजीकृत कुल क्षेत्रफल 0.437 हेक्टेयर (47037.00 वर्ग फीट)। (सांकेतिक कब्ज़ा) | A. ₹ 447.06<br>₹ 44.70<br>₹ 0.50<br>B. ₹ 235.24<br>₹ 23.52<br>₹ 0.50<br>C. ₹ 129.96<br>₹ 12.99<br>₹ 0.50<br>D. ₹ 132.92<br>₹ 13.29<br>₹ 0.50<br>E. ₹ 36.87<br>₹ 3.68<br>₹ 0.25<br>F. ₹ 16.80<br>₹ 1.68<br>₹ 0.25<br>G. ₹ 201.25<br>₹ 20.12<br>₹ 0.50<br>H. ₹ 18.57<br>₹ 1.85<br>₹ 0.25<br>I. ₹ 198.53<br>₹ 19.85<br>₹ 0.50 | अ)12.02.2025<br>ब) 16.05.2025<br>स)₹1793.33 |

ई- ऑक्शन की तारीख और समय 09.09.2025 सुबह 11.00 से सायं 05.00 बजे सीमा रहित 5 मिनट के अंतराल के एक्स्टेंशन के साथ, प्रत्येक निरीक्षण की तारीख और समय - 02.08.2025 से 08.09.2025 सुबह 11.00 से दोपहर 03.00 बजे के बीच कार्यालयीन दिवस में.

**नोटः-कोई भी बोलीकर्ता/ इच्छुक पक्ष प्लांट एवं मशीनरी के लिये बोली लगा सकता है, परंतु भूमि एवं भवन के लिये बोली लगाने हेतु, बोलीदाता को प्लांट और मशीनरी के लिये अनिवार्य बोली लगानी पड़ेगी क्योंकि किसी भी परिस्थिति में भूमि एवं भवन को स्वतंत्र रूप से बोली नहीं लगायी जा सकती।**

उधारकर्ताओं/बंधक-कर्ताओं को 15/30 दिन का बकाया सूचना
उपरोक्त उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं को यह सूचित किया जाता है की सूचना पत्र में उल्लेखित राशि को मय ब्याज एवं खर्चो के नीलामी से पूर्व जमा करवा दें अन्यथा बंधक रखी संपत्ति की नीलामी ऊपर दर्शायी गई दिनांक को कर दी जावेगी, उसके पश्चात् शेष राशि के लिए अलग से वसूली की जावेगी।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -विधानसभा शाखा-श्री लोकेश कुमार-82942 15566, रायपुर शाखा - श्री सौम्य द्विवेदी-96929 02084, रायगढ़ शाखा- जे.पी. तिवारी-9918000819, एआरबी (रायपुर) शाखा - श्री सूरज कुमार-7717741309, अभनपुर शाखा - श्री जय कुमार सोनी-8109310025, पदमनाभपुर शाखा - श्री ललित सिंघ-8084326918, ई.एम.डी. भुगतान तथा तकनीकी जानकारी के लिए जोनल अधिकारी - श्री रामा राव, मोबाईल - 99084 84996.**

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें 1. नीलामी बिक्री/बोली, वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://baanknet.com में जा कर "Guidelines" देख सकते हैं। 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4. सर्वाधिक/सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ाई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृत/सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं baanknet के द्वारा वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. सम्पत्ति का **जैसा है, जहाँ है** एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। **8. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने/टालने रद्द करने अथवा बिक्री की नियम व शर्तों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है।** 9. सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, दर व देयक वहन करना होगा। 10. देय राशि ब्याज और अन्य शुल्कों को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संशोधन/त्रुटि सुधार/शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक नियमित रूप से ऊपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई डी-व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई.डी. अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फॉर्म में उद्धत बोली राशि में न्यूनतम एक बोली वृद्धि मूल्य की बढोत्तरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थगित किया जायेगा।

स्थान: रायपुर
दिनांक: 02.08.2025

किसी भी तरह की विवाद की स्थिति में इस ई-नीलामी जो कि दिनांक 02.08.2025 टाईम्स ऑफ इंडिया, रायपुर का अंग्रेजी संस्करण के प्रकाशन ही मान्य होगा।

अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक
बैंक ऑफ इंडिया

ASA

न्यूयार्क। क्या आपने कभी सोचा है कि कैसा हो अगर हमेशा के लिए जिंदा रहा जा सके? अभी तक तो ये सिर्फ ख्यालों तक ही सीमित था, लेकिन गूगल के पूर्व इंजीनियर रे कुर्जवील ने बहुत ही हैरान करने वाला दावा किया है। उनका कहना है कि 2030 तक इंसान अमर हो सकता है।

# 2030 तक इंसानों को अमर कर देगी ये खास तकनीक

कुर्जवील ने पहले भी 147 भविष्यवणियां की हैं, जिसमें 86% से ज्यादा सच हुई हैं। इसलिए उनकी इस बात पर ध्यान देना जरूरी है, उनका दावा है कि 2030 तक, मतलब अगले 5 सालों में इंसान अमर हो सकता है। दरअसल, रे कुर्जवील कम्प्यूटर वैज्ञानिक हैं. जिन्हें 1999 में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी पदक भी मिल चुका है।

### कब की थी भविष्यवाणी?

कुर्जवील की पुरानी किताब 'द सिंगुलैरिटी इज़ नियर' में लिखा था कि 2030 तक तकनीक इतनी आगे बढ़ जाएगी कि इंसान हमेशा के लिए जिंदा रह पाएगा। इसके लिए उन्होंने जेनेटिक, नैनो तकनीक और रोबोटिक्स जैसी चीजों का जिक्र किया है।

## गूगल के पूर्व वैज्ञानिक का चौंकाने वाला दावा





### कौन सी भविष्यवाणी हुई थी सच?

इससे पहले भी उन्होंने सन 1990 में भविष्यवाणी की थी कि, 2000 तक कोई भी इंसान शतरंज में कंप्यूटर को मात नहीं दे पाएगा। उनकी ये बात 1997 में ही सच साबित हो गई जब डीप ब्लू नाम के कंप्यूटर ने उस समय के सबसे बड़े शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव को हरा दिया था।

### ये कैसे होगा पॉसिबल?

कुर्जवील के मुताबिक नैनोटेक्नोलॉजी और रोबोटिक्स की मदद से हम नैनोबॉट्स बना पाएंगे। ये नैनोबॉट हमारे शरीर में उन सेल्स और टिश्यू को लगातार ठीक करते रहेंगे जो बढ़ती उम्र के साथ खराब होने लगते हैं। इसकी मदद से हम कई सारी जानलेवा बीमारियों से बच पाएंगे। यह पहली बार नहीं है जब कुर्जवील ने इतनी बड़ी भविष्यवाणी की है।



### और क्या भविष्यवाणियां की थीं?

इसके अलावा 1999 में कुर्जवील ने कहा था कि, 2023 तक 1000 डॉलर के लैपटॉप में उतनी ही जानकारी जमा कर पाएगा जितना की एक इंसानी दिमाग में होती है। साथ ही उन्होंने यह भी अनुमान लगाया था कि 2010 तक दुनिया के ज्यादातर हिस्से में तेज वायरलेस इंटरनेट मौजूद हो जाएगा। एक इंटरव्यू में कुर्जवील ने कहा था कि 2029 तक कंप्यूटर इंसानों जितना ही स्मार्ट हो जाएगा। आज, 2025 में हम देख सकते हैं कि उनकी यह भविष्यवाणियां सच साबित होती नजर आ रही हैं। सिलिकॉन वाली की बड़ी-बड़ी कंपनियां एआई को रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल करने के लिए तेजी से काम कर रही हैं।

## रोचक खबरें

# 40 साल से 10वीं में अटका मोहन! रोज स्कूल जाता, फिर भी फेल, टीचर्स भी हैरान



पटना। बिहार के एक छात्र की कहानी ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। यह छात्र, जिसका नाम मोहन बताया जा रहा है, पिछले 40 साल से 10वीं कक्षा में पढ़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि मोहन एक भी दिन स्कूल में अनुपस्थित नहीं रहा, लेकिन इसके बावजूद वह आज तक अपनी बोर्ड परीक्षा में पास नहीं हो सका।

उसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपनी इस अनोखी कहानी को बयां कर रहा है। मोहन, जो अब लगभग 55 साल का है, बिहार के सिवान जिले के एक सरकारी स्कूल में पढ़ता है। उसने 1985 में पहली बार 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दी थी, लेकिन वह पास नहीं हो सका। इसके बाद हर साल उसने परीक्षा देने की कोशिश की, लेकिन नतीजा वही रहा-फेल। वायरल वीडियो में मोहन ने बताया, 'मैंने कभी स्कूल छोड़ा नहीं। रोज सुबह उठता हूं, स्कूल जाता हूं, टीचर की बात सुनता हूं, लेकिन समझ नहीं आता कि पास क्यों नहीं हो पाता।' मोहन की यह कहानी सुनकर लोग हैरान हैं कि आखिर इतने सालों तक एक ही कक्षा में पढ़ने का जुनून कहां से आया? यह वीडियो सबसे पहले एक स्थानीय यूट्यूबर ने बनाया, जो सिवान के स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई के बारे में कंटेंट बनाता था।

### शिक्षा व्यवस्था पर सवाल

मोहन की कहानी ने बिहार की शिक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर कोई छात्र इतने सालों तक फेल हो रहा है, तो यह सिर्फ उसकी नाकामी नहीं, बल्कि सिस्टम की खामियों को भी दर्शाता है। शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. रमेश शर्मा ने कहा, यह मामला गंभीर है। अगर मोहन को पढ़ाई में दिक्कत थी, तो स्कूल को उसे विशेष सहायता देनी चाहिए थी। 40 साल तक एक ही कक्षा में रहना शिक्षा व्यवस्था की विफलता है। कुछ लोगों ने यह भी अनुमान लगाया कि मोहन को पढ़ाई में कठिनाई या कोई मानसिक स्वास्थ्य समस्या हो सकती है, जिसे स्कूल ने नजरअंदाज किया।

# 2000 रुपए लीटर है इस गाय का दूध स्वाद में रबड़ी-मलाई भी है फेल

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में पुंगनूर गाय का दूध काफी लोकप्रिय है। यह पूरी रांची में सिर्फ और सिर्फ कांके में ही मिलता है। यही कारण है कि लोग 25 किमी दूर से सिर्फ दूध को लेने आ रहे हैं, लेकिन लोगों के मन सवाल उठता है कि आखिर इसमें में ऐसा है क्या कि लोग इतने दूर से ही दौड़े चले आते हैं। दरअसल, यह दूध पीने में इतना स्वादिष्ट है कि एक बार आपको उसका टेस्ट लग गया तो फिर आपको दूसरा दूध पसंद नहीं आएगा।



दूध के संचालक शेखावत अली बताते हैं कि हम लोग यह गाय खासतौर पर आंध्र प्रदेश से लाए हुए हैं। जब से यूपी के सीएम योगी और पीएम मोदी ने इस गाय के बारे में कहा है, तो हम लगा क्यों ना हम भी उनके कहे अनुसार गाय पालें. आज भी उनके पास बहुत सारे घोड़े हैं। उन्होंने एक घोड़े की जगह पर एक गाय ही लेकर आए हैं। इस गाय का दूध लोगों को खूब पसंद आ रहा है। इसका दूध रबड़ी जैसा है। शेखावत अली ने बताया कि इस गाय का जो दूध होता है। अगर पी लें तो आपको लगेगा कि आप मलाई पी रहे हैं। इसका दूध मलाई से कम स्वादिष्ट नहीं है। वहीं, रांची के आयुर्वेदिक डॉ. वीके पांडे बताते हैं कि इस गाय का दूध पौष्टिक से भरा हुआ है। इसमें विटामिन ए, बी, सी, जिंक पोटैशियम, मैग्निशियम, कैल्शियम से प्रचुर मात्रा में भरा है। खासतौर पर कैल्शियम तो इसमें साधारण गाय के दूध के मुकाबले चार गुना अधिक होता है। ऐसे में जिस व्यक्ति को हड्डी में दर्द की शिकायत है या हड्डी से कट-कट की आवाज आती है या फिर कमर में दर्द रहता है। उनके लिए यह काफी कारगर है।

खून किसी मानव या कहें तो जीवित प्राणी का बहुत ही जरूरी और अभिन्न हिस्सा होता है। दुनिया में कितने लोग खून ना मिल पाने की वजह से मारे जाते हैं, लेकिन आने वाले कुछ ही समय में ऐसा होना रोका जा सकेगा।



# वायरस फ्री है और किसी भी ब्लड ग्रुप को चढ़ाया जा सकता है ये खून

एजेंसी ▸▸ टोक्यो

जापान ने एक ऐसा खून बना दिया है जो मेडिसिन के फील्ड में एकदम गेम चेंजर साबित होगा। आपको बता दें कि ये खून बैगनी रंग का होगा और इस आर्टिफिशियल खून को हीमोग्लोबिन वेसिकल्स के नाम से जाना जाता है।

### कैसे काम करता है ये खून

ये आर्टिफिशियल खून हमारे शरीर में ऑक्सीजन को हर हिस्से तक पहुंचा सकता है। ये सेल्स को स्टोर करके ऑक्सीजन को शरीर में हर जगह तक पहुंचाता है। आपको बता दें कि इस तकनीक में लिपिड मेम्ब्रेन में लिपटे हुए नैनो-आकार के हीमोग्लोबिन के कणों का उपयोग होता है और यह 250 नैनोमीटर की आर्टिफिशियल सेल्स की तरह काम करता है।



### किसको दिया जा सकता है ये खून

आपको बता दें कि इस ब्लड को अगर यूनिवर्सल ब्लड कहें तो यह कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा। यह बल्ड किसी भी ब्लड ग्रुप जैसे ए,बी, एबी, ओ वाले लोगों को दिया जा सकता है। इस ब्लड में किसी भी तरह का वायरस नहीं होता है इसी वजह से एचआईवी या हेपेटाइटिस जैसी समस्या का खतरा भी दूर रहता है।



### कब तक हो सकता है स्टोर

इस खून के बारे में हैरान कर देने वाली बात ये है कि इस आर्टिफिशियल पर्पल खून को सामान्य रूम टेंपरेचर पर 2 साल तक सुरक्षित किया जा सकता है। वहीं, अगर सामान्य खून सिर्फ 42 दिनों तक ही सेफ रह सकता है। यह कृत्रिम खून मानव जीवन के लिए किसी जादू से कम नहीं है।

### इमरजेंसी में है जीवन रक्षक

इस ब्लड को आसानी से कमरे के सामान्य तापमान पर रखा जा सकता है और इसे कहीं भी ले जाया जा सकता है। इसलिए इसका इस्तेमाल किसी भी आपदा में किया जा सकता है। यह सेना और आपदा राहत और अस्पताल के लिए बहुत ही कारगर साबित हो सकता है।

# 30 साल तक फ्रीजर में रखा था भ्रूण.. फिर बच्चे ने लिया जन्म

वॉशिंगटन। मेडिकल साइंस ने एक और चमत्कार कर दिखाया है। अमेरिका में एक ऐसा बच्चा जन्मा है, जो 30 साल से भी अधिक समय से फ्रीज किए गए भ्रूण से विकसित हुआ है। थाडियस डेनियल पियर्स नामक यह बच्चा 26 जुलाई को जन्मा और अब वह दुनिया का 'सबसे पुराना भ्रूण' से जन्म लेने वाला बच्चा बन गया है।

**1994 में तैयार किए गए भ्रूण :** असल में अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक थाडियस की मां लिंडसे पियर्स और उनके पति टिम पियर्स ने 1994 में तैयार किए गए एक भ्रूण को गोद लिया था। लिंडसे ने बताया कि हमारे लिए यह किसी साइंस फिक्शन फिल्म जैसा है। जन्म के वक्त थोड़ी परेशानी जरूर हुई, लेकिन अब हम दोनों स्वस्थ हैं और बेहद खुश हैं।



■ मेडिकल साइंस ने किया करिश्मा

**1994 में आईवीएफ तकनीक से :** इस भ्रूण की असली माता लिंडा आर्चर्ड है। जिन्होंने 1994 में IVF तकनीक से चार भ्रूण बनवाए थे, उन्हीं में से यह एक भ्रूण था। उस समय एक भ्रूण को उनके गर्भ में प्रत्यारोपित किया गया, जिससे एक स्वस्थ बच्ची का जन्म हुआ। जो अब खुद 30 साल की हो चुकी है। बाकी तीन भ्रूणों को क्रायोप्रिजर्व करके फ्रीज में रखा गया था।

**कई संस्थानों ने इतने पुराने भ्रूण को लेने से किया मना :** लिंडा आर्चर्ड ने कभी सोचा था कि शायद भविष्य में इन भ्रूणों का इस्तेमाल खुद करेंगी। लेकिन, समय के साथ ऐसा नहीं हो सका।मेनोपॉज के बाद उन्होंने फैसला किया कि वे इन भ्रूणों को किसी जान-पहचान वाले परिवार को देंगी। ताकि वह यह जान सकें कि बच्चा कहां और किनके साथ पल रहा है।

# सदी का सबसे लंबा पूर्ण सूर्यग्रहण की नासा ने बताई सही तारीख

वॉशिंगटन। आज के सोशल मीडिया युग में वायरल रील से लेकर कोई अनोखी घटना सनसनी बनने से कहां बची रह पाती है। ऐसे में जब बात सदी के सबसे लंबे सूर्यग्रहण की हो तो कहां कोई पीछे रहने वाला है। लेकिन, इस सनसनी ने अब एक बड़ा भ्रम पैदा कर दिया है। ये भ्रम 2 अगस्त की तारीख को लेकर है, क्योंकि सोशल मीडिया पर दावा वायरल हो गया है कि 2 अगस्त 2025 को पूर्ण सूर्यग्रहण होने जा रहा है। हालांकि, यह दावा सच नहीं है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने साफ कर दिया है कि पूर्ण सूर्य ग्रहण 2 अगस्त को तो है, लेकिन वह इस साल यानी 2025 में नहीं हो रहा है। दिलचस्प बात ये है कि ये सदी का सबसे लंबा पूर्ण सूर्यग्रहण होगा, जिस दौरान 6 मिनट से ज्यादा समय तक अंधेरा छाया रहेगा।

**सबसे लंबा पूर्ण सूर्यग्रहण कब :** नासा ने बताया है कि पूर्ण सूर्यग्रहण 2 अगस्त 2027 को होगा। इस ग्रहण की काफी चर्चा है, क्योंकि 1991 से 2114 के बीच धरती से दिखाई देने वाला सबसे लंबा पूर्ण सूर्यग्रहण होगा, जो इसे सदी का ग्रहण बनाता है। ग्रहण अपने चरम पर अविश्वसनीय रूप से 6 मिनट 22 सेकंड तक चलेगा, जो अधिकांश पूर्ण सूर्यग्रहणों की लंबाई के दोगुने से भी ज्यादा है। इस दौरान ग्रहण की छाया पृथ्वी के जिस हिस्से से गुजरेगी, वहां दिन में अंधेरा हो जाएगा।



### इतना लंबा सूर्यग्रहण क्यों?

कई खगोलीय स्थिति मिलकर इस अनोखे लंबे सूर्य ग्रहण का निर्माण करेंगी। इस दौरान पृथ्वी सूर्य से अपने सबसे दूर बिंदु अपहेलियन पर होगी, जिसके चलते सूर्य का आकार छोटा दिखाई देगा। वहीं, चंद्रमा पृथ्वी के सबसे निकटतम बिंदु पेरिजी पर स्थित होगा, जिसके वह बड़ा दिखाई देगा। इस संयोग के चलते चंद्रमा अधिक समय तक सूर्य की छाया को अवरुद्ध करेगा। इसके लंबा होने की एक और दिलचस्प वजह है कि ग्रहण भूमध्य रेखा के पास से गुजरेगा, जहां चंद्रमा की छाया पृथ्वी की सतह से धीमी चलती है।


### भारत में नजर आएगा पूर्ण सूर्यग्रहण?

2 अगस्त 2027 को होने वाले पूर्ण सूर्यग्रहण मिस्र, जिब्राल्टर, लीबिया, मोरक्को, सऊदी अरब, सोमालिया, स्पेन, सूडान, ट्यूनीशिया, यमन और अफगानिस्तान समेत कई देशों में दिखाई देगा। इसके अलावा कई देशों में आंशिक सूर्यग्रहण भी देखा जाएगा। भारत में रहने वाले अंतरिक्ष प्रेमियों के लिए निराश होने वाली खबर है, क्योंकि इसे उपमहाद्वीप में नहीं देखा जा सकेगा। हालांकि, नासा और दूसरी स्पेस एजेंसियां ग्रहण का लाइव टेलीकास्ट करती हैं, जिसके जरिए इसे देखा जा सकता है।

# बच्चों को पालते-पालते थकी, एआई को बना दिया दूसरी मां

ज्यूरिख। जब से टेक्नोलॉजी में बढ़त हुई है, तब से ही लोगों की जिंदगी आसान हो गई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आ जाने से लोगों की लाइफ में और भी सुधार होता जा रहा है। एक महिला ने इसका फायदा उठाते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपने बच्चों की दूसरी मां घोषित कर दिया है। उसने तकनीक का गजब इस्तेमाल किया है। थकान और मानसिक बोझ से जूझ रही एक मां ने अनोखा रास्ता अपनाया है, उसने चैटजीपीटी को अपना सहायक 'को-पैरेंट' बना लिया है। 33 वर्षीय लिलियन श्मिट, जो ज्यूरिख (स्विट्ज़रलैंड) की एक कॉर्पोरेट ब्रांड स्ट्रैटेजिस्ट हैं, बताती हैं कि वह थकावट भरी दिनचर्या से परेशान थीं।












हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com